

Chapter
19
# *d* एवं *f*–ब्लॉक के तत्व

## *d*- ब्लॉक तत्व (*d*-Block elements)

संक्रमण तत्वों को इस तरह से परिभाषित कर सकते हैं कि तत्व जिनके परमाणु (मूल अवस्था में) अथवा आयनों (सामान्य ऑक्सीकरण अवस्था में) की उपान्तिम कक्षा में **अपूर्ण *d*-उपकोश** होता है, **जिसमें 1 से 9 तक इलेक्ट्रॉन** होते हैं। इन्हें संक्रमण तत्व इस तथ्य के कारण कहते हैं क्योंकि ये अधिक धनविद्युती (*s*-ब्लॉक) एवं अधिक ऋणविद्युती (*p*-ब्लॉक) तत्वों के बीच होते हैं और उनमें संक्रमण प्रदर्शित करते हैं। इन तत्वों का **सामान्य इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास** $(n-1)^{0 \text{ से } 10}\ ns^{0,1 \text{ या } 2}$ होता है।

संक्रमण धातुओं की परिभाषा में $Zn, Cd$ एवं $Hg$ शामिल नहीं है क्योंकि इनमें *d*-कक्षक पूर्णभरा होता है। इनकी सामान्य ऑक्सीकरण अवस्था $Zn^{++}, Cd^{++}, Hg^{++}$. है। ये संक्रमण तत्वों के लक्षण भी प्रदर्शित नहीं करते। समूह 3 के तत्व (*Sc, Y, La* एवं *Ac*) एवं समूह 12 के तत्व ( $Zn, Cd, Hg$ ) **अप्रारूपी संक्रमण तत्व** (Non-typical transition elements) **कहलाते हैं।**

सारणी : 19.1 *प्रथम संक्रमण श्रेणी अथवा 3d-श्रेणी*

| तत्व | संकेत | परमाणु क्रमांक | इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास |
|---|---|---|---|
| स्कैन्डियम | *Sc* | 21 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| टाइटेनियम | *Ti* | 22 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| वेनेडियम | *V* | 23 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| क्रोमियम | *Cr* | 24 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| मैंग्नीज | *Mn* | 25 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| आयरन | *Fe* | 26 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| कोबाल्ट | *Co* | 27 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| निकिल | *Ni* | 28 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| कॉपर | *Cu* | 29 | [*Ar*] 3*d*4*s* |
| जिंक | *Zn* | 30 | [*Ar*] 3*d*4*s* |

3 *d*-कक्षक भरते हुये ↓

सारणी : 19.2 *द्वितीय संक्रमण श्रेणी अथवा 4d-श्रेणी*

| तत्व | संकेत | परमाणु क्रमांक | इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास |
|---|---|---|---|
| इट्रियम | *Y* | 39 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| जिरकोनियम | *Zr* | 40 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| नियोबियम | *Nb* | 41 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| मॉलिब्डिनम | *Mo* | 42 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| टेक्नीशियम | *Tc* | 43 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| रुथेनियम | *Ru* | 44 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| रोडियम | *Rh* | 45 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| पैलेडियम | *Pd* | 46 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| सिल्वर | *Ag* | 47 | [*Kr*] 4*d*5*s* |
| कैडमियम | *Cd* | 48 | [*Kr*] 4*d*5*s* |

4*d*-कक्षक भरते हुये ↓

सारणी : 19.3 तृतीय संक्रमण श्रेणी अथवा 5d-श्रेणी :

| तत्व | संकेत | परमाणु क्रमांक | इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास |
|---|---|---|---|
| लैन्थेनम | *La* | 57 | [*Xe*] 5*d*6*s* |
| हेफनियम | *Hf* | 72 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| टेन्टेलम | *Ta* | 73 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| टंग्सटन | *W* | 74 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| रेहनियम | *Re* | 75 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| ऑस्मियम | *Os* | 76 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| इरीडियम | *Ir* | 77 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| प्लेटिनम | *Pt* | 78 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| गोल्ड | *Au* | 79 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |
| मरकरी | *Hg* | 80 | [*Xe*] 4*f*5*d*6*s* |

5*d*-कक्षक भरते हुये ↓

**सारणी : 19.4** ***चतुर्थ संक्रमण श्रेणी अथवा 6d-श्रेणी***

| तत्व | संकेत | परमाणु क्रमांक | इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास |
|---|---|---|---|
| एक्टिनियम | *Ac* | 89 (6d-कक्षक भरते हुए ↓) | $[Rn]\ 6d^1 7s^2$ |
| रदरफोर्डियम | *Rf* | 104 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^2 7s^2$ |
| हाहनियम | *Ha* | 105 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^3 7s^2$ |
| सिबोर्जियम | *Sg* | 106 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^4 7s^2$ |
| बोहरियम | *Bh* | 107 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^5 7s^2$ |
| हेसियम | *Hs* | 108 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^6 7s^2$ |
| माइटनेरियम | *Mt* | 109 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^7 7s^2$ |
| उनउनिलियम | *Uun* | 110 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^8 7s^2$ |
| उनउनिनियम | *Uuu* | 111 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^9 7s^2$ |
| उनुबियम | *Uub* | 112 | $[Rn]\ 5f^{14} 6d^{10} 7s^2$ |

चिन्हित तत्वों का अभिविन्यास अपसामान्य होता है। ये नाभिक इलेक्ट्रॉन एवं इलेक्ट्रॉन-इलेक्ट्रॉन बल तथा अर्द्ध भरे एवं पूर्ण भरे कक्षक के स्थायित्व जैसे कारकों से सम्बन्धित है।

सभी संक्रमण तत्व *d* ब्लॉक तत्व कहलाते हैं किन्तु सभी *d* ब्लॉक तत्व संक्रमण तत्व नहीं है।

## *d*-ब्लॉक तत्वों के भौतिक एवं रासायनिक गुण
## (Physico-chemical properties of d-block elements)

(1) **परमाणु त्रिज्या** (Atomic radii) **:** 3*d*-श्रेणी के तत्वों की परमाणु त्रिज्या पड़ोसी *s* एवं *p*-ब्लॉक तत्वों की अपेक्षा कम होती है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *K* | *Ca* | *Sc* | *Ti* | *V* | *Cr* | *Mn* |
| 227 | 197 | 144 | 132 | 122 | 117 | 117 |
| *Fe* | *Co* | *Ni* | *Cu* | *Zn* | *Ga* | *Ge* |
| 117 | 116 | 115 | 117 | 125 | 135 | 122 |

* pm इकाईयों में

संक्रमण तत्वों की परमाणु त्रिज्या निम्न लक्षण प्रदर्शित करती है,

(i) किसी भी श्रेणी में *d*-ब्लॉक तत्वों की परमाणु त्रिज्या एवं परमाणु आयतन परमाणु क्रमांक में वृद्धि के साथ घटते हैं। किन्तु ये कमी नियमित नहीं है। परमाणु त्रिज्या के न्यूनतम मान तक पहुँचने की प्रवृत्ति श्रेणी के मध्य के पास होती है, और श्रेणी के अन्त की ओर इसका मान थोडा सा बढ़ता है।

***स्पष्टीकरण*** : जब हम किसी भी संक्रमण श्रेणी में बांये से दायीं ओर बढ़ते हैं, तो नाभिकीय आवेश धीरे-धीरे प्रत्येक तत्व पर एक इकाई द्वारा बढ़ता है। जुड़ने वाले इलेक्ट्रॉन समान पेनल्टीमेट या उपान्तिम कोश (अन्तः *d*-कोश) में प्रवेश करते हैं। जुड़ने वाले ये इलेक्ट्रोन बाहरी कोश के इलेक्ट्रॉनों एवं नाभिकीय आवेश के बीच होने वाले आकर्षण को परिरक्षित करते हैं। बढ़ते नाभिकीय आवेश की प्रवृत्ति परमाणु आयतन को कम करती है जबकि इलेक्ट्रॉन जुड़ने की प्रवृत्ति परमाणु त्रिज्या का मान बढ़ाती है। श्रेणी की शुरुआत में *d*-कक्षकों में इलेक्ट्रॉनों की कम संख्या होने के कारण, बढे हुये नाभिकीय आवेश का प्रभाव अधिक हावी होता है, और इससे परमाणु त्रिज्या घटती है। श्रेणी में बाद में जब *d*-इलेक्ट्रॉनों की संख्या बढ़ती है, तब परिरक्षण प्रभाव बढता है एवं इलेक्ट्रॉनों के बीच प्रतिकर्षण बढ़ता है इस प्रवृत्ति से परमाणु त्रिज्या बढ़ती है। इसलिये श्रेणी के मध्य में कहीं पर परमाणु त्रिज्या की प्रवृत्ति का न्यूनतम मान प्रेक्षित किया गया।

(ii) जब हम प्रत्येक समूह में नीचे आते हैं तो परमाणु त्रिज्या बढ़ती है। किन्तु तृतीय संक्रमण श्रेणी में हाफनियम (*Hf*) एवं उसके आगे, के तत्वों की परमाणु त्रिज्या द्वितीय संक्रमण श्रेणी तत्वों की परमाणु त्रिज्या के लगभग बराबर होती है।

***स्पष्टीकरण*** : परमाणु त्रिज्या समूह में नीचे आने पर बढ़ती है। ऐसा समूह मे नीचे आने पर प्रत्येक नये तत्व में एक अतिरिक्त कोश के जुड़ने के कारण होता है। द्वितीय एवं तृतीय संक्रमण श्रेणी तत्वों की लगभग समान त्रिज्या एक विशिष्ट प्रभाव के कारण होती है। जिसे **लैन्थेनाइड संकुचन** (Lanthanide contraction) कहते हैं।

(2) **आयनिक त्रिज्या** (Ionic radii) **:** समान आवेश वाले आयनों के लिये, संक्रमण तत्वों की दी गई श्रेणी में परमाणु क्रमांक में वृद्धि के साथ परमाणु त्रिज्या धीरे-धीरे घटती है।

| तत्व (*m*): | आयनिक त्रिज्या, $(M^{2+})/pm$: | $Pm:(M^{3+})/pm$: |
|---|---|---|
| *Sc* | – | 81 |
| *Ti* | 90 | 76 |
| *V* | 88 | 74 |
| *Cr* | 84 | 69 |
| *Mn* | 80 | 66 |
| *Fe* | 76 | 64 |
| *Co* | 74 | 63 |
| *Ni* | 72 | – |
| *Cu* | 69 | – |
| *Zn* | 74 | – |

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण तत्वों की श्रेणी में आयनिक त्रिज्या के मानों में क्रमिक कमी **प्रभावी नाभिकीय आवेश** में वृद्धि के कारण होती है।

(3) **आयनन ऊर्जा** (Ionisation energies) **:** प्रथम संक्रमण श्रेणी के तत्वों की आयनन ऊर्जा नीचे दी गई है।

| तत्व | $I_1$ | $I_2$ | $I_3$ |
|---|---|---|---|
| Sc | 632 | 1245 | 2450 |
| *Ti* | 659 | 1320 | 2721 |
| *V* | 650 | 1376 | 2873 |
| *Cr* | 652 | 1635 | 2994 |
| *Mn* | 716 | 1513 | 3258 |
| *Fe* | 762 | 1563 | 2963 |
| *Co* | 758 | 1647 | 3237 |
| *Ni* | 736 | 1756 | 3400 |
| *Cu* | 744 | 1961 | 3560 |
| *Zn* | 906 | 1736 | 3838 |

* $kJ\ mol^{-1}$ में

उपरोक्त आयनन ऊर्जा के मानों से निम्न जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती हैं।

(i) इन तत्वों की आयनन ऊर्जा उच्च होती है और अधिकांश प्रकरणों में इसका मान *s*- एवं *p*-ब्लॉक तत्वों के बीच का होता है। ये निर्देशित करता है कि संक्रमण तत्व *s*-ब्लॉक तत्वों की अपेक्षा कम धनविद्युती होते हैं।

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण धातुओं की क्षारीय धातुओं की अपेक्षा परमाण्विक आकार एवं उच्च नाभिकीय आवेश होता है। ये दोनों कारक आयनन ऊर्जा के मान में वृद्धि को प्रवर्तित करते हैं, जैसा प्रेक्षित किया गया है।

(ii) किसी भी संक्रमण श्रेणी में आयनन ऊर्जा परमाणु क्रमांक में वृद्धि के साथ बढ़ती है, किन्तु ये वृद्धि सतत् नहीं है और उतनी स्पष्ट नहीं है जितनी कि *s* एवं *p*-ब्लॉक तत्वों के प्रकरण में देखी गयी है।

***स्पष्टीकरण*** : श्रेणी के प्रारम्भ में परमाणु क्रमांक के साथ नाभिकीय आवेश में वृद्धि के कारण आयनन ऊर्जा बढ़ती है। धीरे-धीरे, जुड़ने वाले इलेक्ट्रॉनों का परिरक्षण प्रभाव भी बढ़ता है। यह **परिरक्षण प्रभाव** नाभिकीय आवेश के कारण उत्पन्न आकर्षण को कम करता है। ये दो विपरीत कारक

किसी भी संक्रमण श्रेणी में आयनन ऊर्जाओं के मान में क्रमिक वृद्धि को स्पष्ट करते हैं।

(iii) 5 *d*-श्रेणी के तत्वों की प्रथम आयनन ऊर्जा 3*d* एवं 4*d* श्रेणियों के तत्वों की अपेक्षा बहुत अधिक है।

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण तत्वों की 5*d*-श्रेणी में, लैन्थेनम (*La*) के बाद, के तत्वों में जुड़ने वाला इलेक्ट्रॉन 4*f* कक्षक में जाता है। 4*f* इलेक्ट्रॉनों में दुर्बल परिरक्षण प्रभाव होता है। इसके परिणामस्वरूप बाहरी इलेक्ट्रॉन अधिक नाभिकीय आकर्षण महसूस करते हैं। यह संक्रमण तत्वों की 5*d*-श्रेणी के लिये उच्च आयनन ऊर्जाओं को अग्रित करता है।

(4) **धात्विक लक्षण** (Metallic character) **:** सभी संक्रमण तत्व धातु हैं। ये कठोर एवं ऊष्मा तथा विद्युत के अच्छे चालक होते हैं। ये सभी धातुएँ आघातवर्धनीय, तन्य होती हैं और अन्य धातुओं के साथ मिश्रित यौगिक बनाती हैं। ये तत्व तीन प्रकारों में पाये जाते हैं उदाहरण, फलक केन्द्रित घनीय (*fcc*), षट्कोणीय बन्द संकुलित (*hcp*) एवं अन्तः केन्द्रित घनीय (*bcc*), संरचना।

संक्रमण तत्व अपने परमाणुओं के बीच सहसंयोजी बन्ध एवं धात्विक बन्ध दोनों को प्रदर्शित करते हैं।

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण तत्वों की आयनन ऊर्जा बहुत अधिक नहीं होती। इनके परमाणुओं के बाहरी कोश में कई रिक्त, **आंशिक भरे कक्षक** होते हैं। ये लक्षण इन तत्वों को धात्विक प्रकृति का बनाते हैं। इन धातुओं की कठोरता इन धातुओं में सहसंयोजी बन्धों की उपस्थिति को प्रस्तावित करती है। अपूरित *d*-कक्षकों की उपस्थिति सहसंयोजी बन्धन का पक्ष लेती हैं। इन धातुओं में धात्विक बन्धों को इन धातुओं की चालक प्रकृति के द्वारा निर्देशित किया जाता है। इसलिये, ये प्रदर्शित होता है कि संक्रमण तत्वों में सहसंयोजी एवं धात्विक बन्धन दोनों उत्पन्न होते हैं।

(5) **गलनांक एवं क्वथनांक** (Melting and Boiling point) **:** *Cd* एवं *Hg*, के अलावा अन्य संक्रमण तत्वों के गलनांक एवं क्वथनांक *s*-ब्लॉक एवं *p*-ब्लॉक तत्वों की अपेक्षा अत्यधिक उच्च होते हैं। किसी भी संक्रमण श्रेणी में गलनांक एवं क्वथनांक **पहले बढ़ते हैं** और उच्चतम से गुजरते हुए फिर **स्थिर रूप से घटते हैं**। इनका अधिकतम मान श्रेणी के लगभग मध्य में पाया जाता है।

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण तत्वों के परमाणु बन्द संकुलित होते हैं और प्रबल धात्विक बन्धों द्वारा एक साथ बन्धे रहते हैं जिनमें जानने योग्य सहसंयोजी लक्षण होता है। ये संक्रमण तत्वों के उच्च गलनांक एवं उच्च क्वथनांक को अग्रित करता है।

धात्विक बन्धों की प्रबलता परमाणु के बाहरी कोश में उपस्थित अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या पर निर्भर करती है। इस तरह किसी भी संक्रमण श्रेणी में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या जितनी अधिक होती है धात्विक बन्ध उतना ही अधिक प्रबल होता है, अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या पहले 1 से 5 तक बढ़ती है और फिर शून्य तक वापस घटती है। अधिकतम पाँच अयुग्मित इलेक्ट्रॉन *Cr* पर पाये जाते हैं (3*d* श्रेणी) इसके परिणामस्वरूप गलनांक एवं क्वथनांक पहले बढ़ते हैं और फिर घटते हैं तथा श्रेणी के मध्य के आसपास अधिकतम मान प्रदर्शित करते हैं।

***Zn, Cd*** एवं ***Hg*** के निम्न गलनांक उनके परमाणुओं में **अयुग्मित *d*-इलेक्ट्रॉनों** की अनुपस्थिति के कारण हो सकते हैं।

(6) **परमाणुकरण की एन्थैल्पी** (Enthalpies of atomization) **:** संक्रमण तत्व परमाणुकरण की उच्च एन्थैल्पी प्रदर्शित करते हैं।

***स्पष्टीकरण*** : ये इसलिये होता है क्योंकि इन तत्वों में परमाणु बन्द संकुलित होते हैं और एक दूसरे से प्रबल धात्विक बन्धों द्वारा बन्धे होते हैं। बाहरी कोश में इलेक्ट्रॉनों के अन्तराकर्षण के परिणामस्वरूप धात्विक बन्ध निर्मित होते हैं। संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या जितनी अधिक होती है, धात्विक बन्ध उतना ही प्रबल होता है।

(7) **ऑक्सीकरण अवस्था** (Oxidation state) **:** अधिकांश संक्रमण तत्व कई ऑक्सीकरण अवस्थायें प्रदर्शित करते हैं अर्थात्, ये अपने यौगिकों में परिवर्ती संयोजकता प्रदर्शित करते हैं। प्रथम संक्रमण श्रेणी तत्वों की कुछ सामान्य ऑक्सीकरण अवस्थायें नीचे सारणी में दी गई हैं।

***बाहरी इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास एवं 3d-तत्वों के लिये ऑक्सीकरण अवस्था***

| तत्व | बाहरी इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास | ऑक्सीकरण अवस्थायें |
|---|---|---|
| *Sc* | $3d\ 4s^2$ | + 2, + 3 |
| *Ti* | $3d^2 4s^2$ | + 2, + 3, + 4 |
| *V* | $3d^3 4s^2$ | + 2,+ 3,+ 4,+ 5 |
| *Cr* | $3d^5 4s^1$ | + 1, + 2, + 3, + 4, + 5, + 6 |
| *Mn* | $3d^5 4s^2$ | + 2, + 3, + 4, + 5, + 6, + 7 |
| *Fe* | $3d^6 4s^2$ | + 2, + 3, + 4, + 5, + 6 |
| *Co* | $3d^7 4s^2$ | + 2, + 3, + 4 |
| *Ni* | $3d^8 4s^2$ | + 2, + 3, + 4 |
| *Cu* | $3d^{10} 4s^1$ | + 1,+ 2 |
| *Zn* | $3d^{10} 4s^2$ | + 2 |

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण तत्वों का बाहरी इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास $(n-1)d^{1-10}ns^{1-2}$ है। चूँकि (*n*-1)*d* एवं *ns*-कक्षकों के ऊर्जा स्तर एक दूसरे के अत्यन्त नजदीक होते हैं, इसलिये *ns* एवं (*n*-1) *d*-दोनों के इलेक्ट्रॉन बन्धन उद्देश्य के लिये उपलब्ध रहते हैं। इसलिये इन तत्वों द्वारा प्रदर्शित ऑक्सीकरण अवस्थाओं की संख्या इनमें उपस्थित *d*-इलेक्ट्रॉनों की संख्या पर निर्भर करती है उदाहरण के लिये *Sc* का विन्यास $3d^14s^2$ है और ये + 2 ऑक्सीकरण अवस्था (केवल *s*-इलेक्ट्रॉन खोते हैं) एवं + 3 ऑक्सीकरण अवस्था (जब *d*-इलेक्ट्रॉन भी खोते हैं) प्रदर्शित कर सकते हैं। उच्चतम ऑक्सीकरण अवस्था जो इस समूह के किसी तत्व द्वारा प्रदर्शित की जा सके उसे *ns* एवं (*n* -1) *d*-इलेक्ट्रॉनों के कुल योग द्वारा दिया जाता है।

विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं का आपेक्षिक स्थायित्व इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास, बन्ध प्रकृति, रससमीकरणमितीय, जालक ऊर्जा एवं विलायकन ऊर्जाओं जैसे कारकों पर निर्भर करता है। उच्चतम ऑक्सीकरण अवस्थायें फ्लोराइडों एवं ऑक्साइडों में पायी जाती हैं क्योंकि फ्लोरीन एवं ऑक्सीजन उच्च ऋणविद्युती तत्व हैं। किसी भी संक्रमण धातु द्वारा प्रदर्शित उच्चतम ऑक्सीकरण अवस्था आठ है। ऑक्सीकरण अवस्था आठ ***Ru* एवं *Os*** द्वारा प्रदर्शित की जाती है।

सामान्य ऑक्सीकरण अवस्थाओं के परीक्षण से निम्न निष्कर्षण निकलते हैं,

(i) बन्धन में बाहरी ***ns*** एवं अन्तः **(*n*–1)*d***-इलेक्ट्रॉनों के भाग लेने के कारण संक्रमण तत्वों द्वारा परिवर्ती ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित होती है।

(ii) स्केन्डियम को छोड़कर प्रथम संक्रमण श्रेणी के तत्वों द्वारा प्रदर्शित सबसे अधिक सामान्य ऑक्सीकरण अवस्था +2 है। यह ऑक्सीकरण अवस्था दो 4*s* इलेक्ट्रॉनों के खोने से आती है। इसका मतलब है कि स्केन्डियम के बाद, *s*-कक्षक की अपेक्षा *d*-कक्षक अधिक स्थायी बन जाता है।

(iii) + 2 एवं + 3 ऑक्सीकरण अवस्थाओं में संक्रमण तत्व अधिकतर आयनिक बन्ध बनाते हैं। उच्च ऑक्सीकरण अवस्थाओं के यौगिको में (फ्लोरीन अथवा ऑक्सीजन के साथ बने यौगिक), बन्ध अनिवार्य रूप से सहसंयोजी होते हैं। उदाहरण के लिये, परमैंग्नेट आयन ($MnO_4^-$) में, मैंग्नीज एवं ऑक्सीजन के बीच निर्मित सभी बन्ध सहसंयोजी हैं।

(iv) समूह के अन्तर्गत, अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था परमाणु क्रमांक के साथ बढ़ती है। उदाहरण के लिये आयरन + 2 एवं + 3 की सामान्य ऑक्सीकरण अवस्था दर्शाता है, किन्तु इसी समूह के रुथेनियम एवं ऑस्मियम + 4, + 6 एवं + 8 ऑक्सीकरण अवस्थाओं में यौगिक बनाते हैं।

(v) संक्रमण धातुयें +1 एवं 0 जैसी निम्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं में भी यौगिक बनाती है। उदाहरण के लिये निकिल टेट्राकार्बोनिल $Ni(CO)_4$ में

निकिल की शून्य ऑक्सीकरण अवस्था होती है। इसी तरह $Fe(CO)_5$ में $Fe$ की शून्य ऑक्सीकरण अवस्था होती है।

निम्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं में संक्रमण धातुओं के यौगिकों में बन्धन हमेशा अति आसान नहीं होता।

(vi) ***आयनन ऊर्जा एवं ऑक्सीकरण अवस्थाओं का स्थायित्व*** : आयनन ऊर्जा के मानों को विभिन्न संक्रमण धातु यौगिकों (अथवा आयनों) के आपेक्षिक स्थायित्व आँकलन में प्रयुक्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिये $Ni$ यौगिक $Pt$ की अपेक्षा ऊष्मागतिकीय रूप से अधिक स्थायी होते हैं, जबकि $Ni$ यौगिकों की अपेक्षा $Pt$ यौगिक अधिक स्थायी होते हैं। $Pt$ के सापेक्ष $Ni$ का आपेक्षिक स्थायित्व एवं $Ni$ के सापेक्ष $Pt$ के स्थायित्व को निम्न प्रकार से स्पष्ट करते हैं,

***Ni* एवं *Pt* की प्रथम चार आयनन ऊर्जायें**

| धातु | $(IE_1+IE_2)$ $kJmol^{-1}$, | $(IE_3+IE_4)$ $kJmol^{-1}$, | Etotal, kJ $mol^{-1}$ $(= IE_1 + IE_2 + IE_3 + IE_4)$ |
|---|---|---|---|
| *Ni* | 2490 | 8800 | 11290 |
| *Pt* | 2660 | 6700 | 9360 |

इस तरह, $Ni$ के $Ni^{2+}$ में आयनन को $Pt^{2+}$ के उत्पादन के लिये आवश्यक ऊर्जा (2660 $kjmol^{-1}$) की अपेक्षा कम ऊर्जा (2490 $kJ\ mol^{-1}$) की आवश्यकता होती है। इसलिये, $Pt^{2+}$ यौगिकों की अपेक्षा, $Ni^{2+}$ यौगिक ऊष्मागतिकीय रूप से अधिक स्थायी होते हैं।

दूसरी ओर, $Pt^{4+}$ के निर्माण में $Ni^{4+}$ के निर्माण के लिये आवश्यक ऊर्जा (11290 $kJ\ mol^{-1}$) की अपेक्षा कम ऊर्जा (9360 $kJ\ mol^{-1}$) की आवश्यकता होती है। इसलिये $Ni^{4+}$ यौगिकों की अपेक्षा, $Pt^{4+}$ यौगिक अधिक स्थायी होते हैं।

यह इस तथ्य द्वारा समर्थित होता है कि $[PtCl_6]^{2-}$ संकुल आयन ज्ञात हैं, जबकि निकिल के लिये संगत आयन ज्ञात नहीं हैं। किन्तु अन्य कारक जो यौगिकों के स्थायित्व को प्रभावित करते हैं वे हैं,

(a) धातु की ऊर्ध्वपातन की एन्थैल्पी

(b) यौगिक अथवा आयन की जालक तथा विलायकन ऊर्जायें

(viii) संक्रमण तत्व जैसे $Sc, Y, La$ एवं $Ac$ परिवर्ती संयोजकता प्रदर्शित नहीं करते।

(8) **इलेक्ट्रोड विभव** (Electrode potential) ($E°$) : कुछ अर्द्धसेलों के मानक इलेक्ट्रोड विभव जिनमें संक्रमण तत्वो की 3*d*-श्रेणी एवं जलीय विलयन में उनके आयन शामिल हैं, उनका मान सारणी में दिया गया है।

**3*d*-तत्वों के लिये मानक इलेक्ट्रोड विभव**

| तत्व | आयन | इलेक्ट्रोड अभिक्रिया | $E°$/ वोल्ट |
|---|---|---|---|
| $Sc$ | $Sc^{3+}$ | $Sc^{3+} + 3e^- \rightarrow Sc$ | – 2.10 |
| $Ti$ | $Ti^{2+}$ | $Ti^{2+} + 2e^- \rightarrow Ti$ | – 1.60 |
| $V$ | $V^{2+}$ | $V^{2+} + 2e^- \rightarrow V$ | – 1.20 |
| $Cr$ | $Cr^{3+}$ | $Cr^{3+} + 3e^- \rightarrow Cr$ | – 0.71 |
| $Mn$ | $Mn^{2+}$ | $Mn^{2+} + 2e^- \rightarrow Mn$ | – 1.18 |
| $Fe$ | $Fe^{2+}$ | $Fe^{2+} + 2e^- \rightarrow Fe$ | – 0.44 |
| $Co$ | $Co^{2+}$ | $Co^{2+} + 2e^- \rightarrow Co$ | – 0.28 |
| $Ni$ | $Ni^{2+}$ | $Ni^{2+} + 2e^- \rightarrow Ni$ | – 0.24 |
| $Cu$ | $Cu^{2+}$ | $Cu^{2+} + 2e^- \rightarrow Cu$ | + 0.34 |
| $Zn$ | $Zn^{2+}$ | $Zn^{2+} + 2e^- \rightarrow Zn$ | – 0.76 |

संक्रमण तत्वों की प्रथम श्रेणी के लिये $E°$ के ऋणात्मक मान ($Cu^{2+}/Cu$ के लिये छोड़कर) निर्देशित करते हैं कि,

(i) इन धातुओं को तनु अम्लों से हाइड्रोजन उत्सर्जित करना चाहिये अर्थात् अभिक्रिया अग्र दिशा में अनुकूल होती है,

$M + 2H^+ \rightarrow M^{2+} + H_2(g); 2M + 6H^+ \rightarrow 2M^{3+} + 3H_2(g)$

किन्तु वास्तविक व्यवहार में इनमें से अधिकांश धातुएँ तनु अम्लों के साथ अत्यन्त मन्द क्रिया करती हैं। इनमें से कुछ धातुएँ ऑक्साइड की एक **पतली रक्षी परत** के साथ आवरित हो जाती हैं। इस तरह की ऑक्साइड पर्त धातु को आगे क्रिया करने से रोकती है।

(ii) इन धातुओं को एक अच्छे अपचायक की तरह कार्य करना चाहिये। $E°$ मानों में कोई नियमित चलन नहीं है। यह श्रेणी में आयनन एवं ऊर्ध्वपातन ऊर्जाओं में अनियमित भिन्नता अथवा परिवर्तन के कारण होता है।

जलीय माध्यम में विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं में संक्रमण धातु आयनों का आपेक्षिक स्थायित्व, इलेक्ट्रोड विभव मानों से अनुमानित किया जा सकता है। इसे वर्णित करने के लिये, हम निम्न को विचारित करते हैं,

$M(s) \rightarrow M(g)$ ; $\Delta H_1 =$ ऊर्ध्वपातन की एन्थैल्पी, $\Delta H_{\text{ऊर्ध्वपातन}}$

$M(g) \rightarrow M^+(g) + e^-$ ; $\Delta H_2 =$ आयनन ऊर्जा, $IE$

$M^+(g) \rightarrow M^+(aq)$ ; $\Delta H_3 =$ जलयोजन की एन्थैल्पी, $\Delta H_{\text{जल योजन}}$

इन समीकरणों को जोड़कर प्राप्त होता है,

$M(s) \rightarrow M^+(aq) + e^-$

$\Delta H = \Delta H_1 + \Delta H_2 + \Delta H_3 = \Delta H_{\text{ऊर्ध्वपातन}} + IE + \Delta H_{\text{जलयोजन}}$

$\Delta H$ एन्थैल्पी परिवर्तन को प्रदर्शित करता है जो जलीय माध्यम में ठोस धातु $M$ से एकसंयोजी आयन, $M^+$(aq) को लाने के लिये आवश्यक होता है।

अभिक्रिया, $M(s) \rightarrow M^+(aq) + e^-$ अनुकूल होगी केवल तब जब यदि $\Delta H$ ऋणात्मक हो। $\Delta H$ का मान जितना अधिक ऋणात्मक होता है, उतना ही अनुकूल धातु से उस धनायन का निर्माण होगा। इस तरह, वह ऑक्सीकरण अवस्था जिसके लिये $\Delta H$ मान अधिक ऋणात्मक होता है उसका विलयन में स्थायित्व होगा।

$M^{n+}/M$ अर्द्ध सेल के लिये इलेक्ट्रोड विभव अभिक्रिया, $M^{n+}(aq) + ne^- \rightarrow M(s)$ के लिये प्रवृत्ति का मापक है।

इस तरह यह अपचयन अभिक्रिया भाग लेगी यदि $M^{n+}/M$ अर्द्ध सेल के लिये इलेक्ट्रोड विभव धनात्मक हो। विपरीत अभिक्रिया, $M(s) \rightarrow M^{n+}(aq) + ne^-$ में $M^{n+}(aq)$ का निर्माण शामिल है और ये पाया जायेगा यदि इलेक्ट्रोड विभव ऋणात्मक हो, अर्थात धातु $M$ से $M^{n+}(aq)$ के निर्माण की प्रवृत्ति अधिक होगी यदि संगत $E°$ मान अधिक ऋणात्मक हो। दूसरे शब्दों में *ऑक्सीकरण अवस्था जिसके लिये $E°$ मान अधिक ऋणात्मक हो (अथवा कम धनी) वह विलयन में अधिक स्थायी होगी।*

जब कोई तत्व एक से अधिक ऑक्सीकरण अवस्थाओं में उत्पन्न होता है, तो जलीय विलयन में विभिन्न ऑक्सीकरण अवस्थाओं के आपेक्षिक स्थायित्व को अनुमानित करने के लिये मानक इलेक्ट्रोड विभव ($E°$) के मानों को प्रयुक्त कर सकते हैं। इसके लिए निम्न नियम उपयोगी पाया गया।

*किसी धनायन की ऑक्सीकरण अवस्था जिसके लिये $\Delta H = (\Delta H_{\text{ऊर्ध्वपातन}} + IE + \Delta H_{\text{जलयोजन}})$ अथवा $E°$ अधिक ऋणात्मक हो (कम धनी के लिये) वह अधिक स्थायी होगा*

(9) **रंगीन आयनों का निर्माण** (Formation of coloured ions) : संक्रमण तत्वों के अधिकांश यौगिक ठोस अवस्था एवं /अथवा द्रव अवस्था में रंगीन होते हैं। संक्रमण धातुओं के यौगिक उनके *d*-कक्षक में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण रंगीन होते हैं।

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण तत्वों के विलगित परमाणु अथवा आयन में, सभी पाँचों *d*-कक्षक समान ऊर्जा के होते हैं (इन्हें पुनर्जनित कहा जाता है)। संयोजी एनायन (*s*) अथवा इलेक्ट्रॉन धनी अणु के प्रभाव के अन्तर्गत, पाँचों *d*-कक्षक विभिन्न ऊर्जा के दो स्तर में (कभी-कभी दो से अधिक) विपाटित हो जाते हैं। दोनों ऊर्जा स्तरों के बीच अन्तर संयोजी आयनों की प्रकृति पर निर्भर करता है, किन्तु उस ऊर्जा के संगत होती है जो दृश्य क्षेत्र $(\lambda = 380 - 760\,nm)$ में विकिरणों के साथ संगुणित रहती है। अष्टफलकीय एवं चतुष्फलकीय ज्यामिती के लिये प्रारूपी विपाटन चित्र में दर्शाया गया है,




*d*-कक्षक ऊर्जा स्तरों का विपाटन (a) चतुष्फलकीय, (b) अष्टफलकीय ज्यामिती में। इस विपाटन को क्रिस्टल क्षेत्र विपाटन की तरह सन्दर्भित करते हैं।




उच्च स्तर में *d*-इलेक्ट्रॉन की पदोन्नती

संक्रमण धातुओं के तत्व रूप अथवा आयनिक रूप में एक या अधिक अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। जब दृश्य प्रकाश को नमूने पर गिराया जाता है तो अभिलाक्षणिक तरंगदैर्ध्य (या रंग) के प्रकाश अवशोषण के कारण इलेक्ट्रॉन निम्न ऊर्जा स्तर से उच्च ऊर्जा स्तर पर पदोन्नत हो जाते हैं। अवशोषित प्रकाश की तरंगदैर्ध्य (या रंग) दो स्तरों के ऊर्जा अन्तर पर निर्भर करती है। बचा हुआ प्रकाश पारगमित हो जाता है। पारगमित प्रकाश में अवशोषित रंग के प्रति पूरक रंग होते हैं। इसलिये यौगिक अथवा विलयन में पूरक रंग उत्पन्न होता है, उदाहरण के लिये $Cu(H_2O)_6^{2+}$ आयन लाल विकिरण अवशोषित करता हैं, और **नीला हरा रंग** (नीला हरा रंग लाल के लिये पूरक रंग होता है) प्रदर्शित करता है। जलीय *Co* आयन नीले हरे क्षेत्र में विकिरण अवशोषित करता है, और इसलिये सूर्य प्रकाश में लाल रंग दर्शाता है। अवशोषित विकिरण का रंग एवं पारगमित प्रकाश के रंग के बीच सम्बन्ध सारणी में दिया गया है।

***अवशोषित एवं पारगमित प्रकाश के रंगों के बीच सम्बन्ध : पूरक रंग***

| रंग | | रंग | |
|---|---|---|---|
| **अवशोषित प्रकाश का** | **पारगमित प्रकाश का** | **अवशोषित प्रकाश का** | **पारगमित प्रकाश का** |
| अवरक्त | सफेद | नीला.हरा | लाल |
| लाल | नीला.हरा | नीला | नारंगी |
| नारंगी | नीला | इन्डिगो | पीला |
| पीला | इन्डिगो | बैंगनी | पीला.हरा |
| पीला.हरा | बैंगनी | पराबैंगनी | सफेद |
| हरा | परपल | | |

किन्तु, यदि एक को छोड़कर शेष सभी तरंगदैर्ध्यों के विकिरण (अथवा रंग) अवशोषित हों, तो पदार्थ का रंग पारगमित विकिरण का रंग होगा। उदाहरण के लिये, यदि पदार्थ हरे को छोड़कर शेष सभी रंग अवशोषित करे, तो ये आँखों के लिये हरा रंग उत्पन्न करता है।

संक्रमण तत्व आयन जिनमें पूर्ण भरे *d*-कक्षक होते हैं वे रंगहीन होते हैं क्योंकि इनमें इलेक्ट्रॉनों की पदोन्नती को स्वीकृत करने के लिये कोई रिक्त d कक्षक नहीं होता। इसलिये *Zn* (3*d*), $Cd^{2+}$, (4*d*) एवं *Hg*(5*d*) $Sc^{3+}$, *Ti*, *Cu* आयन तथा *Zn, Cd, Hg* रंगहीन तथा द्विचुम्बकीय होते हैं। संक्रमण तत्व आयन जिनमें पूर्ण रिक्त *d*-कक्षक होते हैं वे भी रंगहीन होते हैं, इस तरह *Sc* एवं *Ti* आयन रंगहीन होते हैं, इसके विपरीत कि रंगीन एनायन यौगिक में उपस्थित होते हैं।

प्रथम संक्रमण श्रेणी तत्वों के कुछ महत्वपूर्ण आयनों के रंग एवं बाहरी इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास नीचे दिये गये हैं।

| आयन | बाहरी अभिविन्यास | अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या | आयन का रंग |
|---|---|---|---|
| $Sc^{3+}$ | $3d^0$ | 0 | रंगहीन |
| $Ti^{3+}$ | $3d^1$ | 1 | परपल |
| $Ti^{4+}$ | $3d^0$ | 0 | रंगहीन |
| $V^{3+}$ | $3d^2$ | 2 | हरा |
| $Cr^{3+}$ | $3d^3$ | 3 | बैंगनी |
| $Mn^{2+}$ | $3d^5$ | 5 | हल्का गुलाबी |
| $Mn^{3+}$ | $3d^4$ | 4 | बैगनी |
| $Fe^{2+}$ | $3d^6$ | 4 | हरा |
| $Fe^{3+}$ | $3d^5$ | 5 | पीला |
| $Co^{3+}$ | $3d^7$ | 3 | गुलाबी |
| $Ni^{2+}$ | $3d^8$ | 2 | हरा |
| $Cu^{2+}$ | $3d^9$ | 1 | नीला |
| $Cu$ | $3d^{10}$ | 0 | रंगहीन |
| $Zn^{2+}$ | $3d^{10}$ | 0 | रंगहीन |

(10) **चुम्बकीय गुण** (Magnetic properties) **:** अधिकांश संक्रमण तत्व और उनके यौगिक **अनुचुम्बकत्व** (Paramagnetism) प्रदर्शित करते हैं। किसी संक्रमण तत्व श्रेणी में अनुचुम्बकत्व पहले बढ़ता है और फिर घटता है। अधिकतम अनुचुम्बकत्व श्रेणी के मध्य के आसपास देखा जाता है। अनुचुम्बकत्व को **बोहर मेग्नेटोन** (BM) इकाईयों में वर्णित किया गया है। प्रथम संक्रमण श्रेणी के कुछ सामान्य आयनों के अनुचुम्बकत्व आघूर्ण नीचे सारणी में दिये गये हैं।

***स्पष्टीकरण*** : पदार्थ जो चुम्बकीय क्षेत्र द्वारा आकर्षित होते हैं अनुचुम्बकीय पदार्थ कहलाते हैं। पदार्थ जो चुम्बकीय क्षेत्र द्वारा प्रतिकर्षित होते हैं **द्विचुम्बकीय** (Diamagnetic) **पदार्थ** कहलाते हैं। परमाणु, आयन अथवा अणुओं में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण अनुचुम्बकत्व होता है।

किसी भी संक्रमण तत्व अथवा उसके यौगिक/आयन के चुम्बकीय आघूर्ण को (यह मानते हुये कि कक्षक चुम्बकीय आघूर्ण से कोई योगदान नहीं है) निम्न के द्वारा दिया जाता है।

$$\mu_s = \sqrt{4S(S+1)} \qquad BM = \sqrt{n(n+2)} \quad BM$$

यहाँ, *S* कुल चक्रण ($n\times s$) है : *n* अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या तथा *s* 1/2 के बराबर है (अयुग्मित इलेक्ट्रॉन के चक्रण को प्रदर्शित कर रहा है)।

दिये गये उपरोक्त समीकरण से, चुम्बकीय आघूर्ण ($\mu_s$) का मान अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या बढ़ने के साथ बढ़ता है।

***3d-श्रेणी तत्वों के कुछ आयनों के चुम्बकीय आघूर्ण***

| आयन | बाहरी अभिविन्यास | अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या | चुम्बकीय आघूर्ण (BM) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | परिकलित | प्रेक्षित |
| $Sc^{3+}$ | $3d^0$ | 0 | 0 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| $Ti^{3+}$ | $3d^1$ | 1 | 1.73 | 1.75 |
| $Ti^{2+}$ | $3d^2$ | 2 | 2.84 | 2.86 |
| $V^{2+}$ | $3d^3$ | 3 | 3.87 | 3.86 |
| $Cr^{2+}$ | $3d^4$ | 4 | 4.90 | 4.80 |
| $Mn^{2+}$ | $3d^5$ | 5 | 5.92 | 5.95 |
| $Fe^{2+}$ | $3d^6$ | 4 | 4.90 | 5.0-5.5 |
| $Co^{2+}$ | $3d^7$ | 3 | 3.87 | 4.4-5.2 |
| $Ni^{2+}$ | $3d^8$ | 2 | 2.84 | 2.9-3.4 |
| $Cu^{2+}$ | $3d^9$ | 1 | 1.73 | 1.4-2.2 |
| $Zn^{2+}$ | $3d^{10}$ | 0 | 0 | 0 |

विशेष ऊर्जा स्तर के अनुयायी *d*-कक्षकों में, *d* प्रकरणों में अधिकतम मान पाँच अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों पर हो सकता है। इसलिये किसी भी संक्रमण श्रेणी में अनुचुम्बकत्व पहले बढ़ता है और *d* प्रकरणों के लिये इसका अधिकतम मान पहुँचता है और फिर इसके बाद घटता है।

(11) **संकुल आयनों का निर्माण** (Formation of complex ion) **:** संक्रमण धातुएँ एवं उनके आयन संकुल निर्माण के लिये प्रबल प्रवृत्ति दर्शाते हैं। संक्रमण तत्वों के धनायन (*d*-ब्लॉक तत्व) एक या अधिक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म युक्त कुछ अणुओं के साथ संकुल आयन बनाते हैं, ये एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म युक्त अणु इस तरह हैं $CO, NO, NH_3$ आदि, अथवा ऋणायन जैसे, $F, Cl, CN$ आदि जिनके साथ भी ये संकुल बनाते हैं। कुछ प्रारूपी संकुल हैं।

$$[Fe(CN)_6]^{4-}, [Cu(NH_3)_4]^{2+}, [Y(H_2O)_6]^{2+},$$

$$[Ni(CO)_4], [Co(NH_3)_6]^{3+} [FeF_6]^{3-}$$

***स्पष्टीकरण*** : संकुल निर्माण प्रवृत्ति इन कारणों से होती है

(i) संक्रमण धातु धनायनों का छोटा आकार एवं उच्च नाभिकीय आवेश।

(ii) उपयुक्त ऊर्जा के अन्तः रिक्त *d*-कक्षकों की उपलब्धता।

(12) **अन्तराकाशी यौगिकों का निर्माण** (Formation of interstitial compounds) **:** संक्रमण तत्व हाइड्रोजन, बोरोन, कार्बन एवं नाइट्रोजन जैसे छोटे परमाणु त्रिज्या वाले तत्वों के साथ कुछ अन्तराकाशी यौगिक बनाते हैं। इन तत्वों के छोटे परमाणु धातु जालक के रिक्त स्थानों (जिन्हें अन्तराकाश कहते हैं) के बीच में जकड़ लिये जाते हैं। अन्तराकाशी यौगिकों के कुछ अभिलक्षण निम्न हैं।

(i) ये अरससमीकरणमितीय यौगिक हैं और निश्चित सूत्र नहीं दे सकते।

(ii) ये यौगिक पितृ धातुओं के समान आवश्यक रूप से समान रासायनिक गुण प्रदर्शित करते हैं, किन्तु घनत्व एवं कठोरता जैसे भौतिक गुणों में भिन्न होते हैं। इस्पात एवं ढलवाँ लोहा कार्बन के साथ अन्तराकाशी यौगिक बनाते हैं जिसके कारण ये कठोर होते हैं।कुछ अरससमीकरणमितीय यौगिक हैं, $VSe_{0.98}$ (वेनेडियम सिलेनाइड), $Fe_{0.94}O$ एवं टाइटेनियम नाइट्राइड।

***स्पष्टीकरण*** : अन्तराकाशी यौगिक कठोर एवं घने होते हैं। ये इस कारण से होता है कि हल्के तत्वों के छोटे परमाणु जालक में अन्तरअवकाश घेरते हैं जिसके द्वारा अधिक बन्द संकुलित संरचना बनती है। अधिक इलेक्ट्रॉनिक अन्तर्क्रिया के कारण, धात्विक बन्धों की शक्ति भी बढ़ती है।

(13) **उत्प्रेरकीय गुण** (Catalytic properties) **:** अधिकांश संक्रमण धातुओं एवं उनके यौगिकों विशेषकर ऑक्साइड में अच्छे उत्प्रेरकीय गुण होते हैं। प्लेटिनम, आयरन, वेनेडियम पेन्टाऑक्साइड, निकिल आदि महत्वपूर्ण उत्प्रेरक हैं। प्लेटिनम एक सामान्य उत्प्रेरक है। असंतृप्त कार्बनिक यौगिकों के हाइड्रोजनीकरण के लिये निकिल चूर्ण एक अच्छा उत्प्रेरक है जैसे तेलों का हाइड्रोजनीकरण कुछ विशिष्ट औद्योगिक उत्प्रेरक है,

(i) $V_2O_5$– सम्पर्क विधि से $H_2SO_4$ के निर्माण में, $SO_2$ के $SO_3$ में ऑक्सीकरण के लिये उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होता है।

(ii) *Fe* – हैबर विधि द्वारा $NH_3$ के निर्माण में उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होता है। मॉलिब्डिनम की सूक्ष्म मात्रा को प्रवर्धक की तरह मिलाया जाता है।

***स्पष्टीकरण*** : अधिकांश संक्रमण तत्व अच्छे उत्प्रेरक के समान कार्य करते हैं क्योंकि

(i) रिक्त *d*-कक्षकों की उपस्थिति के कारण

(ii) परिवर्ती ऑक्सीकरण अवस्थायें प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति के कारण।

(iii) अभिकारकों के साथ अभिक्रिया मध्यवर्ती बनाने की प्रवृत्ति के कारण।

(iv) इनके क्रिस्टल जालकों में त्रुटियों की उपस्थिति के कारण।

(14) **मिश्र धातु निर्माण** (Alloy formation) **:** संक्रमण धातुएँ एक दूसरे के साथ मिश्र धातु बनाती हैं। संक्रमण धातुओं की मिश्रधातुएँ कठोर एवं उच्च गलनांक वाली होती हैं और इनका गलनांक मेजबान धातु की अपेक्षा उच्च होता है। विभिन्न इस्पात आयरन की क्रोमियम, वेनेडियम, मॉलिब्डिनम, टंग्सटन, मैंग्नीज आदि जैसी धातुओं के साथ मिश्रधातु है।

***स्पष्टीकरण*** : किसी भी श्रेणी में संक्रमण तत्वों की परमाणु त्रिज्यायें एक दूसरे से अत्यधिक भिन्न नहीं होती। इसके परिणामस्वरूप जालक में ये एक दूसरे को आसानी से प्रतिस्थापित कर सकती हैं और सराहनीय संघटन परास तक ठोस यौगिक बनाती हैं। इस तरह के ठोस विलयन मिश्रधातु कहलाते हैं।

(15) **रासायनिक क्रियाशीलता** (Chemical reactivity) **:** *d*-ब्लॉक तत्वों (संक्रमण तत्व) में क्रिया करने की कम प्रवृत्ति होती है अर्थात् ये *s*-ब्लॉक तत्वों की अपेक्षा कम क्रियाशील होते हैं।

***स्पष्टीकरण*** : संक्रमण तत्वों की कम क्रियाशीलता इस कारण से होती है

(i) इनकी उच्च आयनन ऊर्जाएँ।

(ii) इनके आयनों की कम जलयोजन ऊष्मा।

(iii) इनके ऊर्ध्वपातन की उच्च ऊष्मा।

## क्रोमियम युक्त यौगिक (Chromium containing compounds)

**पोटेशियम डाइक्रोमेट, ($K_2Cr_2O_7$)**

पोटेशियम डाइक्रोमेट, क्रोमियम का एक महत्वपूर्ण यौगिक है और डाइक्रोमेटों में भी महत्वपूर्ण है। इस यौगिक में *Cr* छः संयोजी (+6) अवस्था में होता है।

***बनाने की विधियाँ*** : इसे निम्न विधियों में से किसी एक के द्वारा बनाया जा सकता है।

(i) ***पोटेशियम क्रोमेट से*** : पोटेशियम क्रोमेट के संतृप्त विलयन में सल्फ्यूरिक अम्ल की परिकलित मात्रा को मिलाकर, पोटेशियम डाइक्रोमेट प्राप्त किया जा सकता है।

$$\underset{\substack{\text{पोटेशियम क्रोमेट} \\ (\text{पीला})}}{2K_2CrO_4} + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\substack{\text{पोटेशियम डाइक्रोमेट} \\ (\text{नारंगी})}}{K_2Cr_2O_7} + K_2SO_4 + H_2O$$

विलयन के सान्द्रण एवं क्रिस्टलीकरण द्वारा $K_2Cr_2O_7$ के क्रिस्टल प्राप्त किये जा सकते हैं।

(ii) ***क्रोमाइट अयस्क से निर्माण*** : $K_2Cr_2O_7$ को सामान्यतः क्रोमाइट अयस्क ($FeCr_2O_4$) से निर्मित किया जाता है। इस प्रक्रम में निम्न पद शामिल हैं।

(a) *सोडियम क्रोमेट का निर्माण* : क्रोमाइट अयस्क के महीन चूर्ण को सोडा ऐश एवं अनबुझे चूने के साथ मिश्रित किया जाता है। मिश्रण को फिर वायु की उपस्थिति में परावर्तनी भट्टी में भर्जित करते हैं। सोडियम क्रोमेट के निर्माण के कारण पीला पदार्थ प्राप्त होता है।

$$4FeCr_2O_4 + O_2 \rightarrow 2Fe_2O_3 + 4Cr_2O_3$$

$$4Cr_2O_3 + 8Na_2CO_3 + 6O_2 \rightarrow 8Na_2CrO_4 + 8CO_2(g)$$

$$4FeCr_2O_4 + 8Na_2CO_3 + 7O_2 \rightarrow 2Fe_2O_3 + 8CO_2(g) + \underset{\text{सोडियम क्रोमेट}}{8Na_2CrO_4}$$

पीले पदार्थ को जल के साथ निष्कर्षित किया जाता है और छाना जाता है। छनित में सोडियम क्रोमेट होता है।

$Na_2CO_3$ की जगह $NaOH$ के प्रयोग द्वारा भी अभिक्रिया की जा सकती है

$$4FeCr_2O_4 + 16NaOH + 7O_2 \rightarrow 8Na_2CrO_4 + 2Fe_2O_3 + 8H_2O$$

(b) *क्रोमेट का डाइक्रोमेट में परिवर्तन* : पद (a) में प्राप्त सोडियम क्रोमेट विलयन को सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ अभिकृत करते हैं तब ये सोडियम डाइक्रोमेट में परिवर्तित हो जाता है।

$$\underset{\text{सोडियम क्रोमेट}}{2Na_2CrO_4} + H_2SO_4 \rightarrow \underset{\text{सोडियम डाइक्रोमेट}}{Na_2Cr_2O_7} + Na_2SO_4 + H_2O$$

सान्द्रण पर, कम घुलनशील सोडियम सल्फेट, $Na_2SO_4.10H_2O$ क्रिस्टलीकृत होकर पृथक हो जाता है। इसे गर्म में ही छानते हैं और ठण्डा करते हैं तब रखा रहने पर सोडियम डाइक्रोमेट, $Na_2Cr_2O_7.2H_2O$ पृथक हो जाता है।

(c) *सोडियम डाइक्रोमेट का पोटेशियम डाइक्रोमेट में परिवर्तन* : सोडियम डाइक्रोमेट के गर्म सान्द्र विलयन को पोटेशियम क्लोराइड की परिकलित मात्रा के साथ अभिकृत करते हैं, तब ठण्डा करने पर कम विलेय होने के कारण पोटेशियम डाइक्रोमेट क्रिस्टलीकृत होकर पृथक हो जाता है।

$$\underset{\text{सोडियम डाइक्रोमेट}}{Na_2Cr_2O_7} + 2KCl \rightarrow \underset{\text{पोटेशियम डाइक्रोमेट}}{K_2Cr_2O_7} + 2NaCl$$

***भौतिक गुण***

(i) पोटेशियम डाइक्रोमेट नारंगी-लाल रंग के क्रिस्टल बनाता है।

(ii) यह 699 $K$ पर पिघलता है।

(iii) यह वायु में अत्यधिक स्थायी है (कमरे के ताप के नजदीक) और सामान्यतः आयतनात्मक विश्लेषण में प्राथमिक मानक की तरह प्रयुक्त होता है।

(iv) यह जल में विलेय है यद्यपि विलेयता सीमित होती है।

***रासायनिक गुण***

(i) ***ऊष्मा का प्रभाव*** : पोटेशियम डाइक्रोमेट को जब तीव्रता से गर्म किया जाता है तो ये अपघटित होकर ऑक्सीजन देता है।

$$4K_2Cr_2O_7(s) \xrightarrow{\Delta} 4K_2CrO_4(s) + 2Cr_2O_3(s) + 3O_2$$

(ii) ***अम्लों की क्रिया***

(a) ठण्डे में, सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ, क्रोमियम ट्राईऑक्साइड के लाल क्रिस्टल पृथक होते हैं।

$$K_2Cr_2O_7(aq) + \text{सान्द्र } H_2SO_4 \rightarrow KHSO_4(aq) + 2CrO_3(s) + H_2O$$

डाइक्रोमेट सल्फ्यूरिक अम्ल मिश्रण गर्म करने पर, ऑक्सीजन देता है

$$2K_2Cr_2O_7 + 8H_2SO_4 \rightarrow 2K_2SO_4 + 2Cr_2(SO_4)_3 + 8H_2O + 3O_2$$

(b) $HCl$ के साथ गर्म करने पर क्रोमिक क्लोराइड बनता है एवं $Cl_2$ उत्सर्जित होती है।

$$K_2Cr_2O_{7(aq)} + 14HCl(aq) \rightarrow 2CrCl_{3(aq)} + 2KCl(aq) + 7H_2O + 3Cl_2(g)$$

(iii) ***क्षारों की क्रिया*** : क्षारों के साथ ये क्रोमेट देता है। उदाहरण के लिये, $KOH$ के साथ

$$\underset{\text{नारंगी}}{K_2Cr_2O_4} + 2KOH \rightarrow \underset{\text{पीला}}{2K_2CrO_4} + H_2O$$

अम्लीकृत करने पर, रंग पुनः नारंगी लाल में परिवर्तित होता है जिसमें डाइक्रोमेट का निर्माण होता है।

$$2K_2CrO_4 + H_2SO_4 \rightarrow K_2Cr_2O_7 + K_2SO_4 + H_2O$$

वास्तव में, डाइक्रोमेट विलयन में, $Cr_2O_7^{2-}$ आयन $CrO_4^{2-}$ आयनों के साथ साम्य में रहते हैं।

$$Cr_2O_7^{2-} + H_2O \rightleftharpoons 2CrO_4^{2-} + 2H^+$$

(iv) ***ऑक्सीकारक प्रकृति*** : उदासीन अथवा अम्लीय विलयन में, पोटेशियम डाइक्रोमेट एक बहुत अच्छा ऑक्सीकारक है और $Cr_2O_7^{2-}$ अपचयित होकर $Cr$ देता है।

अभिक्रिया $Cr_2O_7^{2-} + 14H^+ + 6e^- \rightarrow 2Cr^{+3} + 7H_2O$ के लिये मानक इलेक्ट्रोड विभव $+1.31V$ है। यह प्रदर्शित करता है कि डाइक्रोमेट आयन एक स्पष्ट प्रबल ऑक्सीकारक है, विशेष रूप से प्रबल अम्लीय विलयनों में, इसलिये पोटेशियम डाइक्रोमेट को ऑक्सीकारक के रूप में बड़े पैमाने पर प्रयुक्त करते हैं। $Fe$ जैसे अपचायकों के भारात्मक ऑंकलन के लिये ऑक्सीकारक की तरह प्रयुक्त होता है। ये ऑक्सीकृत करता है,

(a) *फैरस लवणों को फैरिक लवणों में*

$$K_2CrO_7 + 4H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$
$$2FeSO_4 + H_2SO_4 + [O] \rightarrow Fe_2[SO_4]_3 + H_2O \times 3$$
$$K_2Cr_2O_7 + 6FeSO_4 + 7H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 3Fe_2(SO_4)_3 + 7H_2O$$

आयनिक समीकरण

$$Cr_2O_7^{2-} + 14H^+ + 6Fe^{2+} \rightarrow 2Cr^{3+} + 6Fe^{3+} + 7H_2O$$

(b) सल्फाइट को सल्फेटों में तथा आर्सिनाइटों को आर्सिनेटों में

$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$
$$Na_2SO_3 + [O] \rightarrow Na_2SO_4] \times 3$$
$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 + 3Na_2SO_3 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 3Na_2SO_4 + 4H_2O$$

आयनिक समीकरण

$$Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 3SO_3^{2-} \rightarrow 2Cr^{3+} + 3SO_4^{2-} + 4H_2O$$

इसी तरह आर्सिनाइट आर्सिनेट में ऑक्सीकृत होता है।

$$Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 3AsO_3^{3-} \rightarrow 2Cr^{3+} + 3AsO_4^{3-} + 4H_2O$$

(c) *हाइड्रोजन हैलाइडों को हैलोजन में*

$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$
$$2HX + O \rightarrow H_2O + X_2] \times 3$$
$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 + 6HX \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 7H_2O + 3X_2$$

यहाँ, $X$, $Cl$, $Br$, $I$ हो सकता है

आयनिक समीकरण

$$Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 6HX \rightarrow 2Cr^{3+} + 3X_2 + 7H_2O$$

(d) *आयोडाइडों को आयोडीन में*

$$K_2Cr_2O_7 + H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$
$$2KI + H_2O + [O] \rightarrow 2KOH + I_2] \times 3$$
$$2KOH + H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2H_2O] \times 3$$
$$K_2Cr_2O_7 + 7H_2SO_4 + 6KI \rightarrow 4K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 3I_2 + 7H_2O$$

आयनिक समीकरण :

$$Cr_2O_7^{2-} + 14H^+ + 6I^- \rightarrow 2Cr^{3+} + 7H_2O + 3I_2$$

इस तरह, जब $KI$ को $K_2Cr_2O_7$ के अम्लीय विलयन में मिलाते हैं तो आयोडीन उत्सर्जित होती है।

(e) यह $H_2S$ को $S$ में ऑक्सीकृत करता है

$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$
$$H_2S + [O] \rightarrow H_2O + S] \times 3$$
$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 + 3H_2S \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 7H_2O + 3S$$

आयनिक समीकरण

$$Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 3H_2S \rightarrow 2Cr^{3+} + 3S + 7H_2O$$

(v) ***अविलेय क्रोमेटों का निर्माण*** : लैड, बेरियम आदि के घुलनशील लवणों के साथ पोटेशियम डाइक्रोमेट अघुलनशील क्रोमेट देता है। लैड क्रोमेट एक महत्वपूर्ण पीला वर्णक है

$$2Pb(NO_3)_2 + K_2Cr_2O_7 + H_2O \rightarrow 2PbCrO_4 + 2KNO_3 + 2HNO_3$$

(vi) ***क्रोमिल क्लोराइड परीक्षण*** : जब पोटेशियम डाइक्रोमेट को घुलनशील क्लोराइड लवण की उपस्थिति में सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म करते हैं तो क्रोमिल क्लोराइड ($CrO_2Cl_2$) की नारंगी लाल वाष्पें बनती हैं।

$$K_2Cr_2O_7 + 4NaCl + 6H_2SO_4 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2KHSO_4 + 4NaHSO_4 + \underset{\substack{\text{क्रोमिल क्लोराइड} \\ (\text{नारंगी लाल वाष्पें})}}{2CrO_2Cl_2}$$

क्रोमिल क्लोराइड वाष्पों को जब जल में से प्रवाहित किया जाता है तो ये पीले रंग का विलयन देती हैं जिसमें क्रोमिक अम्ल होता है।

$$CrO_2Cl_2 + 2H_2O \rightarrow 2HCl + \underset{\text{क्रोमिक अम्ल (पीला विलयन)}}{H_2CrO_4}$$

क्रोमिल क्लोराइड परीक्षण को किसी भी मिश्रण से क्लोराइड आयनों के आँकलन के लिये प्रयुक्त कर सकते हैं।

***उपयोग*** : पोटेशियम डाइक्रोमेट इस तरह प्रयुक्त होता है,

(i) एक ऑक्सीकारक की तरह

(ii) क्रोम चमड़े में

(iii) अधिकांश क्रोमियम यौगिकों को बनाने में कच्चे पदार्थ की तरह

(iv) आयतनात्मक विश्लेषण में प्राथमिक मानक की तरह

***क्रोमेट एवं डाइक्रोमेट आयनों की संरचना***

क्रोमेट एवं डाइक्रोमेट क्रोमिक अम्ल ($H_2CrO_4$) के लवण हैं। विलयन में, ये आयन एक दूसरे के साथ साम्यावस्था में रहते हैं। क्रोमेट आयन में चार ऑक्सीजन परमाणु *Cr* परमाणु के चारों ओर चतुष्फलकीय रूप में व्यवस्थित रहते हैं (चित्र में दिखाया गया है)। डाइक्रोमेट आयन में *Cr–O–Cr* बन्ध शामिल है जिसे चित्र में दिखाया गया है।




क्रोमेट आयन डाइक्रोमेट आयन

क्रोमेट ($CrO_4^{2-}$) एवं डाइक्रोमेट ($Cr_2O_7^{2-}$) आयन की संरचना

## मैंग्नीज युक्त यौगिक (Manganese containing compound)

**पोटेशियम परमैंग्नेट, ($KMnO_4$)**

पोटेशियम परमैंग्नेट अस्थायी अम्ल $HMnO_4$ (परमैंग्निक अम्ल) का लवण है। इस यौगिक में *Mn*, +7 ऑक्सीकरण अवस्था में होता है।

***बनाने की विधियाँ*** : पायरोलुसाइट से पोटेशियम परमैंग्नेट निम्न तरह से प्राप्त होता है,

***पायरोलुसाइट का पोटेशियम मेंग्नेट में परिवर्तन*** : जब मैंग्नीज डाईऑक्साइड को वायु अथवा पोटेशियम नाइट्रेट या क्लोरेट की उपस्थिति में पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड के साथ गलित किया जाता है तो सम्भवतः पोटेशियम मेंगेनाइट द्वारा पोटेशियम मेंग्नेट बनता है।

$$[MnO_2 + 2KOH \xrightarrow{\text{गलित}} \underset{\text{पोटेशियम मेंगेनाइट}}{K_2MnO_3} + H_2O] \times 2$$

$$2K_2MnO_3 + O_2 \rightarrow 2K_2MnO_4 + 2H_2O$$

$$\underset{\text{पायरोलुसाइट}}{2MnO_2} + 4KOH + O_2 \xrightarrow{\text{गलित}} \underset{\substack{\text{पोटेशियम मैंग्नेट} \\ [\text{गहरा – हरा पदार्थ}]}}{2K_2MnO_4} + 2H_2O$$

***पोटेशियम मैंग्नेट का पोटेशियम परमैंग्नेट में ऑक्सीकरण*** : प्राप्त किया गया पोटेशियम मेंग्नेट निम्न में से किसी भी विधि द्वारा पोटेशियम परमैंग्नेट में ऑक्सीकृत हो जाता है।

***रासायनिक विधि द्वारा*** : गलित गहरा हरा पदार्थ जल की सूक्ष्म मात्रा के साथ निष्कर्षित किया जाता है। छनित को गर्म करके ओजोन, क्लोरीन अथवा कार्बन डाईऑक्साइड की धारा के साथ अभिकृत करते हैं। पोटेशियम मैंग्नेट, पोटेशियम परमैंग्नेट में ऑक्सीकृत हो जाता है। और जलीय मैंग्नीज डाईऑक्साइड अवक्षेपित हो जाता है। भाग ले रही अभिक्रियाएँ हैं

जब $CO_2$ प्रवाहित की गई हो

$$\underset{\text{पोटेशियम मैंग्नेट}}{3K_2MnO_4} + 2H_2O \rightarrow \underset{\text{पोटेशियम परमैंग्नेट}}{2KMnO_4} + MnO_2 \downarrow + 4KOH$$

$$2CO_2 + 4KOH \rightarrow 2K_2CO_3 + 2H_2O$$

जब क्लोरीन अथवा ओजोन प्रवाहित की गई हो

$$2K_2MnO_4 + Cl_2 \rightarrow 2KMnO_4 + 2KCl$$

$$2K_2MnO_4 + O_3 + H_2O \rightarrow 2KMnO_4 + 2KOH + O_2(g)$$

इस तरह प्राप्त बैंगनी विलयन को सान्द्रित करते हैं और गहरा बैंगनी करते हैं, इससे सुई के समान क्रिस्टल जिनमें धात्विक चमक होती है प्राप्त होते हैं।

***विद्युत अपघटनी विधि*** : आजकल, पोटेशियम मैंग्नेट ($K_2MnO_4$) को विद्युत अपघटनी रूप से ऑक्सीकृत करते हैं इलेक्ट्रोड पर होने वाली अभिक्रियाएँ निम्न है,

एनोड पर : $\underset{\text{हरा}}{2MnO_4^{2-}} \rightarrow \underset{\text{परपल}}{2MnO_4^-} + 2e^-$

कैथोड पर : $2H^+ + 2e^- \rightarrow H_2(g)$

$KMnO_4$ युक्त बैंगनी विलयन को नियंत्रित परिस्थितियों में वाष्पित करते हैं जिससे पोटेशियम परमैंग्नेट के क्रिस्टलीय नमूने प्राप्त होते हैं।

***भौतिक गुण***

$KMnO_4$ हरी चमक के साथ गहरे बैंगनी क्रिस्टलों की तरह क्रिस्टलीकृत होता है (गलनांक 523 *K*)।

ये कमरे के ताप पर 6.5 ग्राम प्रति 100 ग्राम की सीमा तक जल में विलेय है। $KMnO_4$ के जलीय विलयन का बैंगनी रंग होता है।

***रासायनिक गुण*** : $KMnO_4$ की कुछ महत्वपूर्ण रासायनिक अभिक्रियाएँ नीचे दी गई हैं,

***ताप की क्रिया*** : $KMnO_4$ कमरे के ताप पर स्थायी है, किन्तु उच्च ताप पर अपघटित होकर ऑक्सीजन देता है।

$$2KMnO_4(s) \xrightarrow{\text{गर्म}} K_2MnO_4(s) + MnO_2 + O_2(g)$$

***ऑक्सीकारक क्रियाएँ*** : $KMnO_4$ उदासीन, अम्लीय एवं क्षारीय माध्यम में एक प्रबल ऑक्सीकारक है। प्रत्येक माध्यम में अभिक्रिया की प्रकृति भिन्न होती है। निम्न अभिक्रियाओं के लिये $KMnO_4$ की ऑक्सीकारक प्रकृति ($MnO_4^-$ के लिये अधिक विशिष्ट) को उच्च धनात्मक अपचयन विभवों द्वारा प्रदर्शित किया गया है

अम्लीय माध्यम

$$MnO_4^- + 8H^+ + 5e^- \rightleftharpoons Mn^{2+} + 4H_2O \quad E^o = 1.51\,V$$

क्षारीय माध्यम,

$$MnO_4^- + 2H_2O + 3e^- \rightleftharpoons MnO_2 + 4OH^- \quad E^o = 1.23\,V$$

प्रबल क्षारीय विलयनों में एवं $MnO_4^-$ के आधिक्य में, अभिक्रिया है,

$$MnO_4^- + e^- \rightleftharpoons MnO_4^{2-} \quad E^o = 0.56\,V$$

मैंग्नीज यौगिकों के रसायन में बहुत सी ऑक्सीकरण अपचयन अभिक्रियाएँ शामिल हैं। कुछ विशिष्ट अभिक्रियाएँ हैं,

अम्लीय विलयनों में अपचायकों के आधिक्य की उपस्थिति में परमैंग्नेट आयन मैंग्नस आयन में अपचयित हो जाता है, उदाहरण

$$5Fe^{2+} + MnO_4^- + 8H^+ \rightarrow 5Fe^{3+} + Mn^{2+} + 4H_2O$$

क्षारीय विलयन में अपचायकों का आधिक्य परमैंग्नेट आयन को केवल मैंग्नीज डाईऑक्साइड में ऑक्सीकृत करता है उदाहरण,

$$3NO_2^- + MnO_4^- + 2OH^- \rightarrow 3NO_3^- + MnO_2 + H_2O$$

दुर्बल अम्लीय एवं उदासीन विलयनों में, मैंग्नस आयन ऑक्सीकृत होकर मैंग्नीज देता है जो परमैंग्नेट द्वारा मैंग्नीज डाईऑक्साइड में ऑक्सीकृत हो जाता है।

$$2MnO_4^- + 3Mn^{+2} + 2H_2O \rightarrow 5MnO_2 + 4H^+$$

प्रबल क्षारीय विलयनों में, परमैंग्नेट मैंग्नीज डाईऑक्साइड को मैंग्नेट आयन में ऑक्सीकृत करता है।

$$MnO_2 + 2MnO_4^- + 4OH^- \rightarrow 3MnO_4^{2-} + 2H_2O$$

अम्लीय माध्यम में, $KMnO_4$ ऑक्सीकृत करता है,

***फैरस लवणों को फैरिक लवणों में***

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$

$$2FeSO_4 + H_2SO_4 + [O] \rightarrow Fe_2(SO_4)_3 + H_2O] \times 5$$

$$2KMnO_4 + 8H_2SO_4 + 10FeSO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 5Fe_2(SO_4)_3 + 8H_2O$$

आयनिक समीकरण,

$$2MnO_4^- + 16H^+ + 10Fe^{2+} \rightarrow 2Mn^{2+} + 10Fe^{3+} + 8H_2O$$

यह अभिक्रिया किसी भी विलयन में $KMnO_4$ द्वारा $Fe$ के आयतनात्मक ऑकलन का आधार निर्मित करती है।

***ऑक्जेलिक अम्ल को कार्बन डाईऑक्साइड में***

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$

$$(COOH)_2 + [O] \rightarrow 2CO_2 + H_2O] \times 5$$

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 + 5(COOH)_2 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 10CO_2 + 8H_2O$$

आयनिक समीकरण

$$2MnO_4^- + 6H^+ + 5(COOH)_2 \rightarrow 2Mn^{2+} + 10CO_2 + 8H_2O$$

***सल्फाइट को सल्फेट में***

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$

$$Na_2SO_3 + [O] \rightarrow Na_2SO_4] \times 5$$

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 + 5Na_2SO_3 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 5Na_2SO_4 + 3H_2O$$

आयनिक समीकरण,

$$2MnO_4^- + 6H^+ + 5SO_3^{2-} \rightarrow 2Mn^{2+} + 5SO_4^{2-} + 3H_2O$$

***अम्लीय माध्यम में आयोडाइड को आयोडीन में***

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$

$$2KI + H_2O + [O] \rightarrow I_2 + 2KOH \times 5$$

$$2KOH + H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2H_2O\,] \times 5$$

$$2KMnO_4 + 8H_2SO_4 + 10KI \rightarrow 6K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 5I_2 + 8H_2O$$

आयनिक समीकरण,

$$2MnO_4^- + 16H^+ + 10I^- \rightarrow 2Mn^{2+} + 5I_2 + 8H_2O$$

***हाइड्रोजन परॉक्साइड को ऑक्सीजन मे***

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5[O]$$

$$H_2O_2 + [O] \rightarrow H_2O + O_2 \uparrow \times 5$$

$$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 + 5H_2O_2 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 8H_2O + 5O_2$$

***मैंग्नस सल्फेट ($MnSO_4$) को मैंग्नीज डाईऑक्साइड ($MnO_2$) में***

$$2KMnO_4 + H_2O \rightarrow 2KOH + 2MnO_2 + 3[O]$$

$$MnSO_4 + H_2O + [O] \rightarrow MnO_2 + H_2SO_4 \times 3$$

$$2KOH + H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2H_2O$$

$$2KMnO_4 + 3MnSO_4 + 2H_2O \rightarrow 5MnO_2 + K_2SO_4 + 2H_2SO_4$$

आयनिक समीकरण,

$$2MnO_4^- + 3Mn^{2+} + 2H_2O \rightarrow 5MnO_2 + 4H^+$$

***अमोनिया को नाइट्रोजन में***

$$2KMnO_4 + H_2O \rightarrow 2MnO_2 + 2KOH + 3[O]$$

$$2NH_3 + 3[O] \rightarrow N_2(g) + 3H_2O$$

$$2KMnO_4 + 2NH_3 \rightarrow 2MnO_2 + 2KOH + 2H_2O + N_2(g)$$

***उपयोग*** : $KMnO_4$ प्रयुक्त होता है

(i) एक ऑक्सीकारक की तरह (ii) बीमारी उत्पन्न करने वाले रोगाणुओं के प्रति रोगाणुनाशक की तरह। (iii) पीने के पानी के कुँओं को कीटाणुरहित करने में (iv) फैरस लवण, ऑक्जेलिक अम्ल आदि के आयतनात्मक ऑकलन में (v) तनु क्षारीय $KMnO_4$ विलयन **बेयर अभिकर्मक** कहलाता है।

**परमैंग्नेट आयन ($MnO_4^-$) की संरचना :** $MnO_4^-$ में $Mn$ +7 ऑक्सीकरण अवस्था में होता है। इस आयन में $Mn$ $sp^3$ संकरण प्रदर्शित करता है। $MnO_4^-$ की संरचना चित्र में प्रदर्शित की गई है।




$MnO_4^-$ आयन की संरचना

## आयरन एवं इसके यौगिक (Iron and its compounds)

(1) **आयरन के अयस्क :** हैमेटाइट $Fe_2O_3$, मैंग्नेटाइट ($Fe_3O_4$), लिमोनाइट ($Fe_2O_3.3H_2O$), आयरन पायरिटीज ($FeS_2$), कॉपर पायरिटीज ($CuFeS_2$) आदि।

(2) **निष्कर्षण** (Extraction) **:** ढलवाँ लोहे को उसके ऑक्साइडों से पिग आयरन देने के लिये वात्या भट्टी में कार्बन एवं कार्बनमोनोऑक्साइड के साथ अपचयन द्वारा निष्कर्षित किया जाता है।

**भर्जन :** फैरस ऑक्साइड फैरिक ऑक्साइड में परिवर्तित हो जाता है।

$$Fe_2O_3.3H_2O \rightarrow Fe_2O_3 + 3H_2O\,;\,2FeCO_3 \rightarrow 2FeO + 2CO_2$$

$4FeO + O_2 \rightarrow 2Fe_2O_3$

**प्रगलन** : फैरिक ऑक्साइड के भर्जित अयस्क का अपचयन वात्या भट्टी में कराया जाता है।

(i) फैरिक ऑक्साइड का अपचयन कार्बन एवं कार्बन मोनोऑक्साइड द्वारा कराया जाता है (1473*K* से 1873*K* के बीच)

$2C + O_2 \rightarrow 2CO$

(ii) $Fe_2O_3 + 3CO \xrightarrow{673\,K} 2Fe + 3CO_2$ । यह उत्क्रमणीय एवं ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है। इसलिये ली-शातालिये नियम के अनुसार भट्टी में कम ताप पर अधिक आयरन उत्पन्न होगा।

$Fe_2O_3 + CO \rightarrow 2FeO + CO_2$
(यह उत्क्रमणीय नहीं है)

(iii) $FeO + C \xrightarrow[\text{ऊष्माशोषी अभिक्रिया}]{1073\,K} Fe + CO$

भट्टी के शीर्ष पर छोड़ी जा रही गैसों में 28% तक *CO* होती है और ये **काउपर स्टोव** में गर्म झोंकों के लिये वायु को पूर्ण गर्म करती है।

**आयरन के प्रकार** : आयरन के तीन व्यापारिक प्रकार उनके कार्बन अवयवों में भिन्न होते हैं। ये हैं,

(1) **ढलवाँ लोहा अथवा पिग आयरन** (Cast iron): यह आयरन का सर्वाधिक अशुद्ध रूप हैं और इसमें कार्बन का उच्चतम अनुपात होता है (2.5–4%)

(2) **पिटवाँ लोहा अथवा आघातवर्धनीय आयरन** (Wrought iron): यह आयरन का शुद्धतम रूप है और इसमें कार्बन की न्यूनतम मात्रा होती है (0.12–0.25%)।

(3) **इस्पात** (Steel) : यह आयरन का अतिमहत्वपूर्ण रूप है और इसके अत्यधिक अनुप्रयोग पाये जाते हैं। इसमें कार्बन अवयव (अशुद्धि) ढलवाँ एवं पिटवाँ लोहे के बीच पाये जाते हैं। इसमें 0.2–1.5% कार्बन होता है। इस्पात जिसमें *0.2*–0.5% कार्बन पाया जाता है वह मृदु इस्पात कहलाता है; जबकि इस्पात जिसमें 0.5–1.5% कार्बन पाया जाता है उसे कठोर इस्पात कहते हैं।

इस्पात को सामान्यतः ढलवाँ लोहे से तीन विधियों द्वारा निर्मित किया जाता है, जो कि इस तरह है (i) बेसेमर प्रक्रम जिसमें बडी नाशपाती के आकार की भट्टी (बर्तन) प्रयुक्त होती है जिसे बेसेमर परिवर्तक कहते हैं, (ii) L.D. प्रक्रम एवं (iii) खुले तल का प्रक्रम, स्पिगलेसिन (*Fe, Mn* एवं *C* की मिश्रधातु) को इस्पात के निर्माण के दौरान मिलाया जाता है।

***इस्पातों का ऊष्मा उपचार*** *(Heat treatment of steel)* : इस्पात के ऊष्मा उपचार को इस तरह परिभाषित कर सकते हैं कि वह प्रक्रम जिसमें इस्पात को उच्च ताप तक सावधानीपूर्वक गर्म किया जाता है, तत्पश्चात उसे नियंत्रित परिस्थितियों के अन्तर्गत कमरे के ताप तक ठण्डा किया जाता है। इस्पात का ऊष्मा उपचार निम्न दो उद्देश्यों के लिये किया जाता है,

(i) रासायनिक संघटन परिवर्तित किये बिना कुछ विशिष्ट गुणों को उत्पन्न करने के लिये जैसे कठोरता, दृढ़ता, तन्यता आदि।

(ii) कुछ अनचाहे गुण अथवा गैसों को पृथक करने में जैसे फँसी हुई गैस, आन्तरिक तन्यता एवं तनाव। ऊष्मा उपचार की विभिन्न विधियाँ हैं।

(a) *तापानुशीतन (Annealing)* : यह इस्पात को लालतप्त गर्म करने का प्रक्रम है। तत्पश्चात् मन्द शीतलन किया जाता है।

(b) *क्विन्चिंग अथवा कठोरीकरण (Quenching or hardening)* : यह इस्पात को लाल तप्त गर्म करने का प्रक्रम है तत्पश्चात इसे तुरन्त ठण्डा किया जाता है। जिसमें लाल तप्त इस्पात को जल अथवा तेल में डुबा दिया जाता है।

(c) *पानी चढ़ाना (Tempering)* : यह कठोर अथवा क्विंच इस्पात को गर्म करने का प्रक्रम है जिसमें कठोर इस्पात को लाल तप्त होने से कम ताप तक (473–623*K*) गर्म किया जाता है तत्पश्चात इन्हें धीरे-धीरे ठण्डा किया जाता है।

(d) *पर्त कठोरीकरण (Case hardening)*: यह पिटवाँ लोहे को अथवा मजबूत एवं तन्य दुर्बल इस्पात को कठोर इस्पात का पतला आवरण देने का प्रक्रम है जिसमें इसे चारकोल सम्पर्क में गर्म करते हैं तत्पश्चात इसे तेल में डालकर कठोर करते हैं।

(e) *नाइट्राइडिंग (Nitriding)*: यह इस्पात को अमोनिया के वातावरण में लगभग 700 $^oC$ तक गर्म करने का प्रक्रम है। यह प्रक्रम इस्पात की सतह पर आयरन नाइट्राइड का कड़ा आवरण प्रदान करता है।

***इस्पात के गुण*** : इस्पात के गुण इसके कार्बन अवयव पर निर्भर करते हैं। कार्बन अवयव में वृद्धि के साथ इस्पात की कठोरता बढ़ती है जबकि इसकी तन्यता घटती है।

(i) कार्बन न्यून अथवा मृदु इस्पात में कार्बन 0.25% तक होता है।

(ii) मध्य कार्बन इस्पात अथवा दुर्बल इस्पात में कार्बन 0.25–0.5% तक होता है।

(iii) उच्च कार्बन अथवा कठोर इस्पात में कार्बन 0.1–1.5 प्रतिशत तक होता है।

(iv) मिश्रधातु इस्पात अथवा विशिष्ट इस्पात, इस्पात की $Ni, Cr, Co, W, Mn, V$ आदि के साथ मिश्रधातु है, उदाहरण के लिये

(a) स्टेनलेस स्टील (*Fe* = 73%, *Cr* = 18%, *Ni* = 8% + *C*) जंग प्रतिरोधी है और ये सजावटी वस्तुएँ, बर्तन आदि के बनाने में प्रयुक्त होता है।

(b) इनवार (*Fe* = 64%, *Ni* = 36%) में विस्तार का लघु गुणांक होता है और ये मीटर पैमाना, पेन्डुलम छड़ें तथा घडियों के बनाने में प्रयुक्त होता है।

(c) मैंग्नीज इस्पात (*Fe* = 86%, *Mn* 13% + कार्बन) अत्यन्त कठोर होता है एवं क्षयरोधी होता है और इसलिये इसका उपयोग चट्टानो में छेद करने वाली मशीन, अलमारी आदि के बनाने में होता है।

(d) टंग्सटन इस्पात (*Fe* = 94%, *W* = 5% + कार्बन) अत्यन्त कठोर होता है और इसका उपयोग उच्च वेग से काटने वाले औजारों को बनाने में होता है।

(e) पर्म मिश्रधातु (*Fe* = 21%, *Ni* = 78% + कार्बन) विद्युत धारा द्वारा प्रबलता से चुम्बकित होता है किन्तु धारा को बन्द करने पर चुम्बकत्व खो देता है। इसका उपयोग वैद्युत चुम्बक, समुद्री केबल आदि को बनाने में होता है।

### आयरन के गुण

(1) शुष्क अथवा नम वायु की शुद्ध आयरन पर कोई क्रिया नहीं होती किन्तु अशुद्ध आयरन को जब नम वायु के संपर्क में लाते हैं तो यह जंग की पर्त द्वारा आवरित हो जाता है $(Fe_2O_3 + Fe(OH)_3$ । किन्तु महीन चूर्ण शुद्ध आयरन वायु अथवा ऑक्सीजन में जलकर $Fe_3O_4$ (आयरन का चुम्बकीय ऑक्साइड) बनाता है।

$3Fe + 2O_2 \rightarrow Fe_3O_4$

(2) लाल तप्त आयरन भाप को अपघटित करता है,

$3Fe + 4\underset{\text{भाप}}{H_2O} \xrightarrow{\text{लाल तप्त}} Fe_3O_4 + 4H_2$

(3) **अम्लों की क्रिया** : आयरन तनु *HCl*, एवं तनु $H_2SO_4$ के साथ अभिक्रिया कर हाइड्रोजन उत्सर्जित करता है। आयरन गर्म सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ $SO_2$ देता है, तनु $HNO_3$ के साथ यह $NH_4NO_3$ देता है और कम सान्द्र $HNO_3$ के साथ अभिक्रिया कर यह $NO_2$ बनाता है।

ठन्डा सान्द्र $HNO_3$ आयरन को निष्क्रिय बनाता है क्योंकि इसकी सतह पर आयरन ऑक्साइड $(Fe_3O_4)$ की पतली पर्त जमती है।

गर्म सान्द्र $HNO_3$ आयरन के साथ अभिक्रिया कर *NO* उत्सर्जित करता है।

$Fe + 4HNO_3(\text{गर्म सान्द्र}) \rightarrow Fe(NO_3)_3 + NO + 2H_2O$

(4) आयरन क्षारों के साथ अभिक्रिया नहीं करता।

(5) यह कम धनविद्युती धातुओं (*उदाहरण, Cu, Ag* आदि) को उनके लवणों में से पृथक कर देता है, $CuSO_4 + Fe \rightarrow FeSO_4 + Cu$

(6) महीन चूर्ण आयरन $CO$ के साथ संयोजित होकर पेन्टा कार्बोनिल बनाता है, $Fe + 5CO \rightarrow Fe(CO)_5$

(7) आयरन $Hg$ के साथ अमलगम नहीं बनाता।

(8) आयरन सर्वाधिक प्रचुर एवं सबसे अधिक प्रयुक्त होने वाली संक्रमण धातु है।

### आयरन के यौगिक

(1) **आयरन के ऑक्साइड :** आयरन तीन ऑक्साइड बनाता है $FeO, Fe_2O_3$ (हेमेटाइट), $Fe_3O_4$ (मैंग्नेटाइट जिसे मैंग्नेटिक ऑक्साइड अथवा लैड स्टोन भी कहते हैं)।

(i) ***फैरस ऑक्साइड,*** $FeO$ : यह काला चूर्ण है, अम्लीय प्रकृति का है एवं तनु अम्लों के साथ क्रिया कर फैरस लवण देता है।

$FeO + H_2SO_4 \rightarrow FeSO_4 + H_2O$ ; यह काँच उद्योगों में काँच को हरा रंग प्रदान करने में प्रयुक्त होता है।

(ii) ***फैरिक ऑक्साइड*** $Fe_2O_3$ : यह लाल भूरा चूर्ण है, जो वायु अथवा जल द्वारा प्रभावित नहीं होता, यह उभयधर्मी प्रकृति का है एवं अम्ल तथा क्षार दोनों के साथ क्रिया कर लवण देता है। इसे $C$ अथवा $CO$ के साथ गर्म कर आयरन में अपचयित कर सकते हैं।

$Fe_2O_3 + 3C \rightarrow 2Fe + 3CO$ ; $Fe_2O_3 + 3CO \rightarrow 2Fe + 3CO_2$

यह लाल वर्णक की तरह बाहरी दीवारों को लाल रंग प्रदान करने में प्रयुक्त होता है और स्वर्णकारों द्वारा पॉलिश करने के चूर्ण की तरह प्रयुक्त होता है।

(iii) ***फैरोसोफैरिकोक्साइड*** $Fe_3O_4(FeO.Fe_2O_3)$: यह $FeO$ एवं $Fe_2O_3$, की अपेक्षा अधिक स्थायी है, यह चुम्बकीय प्रकृति का है और अम्लों में घुलकर आयरन (II) एवं आयरन (III) लवणों का मिश्रण देता है।

$Fe_3O_4 + 4H_2SO_4$ (तनु) $\rightarrow FeSO_4 + Fe_2(SO_4)_3 + 4H_2O$

(2) **फैरस सल्फाइड** $FeS$ : इसे आयरन छीलन को सल्फर के साथ गर्म करके बनाते हैं। तनु $H_2SO_4$ के साथ यह $H_2S$ देता है।

$FeS + H_2SO_4$ (तनु) $\rightarrow FeSO_4 + H_2S \uparrow$

(3) **फैरिक क्लोराइड** $FeCl_3$ : (i) **बनाने की विधियाँ** : इसे $Fe(OH)_3$ को $HCl$ के साथ अभिकृत करके बनाते हैं।

$Fe(OH)_3 + 3HCl \rightarrow FeCl_3 + 3H_2O$

विलयन वाष्पीकरण पर $FeCl_3.6H_2O$ के पीले क्रिस्टल देता है।

(ii) ***गुण :*** (a) निर्जलीय $FeCl_3$ लाल काले आर्द्रताग्राही क्रिस्टल बनाता है।

(b) $FeCl_3$ आर्द्रताग्राही है और $H_2O$ में घुलकर $HCl$ के निर्माण के कारण भूरा अम्लीय विलयन देता है।

$FeCl_3 + 3H_2O \rightarrow \underset{\text{(भूरा)}}{Fe(OH)_3} + 3HCl$

(c) ऑक्सीकारक प्रकृति के कारण $FeCl_3$ के $Fe^{3+}$ आयन कॉपर जैसी धातुओं के इचिंग में प्रयुक्त होते हैं।

$2Fe^{3+} + Cu \rightarrow 2Fe^{2+} + Cu^{2+}(aq)$

(d) वाष्प अवस्था में $FeCl_3$ द्विलक, $Fe_2Cl_6$ की तरह उत्पन्न होता है।




(e) $FeCl_3$ घाव से बहते हुए रक्त को रोकने में प्रयुक्त होता है।

(4) **फैरस सल्फेट** $FeSO_4, 7H_2O$ **(हरा कसीस)** : इसे निम्न तरह से बनाते हैं,

$Fe + H_2SO_4 \rightarrow FeSO_4 + H_2$

(i) नम वायु के दबाव से क्रिस्टल भूरे हो जाते हैं क्योंकि ये वायु द्वारा ऑक्सीकृत होते हैं।

$4FeSO_4 + 2H_2O + O_2 \rightarrow 4Fe(OH)SO_4$

(ii) गर्म करने पर, क्रिस्टल निर्जल बन जाते हैं और प्रबलता से गर्म करने पर ये $Fe_2O_3, SO_2$ एवं $SO_3$ में अपघटित हो जाते हैं।

$FeSO_4.7H_2O \xrightarrow{\text{गर्म}} FeSO_4 + 7H_2O$

$2FeSO_4 \xrightarrow[\text{गर्म}]{\text{प्रबल}} Fe_2O_3 + SO_2 + SO_3$

(iii) यह $KMnO_4$ एवं $K_2Cr_2O_7$ के अम्लीय विलयन को अपचयित कर सकता है।

(iv) यह सामान्यतः अमोनियम सल्फेट के साथ द्विक लवण में प्रयुक्त होता है।

$(NH_4)_2SO_4 + FeSO_4 + 6H_2O \rightarrow \underset{\text{मोहर लवण}}{FeSO_4.(NH_4)_2SO_4.6H_2O}$

मोहर लवण वायुमण्डलीय ऑक्सीकरण का प्रतिरोध करता है।

(v) यह नाइट्रेट आयनों के लिये वलय परीक्षण में प्रयुक्त होता है जहाँ यह $FeSO_4.NO$. यौगिक की भूरे रंग की वलय देता है।

$FeSO_4 + NO \rightarrow FeSO_4.NO$

(vi) $FeSO_4$ का उपयोग नीली काली स्याही के निर्माण में होता है।

(vii) $FeSO_4 + H_2O_2$ को **फेन्टॉन अभिकर्मक** के नाम से जाना जाता है।

(5) **मोहर लवण** $FeSO_4.(NH_4)_2SO_4.6H_2O$ : यह एक द्विकलवण है और उस विलयन के क्रिस्टलीकरण द्वारा बनाया जाता है जिसमें $FeSO_4.7H_2O$ एवं $(NH_4)_2SO_4$ की समतुल्य मात्रा होती है। यह सूचित किया जा सकता है कि मोहर लवण में बिना किसी $Fe^{3+}$ आयन अंशों के केवल $Fe^{2+}$ आयन होते हैं। इसके विपरीत $FeSO_4.7H_2O$ में $Fe^{2+}$ आयनों के वायुमण्डलीय ऑक्सीकरण के कारण सदैव कुछ $Fe^{3+}$ आयन होते हैं। चूँकि $Fe^{2+}$ आयनों के मानक विलयन को मोहर लवण की ज्ञात तुली मात्रा द्वारा सीधे ही प्राप्त किया जा सकता है, इसलिये, मोहर लवण को आयतनात्मक विश्लेषण में प्राथमिक मानक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

यह अपचायक के समान कार्य करता है और अपने मूल रूप में ही अम्लीकृत $KMnO_4$ एवं $K_2Cr_2O_7$ विलयनों को अपचयित करता है।

$MnO_4^- + 5Fe^{2+} + 8H^+ \rightarrow 5Fe^{3+} + Mn^{2+} + 4H_2O$

$Cr_2O_7^{2-} + \underset{\text{(मोहर लवण से)}}{6Fe^{2+}} + 14H^+ \rightarrow 6Fe^{3+} + 2Cr^{3+} + 7H_2O$

## कॉपर एवं इसके यौगिक (Copper and its Compounds)

(1) **अयस्क :** कॉपर पायरिटीज (चेल्कोपायराइट) $CuFeS_2$, क्यूप्राइट (रूबी कॉपर) $Cu_2O$, कॉपर ग्लान्स $(Cu_2S)$, मैलेकाइट $[Cu(OH)_2.CuCO_3]$, एज्यूराइट $[Cu(OH)_2.2CuCO_3]$

(2) **निष्कर्षण :** अधिकांश कॉपर (लगभग 75%) उसके सल्फाइड अयस्क, कॉपर पायरिटीज से निष्कर्षित किया जाता है।

**अयस्क का सान्द्रण** : झाग उत्प्लवन प्रक्रम

**भर्जन** : मुख्य अभिक्रिया

$2CuFeS_2 + O_2 \rightarrow Cu_2S + 2FeS + SO_2$.

पार्श्व अभिक्रिया : $2Cu_2S + 3O_2 \rightarrow 2Cu_2O + 2SO_2$

$2FeS + 3O_2 \rightarrow 2FeO + 2SO_2$.

**प्रगलन** : $FeO + SiO_2 \rightarrow FeSiO_3$ (धातुमल)

$Cu_2O + FeS \rightarrow FeO + Cu_2S$

कॉपर एवं आयरन सल्फाइडों का मिश्रण एक साथ पिघलकर '**मैट**' (Matte) $(Cu_2S + FeS)$ एवं धातुमल जो इसकी सतह पर तैरता है, बनाते हैं।

**मैट का फफोलेदार ताँबे में परिवर्तन** (बेसेमरीकरण) : सिलिका को मैट में मिलाते हैं एवं वायु के गर्म झोके को प्रवाहित किया जाता है $FeO + SiO_2 \rightarrow FeSiO_3$ (धातुमल)। धातुमल को पृथक कर लिया जाता है। इस समय में अधिकांश आयरन सल्फाइड पृथक हो जाता है। $Cu_2S + 2Cu_2O \rightarrow 6Cu + SO_2$

फफोलेदार ताँबा : जिसमें 98% शुद्ध ताँबा एवं 2% अशुद्धियाँ (*Ag, Au, Ni, Zn* आदि) होती हैं।

**कॉपर के गुण** : इसका लाल भूरा रंग होता है। यह उच्च आघातवर्धनीय एवं तन्य है। इसकी उच्च विद्युत चालकता तथा उच्च ऊष्मा चालकता होती है। कॉपर द्वितीय सबसे अधिक प्रयोग होने वाली धातु है (प्रथम आयरन है)। यह कम सक्रिय धातुओं के साथ प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ देती है उदाहरण *Ag* के साथ यह $AgNO_3$ से *Ag* को प्रतिस्थापित कर सकती है। इस तरह प्राप्त महीन चूर्ण *Ag* काले रंग का होता है।

कॉपर +1 एवं +2 ऑक्सीकरण अवस्थायें प्रदर्शित करता है। यहाँ कॉपर (I) लवण रंगहीन है, कॉपर (II) लवण नीले रंग के होते हैं। *Cu* (I) लवण कम स्थायी हैं और इसलिये *Cu* (II) लवणों में शीघ्रता से ऑक्सीकृत हो जाते हैं $(2Cu^+ \rightarrow Cu^{2+} + Cu)$ इस अभिक्रिया को **विसमानुपातन** कहते हैं।

(1) वायुमण्डलीय $CO_2$ एवं नमी की उपस्थिति में कॉपर भास्मिक कॉपर कार्बोनेट की हरी पर्त के साथ आवरित हो जाता है जो शेष धातु को अतिरिक्त क्रिया से रक्षित करती है।

$$Cu + O_2 + CO_2 + H_2O \rightarrow \underset{\text{(हरी पर्त)}}{Cu(OH)_2CuCO_3}$$

(2) ऑक्सीजन अथवा वायु की उपस्थिति में कॉपर को जब लाल तप्त (1370*K* के नीचे) होने तक गर्म किया जाता है तो ये पहले लाल क्यूप्रस ऑक्साइड बनाता है जो आगे गर्म करने पर काले क्यूप्रिक ऑक्साइड में परिवर्तित हो जाता है। यदि तापमान अत्यधिक उच्च हो तो क्यूप्रिक ऑक्साइड पुनः क्यूप्रस ऑक्साइड में परिवर्तित हो जाता है।

$$4Cu + O_2 \xrightarrow{\text{1370 K के नीचे}} \underset{\text{(लाल)}}{2Cu_2O} \xrightarrow[\text{1370 K के ऊपर}]{O_2} \underset{\text{(काला)}}{4CuO}$$

$$CuO + Cu \xrightarrow{\text{उच्च ताप}} Cu_2O$$

(3) **अम्लों की क्रिया** : अनॉक्सीकारक तनु अम्ल जैसे $HCl, H_2SO_4$ की कॉपर पर कोई क्रिया नहीं होती। किन्तु वायु की उपस्थिति में कॉपर इन अम्लों में घुल जाता है।

$$Cu + 2HCl + \frac{1}{2}O_2\text{(वायु)} \rightarrow CuCl_2 + H_2O$$

तनु $HNO_3$ के साथ, *Cu* द्वारा *NO* (नाइट्रिक ऑक्साइड) उत्सर्जित होती है।

$$3Cu + 8HNO_3 \rightarrow 3Cu(NO_3)_2 + 2NO + 4H_2O$$

सांद्र $HNO_3$ के साथ कॉपर $NO_2$ देता है।

$$Cu + 4HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2NO_2 + 2H_2O$$

गर्म सांद्र $H_2SO_4$ के साथ कॉपर $SO_2$ देता है।

$$Cu + 2H_2SO_4 \rightarrow CuSO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

**कॉपर के यौगिक**

(1) **कॉपर के हैलाइड** : कॉपर (II) क्लोराइड, $CuCl_2$ को क्लोरीन के तप्त कॉपर पर प्रवाहन द्वारा बनाते हैं। सांद्र जलीय $CuCl_2$ विलयन गहरा भूरा होता है किन्तु पहले हरे रंग में बदलता है और फिर तनुकरण पर नीला हो जाता है।

गर्म करने पर, यह कॉपर (I) क्लोराइड एवं क्लोरीन में विसमानुपातित हो जाता है।

$$2CuCl_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2CuCl + Cl_2$$

यह **डीकन प्रक्रम** (Daecon's process) में उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होता है इस विधि को क्लोरीन निर्माण में प्रयुक्त करते हैं।

कॉपर (I) क्लोराइड, *CuCl* एक सफेद ठोस है जो जल में अविलेय है। इसे $CuCl_2$ विलयन को कॉपर छीलन एवं सांद्र *HCl* के आधिक्य के साथ उबालकर प्राप्त करते हैं।

$$CuCl_2 + Cu \xrightarrow{\text{HCl}} 2CuCl$$

यह $H[CuCl_2]$ संकुल निर्माण के कारण सांद्र *HCl* में घुलनशील है।

$$CuCl + HCl \rightarrow H[CuCl_2]$$

यह संश्लेषित रबर के निर्माण में $NH_4Cl$ के साथ उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होता है।

(2) **क्यूप्रस ऑक्साइड** $Cu_2O$ : यह लाल भूरा चूर्ण है जो जल में अविलेय है किन्तु अमोनिया विलयन में विलेय है जहाँ ये डाईएमीन कॉपर (I) आयन बनाता है। $Cu^+ + 2NH_3 \rightarrow [Cu(NH_3)_2]^+$ यह काँच उद्योगों में काँच को लाल रंग प्रदान करने में प्रयुक्त होता है।

(3) **क्यूप्रिक ऑक्साइड** *CuO* : यह गहरा काला, आर्द्रताग्राही चूर्ण है जो CO हाइड्रोजन आदि द्वारा *Cu* में अपचयित हो जाता है। यह काँच को हल्का नीला रंग प्रदान करने में प्रयुक्त होता है। इसे कॉपर नाइट्रेट को गर्म करके बनाते हैं।

$$2Cu(NO_3)_2 \xrightarrow{\Delta} 2CuO + 4NO_2 + O_2$$

(4) **कॉपर सल्फेट** $CuSO_4.5H_2O$ (नीला थोथा) : इसे वायु की उपस्थिति में कॉपर स्क्रेप पर तनु $H_2SO_4$ की क्रिया द्वारा बनाया जाता है।

$$2Cu + 2H_2SO_4 + \underset{\text{(वायु)}}{O_2} \rightarrow CuSO_4 + 2H_2O$$

(i) गर्म करने पर यह नीला लवण क्रिस्टलीकरण जल खोने के कारण सफेद बन जाता है।

$$\underset{\text{नीला}}{CuSO_4.5H_2O} \xrightarrow{503\,K} \underset{\text{सफेद}}{CuSO_4} + 5H_2O$$

लगभग 1000 *K* ताप पर $CuSO_4$ अपघटित होकर *CuO* एवं $SO_3$ देता है।

$$CuSO_4 \xrightarrow{1000\,K} CuO + SO_3$$

(ii) यह $NH_4OH$ के साथ टेट्राएमीन कॉपर (II) सल्फेट का गहरा नीला विलयन देता है।

$$Cu_2SO_4 + 4NH_4OH, \rightarrow \underset{\text{नीला रंग}}{[Cu(NH_3)_4]}SO_4 + 4H_2O$$

(iii) *KCN* के साथ ये पहले *CuCN* का पीला अवक्षेप देता है जो अपघटित होकर $Cu_2(CN)_2$ देता है। $Cu_2(CN)_2$ *KCN* के आधिक्य में घुलकर $K_3[Cu(CN)_4]$ देता है।

$$2CuSO_4 + 4KCN \rightarrow Cu_2(CN)_2 + 2K_2SO_4 + (CN)_2$$

(iv) *KI* के साथ ये $Cu_2I_2$ का सफेद अवक्षेप देता है।

$$4KI + 2CuSO_4 \rightarrow 2K_2SO_4 + \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{Cu_2I_2} + I_2$$

(v) $K_4[Fe(CN)_6]$ के साथ $CuSO_4$ $Cu_2[Fe(CN)_6]$ का लाल भूरा अवक्षेप देता है।

$$2CuSO_4 + K_4[Fe(CN)_6] \rightarrow \underset{\text{लाल भूरा अवक्षेप}}{Cu_2[Fe(CN)_6]} + 2K_2SO_4$$

**उपयोग** : कॉपर की इलेक्ट्रोप्लेटिंग एवं इलेक्ट्रो परिशोधन के लिये। रंजन में रंगबन्धक की तरह। बोर्डेक्स मिश्रण (चूने के 11 भाग चूने के दूध की तरह + जल के 1,000 भाग में कॉपर सल्फेट के 16 भाग) को बनाने में। यह सर्वोत्तम कवकनाशी है। हरे वर्णकों को बनाने में जिसमें कॉपर कार्बोनेट एवं कॉपर के अन्य यौगिक होते हैं जैसे वर्डीग्रीस जो $Cu(CH_3COO)_2Cu(OH)_2$ है अर्थात् भास्मिक कॉपर एसीटेट जो पेण्ट में हरे वर्णक की तरह प्रयुक्त होता है। किताबों के बाइन्डिंग कार्य के लिए प्रयुक्त स्टार्च पेस्ट में कवकनाशी की तरह।

(5) **क्यूप्रिक सल्फाइड** $CuS$ : ये इस तरह से बनाया जाता है : $Cu(NO_3)_2 + H_2S \rightarrow \underset{\text{काला अवक्षेप}}{CuS} + 2HNO_3$.

(6) **भास्मिक कॉपर कार्बोनेट** : हाइड्रॉक्साइड की कम विलेयता के कारण, सामान्यतः कार्बोनेट अस्तित्व में नहीं है। प्रकृति में दो भास्मिक कॉपर कार्बोनेट पाये जाते हैं जो हैं **मैलेकाइट** $CuCO_3.Cu(OH)_2$ जिसका हरा रंग होता है एवं **एज्यूराइट** $2CuCO_3, Cu(OH)_2$ जो गहरे नीले रंग का होता है।

मैलेकाइट को बनाने के लिये $CuSO_4$ विलयन एवं चूना पत्थर के मिश्रण को बन्द नली में 423 – 443 K ताप पर गर्म करते हैं।

$$2CuSO_4 + 2CaCO_3 + H_2O \xrightarrow{423\text{-}443K} \underset{\text{मैलेकाइट}}{CuCO_3Cu(OH)_2} + 2CaSO_4 + CO_2$$

कम ताप पर एज्यूराइट बनता है।

$$3CuSO_4 + 3CaCO_3 + H_2O \xrightarrow{<423\,K} \underset{\text{एज्युराइट}}{2CuCO_3.Cu\ (OH)_2} + 3CaSO_4 + CO_2$$

गर्म करने पर ये दोनों अपघटित होकर काला क्यूप्रिक ऑक्साइड, जल एवं $CO_2$ देते हैं।

इन्हें हरे एवं नीले पेण्ट वर्णक की तरह **'मैलेकाइट ग्रीन'** तथा **'एज्यूराइट ब्लू'** नाम से प्रयुक्त करते हैं।

## सिल्वर एवं इसके यौगिक (Silver and its compounds)

(1) **अयस्क** : अर्जेन्टाइट (सिल्वर ग्लान्स) $Ag_2S$, हॉर्न सिल्वर $(AgCl)$, रूबी सिल्वर (पायरेजिराइट) $3Ag_2S.Sb_2S_3$.

(2) **निष्कर्षण** : *सायनाइड प्रक्रम या मैक अर्थर फॉरेस्ट सायनाइड प्रक्रम* : यह विधि इस तथ्य पर आधारित है कि सिल्वर, इसके सल्फाइड अथवा क्लोराइड क्षारीय सायनाइड के साथ घुलनशील संकुल बनाते हैं। इससे यह प्रदर्शित होता है कि सिल्वर यौगिक वायु के झोंके की उपस्थिति में क्षारीय सायनाइड के विलयन में घुल जायेंगे ।

$$4Ag + 8NaCN + 2H_2O + \underset{\text{वायु}}{O_2} \rightleftharpoons 4Na[Ag(CN)_2] + 4NaOH$$

अथवा $4Ag + 8CN^- + 2H_2O + O_2 \rightleftharpoons 4[Ag(CN)_2]^- + 4OH^-$

$$Ag_2S + 4NaCN \rightleftharpoons 2Na[Ag(CN)_2] + Na_2S$$

$$AgCl + 2NaCN \rightleftharpoons Na[Ag(CN)_2] + NaCl.$$

सल्फाइड के साथ अभिक्रिया उत्क्रमणीय है और $Na_2S$ का जमाव रुकना चाहिये। विलयन में से मुक्त वायु का आधिक्य लगातार प्रवाहित होता है जो $Na_2S$ को सल्फेट एवं थायोसल्फेट में ऑक्सीकृत कर देता है।

$$2Na_2 + 2O_2 + H_2O \rightarrow Na_2S_2O_3 + 2NaOH$$

$$Na_2S_2O_3 + 2NaOH + 2O_2 \rightarrow 2Na_2SO_4 + H_2O$$

$$2Na[Ag(CN)_2] + 4NaOH + Zn \rightarrow Na_2ZnO_2 + 4NaCN + 2H_2O + 2Ag$$

(3) **अर्जेन्टीफैरस लैड** (*PbS* + *Ag₂S*) **से** Ag **का निष्कर्षण – पार्क विधि** (Parke's process) : यह निम्न तथ्यों पर आधारित है (i) गलित *Zn* एवं *Pb* अमिश्रणीय है, जिंक ऊपरी पर्त बनाती है, (ii) *Ag* गलित *Zn* में अधिक विलेय है, (iii) *Zn-Ag* मिश्रधातु गलित *Pb* की अपेक्षा पहले ठोस होती हैं। (IV) *Zn* वाष्पशील होने के कारण *Ag* से आसवन द्वारा पृथक किया जा सकता है। *Ag* खर्परण द्वारा शोधित किया जाता है।

**सिल्वर के गुण** : सिल्वर एक सफेद चमकदार धातु है, ये विद्युत एवं ऊष्मा की सुचालक है। मृदु होने के कारण ये मिश्रित होती है। सिल्वर मिश्र धातु को आभूषण बनाने में प्रयुक्त करते हैं जिसमें 80% *Ag* एवं 20% *Cu* होता है। सिल्वर मिश्र धातु के संघटन को इसकी शुद्धता की तरह व्यक्त करते हैं अर्थात् मिश्र धातु के 1000 भाग में उपस्थित *Ag* की मात्रा। *Ag* तनु *HCl* अथवा तनु $H_2SO_4$ तथा अम्लराज के साथ क्रिया नहीं करती किन्तु तनु $HNO_3$ एवं सान्द्र $HNO_3$ के साथ क्रिया कर क्रमशः $NO$ एवं $NO_2$ बनाती है। क्लोरीन भी $Ag$ के साथ क्रिया कर $AgCl$ बनाती है।

$$2Ag + Cl_2 \rightarrow 2AgCl$$

$Cu$ के समान $Ag$ भी गर्म सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ क्रिया कर $SO_2$ बनाती है।

### सिल्वर के यौगिक

(1) **सिल्वर ऑक्साइड** $(Ag_2O)$: यह अस्थायी है और मंद रूप से गर्म करने पर $Ag$ एवं $O_2$ में अपघटित होता है।

$$2Ag_2O \rightarrow 4Ag + O_2$$

(2) **सिल्वर हैलाइड** (*AgF, AgCl, AgBr* **तथा** *AgI*) : $H_2O$ में केवल *AgF* विलेय है। $H_2O$ में $AgCl$ अविलेय है किन्तु $NH_4OH$, $Na_2S_2O_3$ एवं $KCN$ विलयनों में विलेय है। $NH_4OH$ में *AgBr* आंशिक रूप से विलेय है जबकि $AgI$, $NH_4OH$ में पूर्ण अविलेय है। $AgF$ के अतिरिक्त शेष तीनों हैलाइड प्रकाश सक्रिय हैं।

$$AgCl + 2NH_4OH \rightarrow \underset{\text{डाइएमीन (I) क्लोराइड}}{[Ag(NH_3)_2]Cl} + 2H_2O$$

$$AgCl + 2KCN \rightarrow \underset{\text{पोटेशियम डाइसायनो अर्जेन्टेट (I)}}{K[Ag(CN)_2]} + KCl$$

$$AgCl + 2Na_2S_2O_3 \rightarrow \underset{\text{सोडियम डाईथायोसल्फेटो अर्जेन्टेट (I)}}{Na_3[Ag(S_2O_3)_2]} + NaCl$$

(3) **सिल्वर नाइट्रेट** (*AgNO*) : सिल्वर नाइट्रेट (*AgNO*) को लूनार कास्टिक कहते हैं। सिल्वर नाइट्रेट अपने गलनांक (485 *K*) से अधिक ताप पर गर्म करने पर अपघटित होकर सिल्वर नाइट्राइट देता है किन्तु लाल तप्त तक गर्म करने पर सिल्वर देता है।

$$2AgNO_3 \xrightarrow{485\text{ K के ऊपर}} 2AgNO_2 + O_2$$

$$2AgNO_3 \xrightarrow{\text{लाल तप्त}} 2Ag + 2NO_2 + O_2$$

जब क्षार के साथ अभिकृत करते हैं, तो $AgNO_3$ सिल्वर ऑक्साइड बनाता है जो $NH_4OH$ के प्रकरण में घुलकर संकुल आयन बनाता है।

$$2AgNO_3 + 2NaOH \rightarrow Ag_2O + 2NaNO_3 + H_2O$$

$$2AgNO_3 + 2NH_4OH \rightarrow Ag_2O + 2NH_4NO_3 + H_2O$$

$$Ag_2O + 4NH_4OH \rightarrow \underset{\text{डाइएमीन सिल्वर हाइड्रॉक्साइड}}{2[Ag(NH_3)_2]OH} + 3H_2O$$

$AgNO_3$ आयोडीन के साथ दो तरह से क्रिया करता है :

$$6AgNO_3\ (\text{आधिक्य}) + 3I_2 + 3H_2O \rightarrow AgIO_3 + 5AgI + 6HNO_3$$

$$5AgNO_3 + 3I_2\ (\text{आधिक्य}) + 3H_2O \rightarrow HIO_3 + 5AgI + 5HNO_3$$

कार्बनिक पदार्थों के संपर्क में (त्वचा, कपड़े, कागज आदि) $AgNO_3$ धात्विक सिल्वर (काला) में अपचयित हो जाता है।

$2\,AgNO_3 + H_2O \rightarrow 2\,Ag + 2HNO_3 + [O] \rightarrow$ कार्बनिक पदार्थों को अपचयित करता है।

$AgNO_3$ विभिन्न एनायन के साथ विभिन्न रंग के अवक्षेप देता है जैसे $Cl^-, Br^-, I^-, S^{2-}, S_2O_3^{2-}, CrO_4^{2-}, PO_4^{3-}$ आदि एनायन।

$AgNO_3$ को स्याही एवं बालों के खिजाब के निर्माण में प्रयुक्त करते हैं।

**फोटोग्राफी** : फोटोग्राफिक प्लेट, $AgBr$ के कोलॉइडल जिलेटनीकृत विलयन द्वारा आवरित होती है। एक्सपोजर के दौरान, $AgBr$ धात्विक सिल्वर में अपचयित होता है।

$$2\,AgBr \rightarrow 2\,Ag + Br_2$$

एक्सपोज फिल्म को डेवलप करते हैं। प्रयुक्त डेवलपर हाइड्रोक्विनोन अथवा क्विनोल का क्षारीय विलयन होता है जो एक्सपोज $AgBr$ के कुछ भाग को काले सिल्वर में अपचयित कर देता है।

$$\underset{\text{क्विनॉल}}{C_6H_4(OH)_2} + 2\,AgBr \rightarrow 2\,Ag + \underset{\text{क्विनॉन}}{C_6H_4O_2} + 2\,HBr$$

फिल्म को अन्त में सोडियम थायोसल्फेट अथवा हाइपो विलयन में डुबाकर फिक्स किया जाता है जो अपरिवर्तित $AgBr$ को संकुल आयन की तरह पृथक करता है।

$$AgBr + 2Na_2S_2O_3 \rightarrow Na_3[Ag(S_2O_3)_2] + NaBr$$

फोटोग्राफ का प्रिन्ट लेने के पश्चात् इसे अन्त में गोल्ड क्लोराइड के तनु विलयन में डुबाकर टोनिंग की जाती है जो सुन्दर सुनहरा रंग प्रदान करता है अथवा इसे पोटेशियम क्लोरोप्लेटिनेट $K_2PtCl_6$ विलयन में डुबाकर चमकदार स्लेटी रंग प्राप्त किया जाता है।

$$AuCl_3 + 3Ag \rightarrow 3AgCl + Au$$

## गोल्ड एवं इसके यौगिक (Gold and its compounds)

(1) **गोल्ड की प्राप्ति** : गोल्ड मुख्यतः मुक्त अवस्था में वीन गोल्ड, स्थानीय गोल्ड अथवा एल्युवियल गोल्ड की तरह पाया जाता है। यह कुछ सीमा तक संयोजी अवस्था में भी उपस्थित है। ये संयोजी रूप में सल्फाइड टेल्यूराइड एवं आर्सेनोसल्फाइड के रूप में पाया जाता है। इसे धातुओं का राजा माना जाता है।

गोल्ड के कुछ महत्वपूर्ण अयस्क हैं,

(i) केलेवेराइट, $AuTe_2$ (ii) सिल्वेनाइट, $AuAgTe_2$ एवं

(iii) बिस्मथ ओरॉइट, $BiAu_2$

(2) **गोल्ड का निष्कर्षण** : (i) ***मैक आर्थर-फॉरेस्ट सायनाइड प्रक्रम*** : चूर्ण गोल्ड अयस्क को, झाग प्लावन विधि द्वारा सान्द्रित करने के बाद भर्जित करते हैं जिससे आसानी से ऑक्सीकृत होने वाली अशुद्धियाँ जैसे टेल्यूरियम, आर्सेनिक, एवं सल्फर ऑक्सीकृत होकर पृथक हो जाती है। भर्जित अयस्क को फिर वायुमण्डलीय ऑक्सीजन की उपस्थिति में तनु $KCN$ विलयन के साथ अभिकृत करते हैं, तब गोल्ड ओरासायनाइड संकुल निर्माण के कारण घुल जाता है।

$$4\,Au + 8\,KCN + 2\,H_2O + O_2 \rightarrow \underset{\text{विलयन}}{4K[Au(CN)_2]} + 4KOH$$

धातु को फिर जिंक रज के योग द्वारा निष्कर्षित किया जाता है।

$$2\,K[Au(CN)_2] + Zn \rightarrow K_2[Zn(CN)_4] + \underset{\text{अवक्षेप}}{2\,Au \downarrow}$$

(ii) ***प्लेटनर क्लोरीन प्रक्रम*** : भर्जित अयस्क को जल के साथ नमीयुक्त करते हैं और छद्म छिद्रित तल युक्त लकड़ी के पात्र में रखते हैं। इसे क्लोरीन की धारा के साथ संतृप्त करते हैं, इस तरह निर्मित गोल्ड क्लोराइड को जल के साथ प्रक्षालित किया जाता है और विलयन को $FeSO_4$ या $H_2S$ जैसे अपचायकों के साथ अभिकृत कर गोल्ड को अवक्षेपित कर लेते हैं।

$$AuCl_3 + 3FeSO_4 \rightarrow Au \downarrow + FeCl_3 + Fe_2(SO_4)_3$$

$$2\,AuCl_3 + 3H_2S \rightarrow 6HCl + 3S + 2Au \downarrow$$

इस तरह प्राप्त अशुद्ध गोल्ड में $Ag$ एवं $Cu$ की अशुद्धियाँ होती हैं। गोल्ड से $Ag$ एवं $Cu$ का पृथक्करण पार्टिंग कहलाता है। यह अशुद्ध गोल्ड को सान्द्र $H_2SO_4$ (या $HNO_3$) के साथ गर्म करके किया जाता है जब $Ag$ एवं $Cu$ घुल जाते हैं और $Au$ पीछे रह जाता है।

$$Cu + 2H_2SO_4 \rightarrow CuSO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

$$2Ag + 2H_2SO_4 \rightarrow Ag_2SO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

**गोल्ड के गुण** : गोल्ड पीली, मृदु एवं भारी धातु है। गोल्ड एवं $Ag$ को उत्कृष्ट धातुएँ कहते हैं चूँकि ये वायुमण्डलीय ऑक्सीजन द्वारा प्रभावित नहीं होती। किन्तु $Ag$, $H_2S$ अंश युक्त वायु से प्रभावित होकर मलिन पड़ जाती है। गोल्ड आघातवर्धनीय, तन्य एवं ऊष्मा तथा विद्युत का सुचालक होता है।

शुद्ध गोल्ड मृदु होता है। इसे $Ag$ अथवा $Cu$ के साथ मिश्रित करके आभूषण बनाने में प्रयुक्त करते हैं। गोल्ड की शुद्धता को कैरट के संदर्भ में व्यक्त करते हैं। शुद्ध गोल्ड 24 कैरट का होता है। '14 कैरट' गोल्ड का मतलब है कि यह वह सोने की मिश्र धातु है जिसमें शुद्ध गोल्ड के भार द्वारा 14 भाग होते हैं और मिश्र धातु के भार द्वारा प्रति 24 भाग में कॉपर के 10 भाग हैं। इस तरह "14 कैरट" गोल्ड में गोल्ड का प्रतिशत है $= \frac{100}{24} \times 14 = 58.3\%$.

अधिकांश स्वर्ण आभूषण 22 कैरट गोल्ड (91.66% शुद्ध गोल्ड) से बनाये जाते हैं। गोल्ड अत्यधिक अक्रिय होता है। ये ऑक्सीजन, जल एवं अम्लों के साथ क्रिया नहीं करता किन्तु अम्लराज में घुलनशील है।

$$3HCl + HNO_3 \rightarrow NOCl + 2\,H_2O + 2Cl] \times 3$$

$$Au + 3\,Cl \rightarrow AuCl_3] \times 2$$

$$2\,Au + 9\,HCl + 3\,HNO_3 \rightarrow \underset{\text{ऑरिक क्लोराइड}}{2\,AuCl_3} + 6\,H_2O + \underset{\text{नाइट्रोसिल क्लोराइड}}{3\,NOCl}$$

**गोल्ड की ऑक्सीकरण अवस्थायें** : गोल्ड की मुख्य ऑक्सीकरण अवस्थायें + 1 एवं + 3 हैं यद्यपि + 1 अवस्था + 3 की अपेक्षा अधिक स्थायी होती है।

### गोल्ड के यौगिक

(1) **ऑरिक क्लोराइड, $AuCl_3$** : 573 $K$ ताप पर महीन विभाजित गोल्ड के ऊपर शुष्क $Cl_2$ को प्रवाहित करके इसे बनाया जाता है।

$$2\,Au + 3Cl_2 \xrightarrow{573\,K} 2\,AuCl_3$$

यह लाल रंग का क्रिस्टलीय ठोस है जो जल में घुलनशील है और गर्म करने पर अपघटित होकर गोल्ड (I) क्लोराइड तथा $Cl_2$ देता है।

$$AuCl_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} AuCl + Cl_2$$

यह सान्द्र $HCl$ में घुलकर क्लोरोऑरिक अम्ल बनाता है, $AuCl_3 + HCl \rightarrow H[AuCl_4]$

क्लोरोऑरिक अम्ल को फोटोग्राफी में सिल्वर प्रिन्ट की टोनिंग के लिए प्रयुक्त करते हैं और साँप के विष में प्रतिरोधी की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(2) **ऑरस सल्फाइड, $Au_2S$** : जब $H_2S$ को पोटेशियम ऑरोसायनाइड $K[Au(CN)_2]$ के अम्लीय विलयन में से प्रवाहित किया जाता है तो यह बनता है।

$$2K[Au(CN)_2] + H_2S \rightarrow Au_2S + 2KCN + 2HCN$$

यह गहरा भूरा ठोस है, जो तनु खनिज अम्लों द्वारा प्रभावित नहीं होता और इसलिये संभवतः सबसे अधिक स्थायी गोल्ड यौगिक है।

## जिंक एवं इसके यौगिक (Zinc and its compounds)

(1) **जिंक की प्राप्ति :** जिंक मुक्त रूप में नहीं पाया जाता क्योंकि यह एक क्रियाशील धातु है। जिंक के प्रमुख अयस्क हैं (i) जिंक ब्लेन्डी (*ZnS*) (ii) कैलामाइन अथवा जिंक स्पार (*ZnCO*) तथा (iii) जिंकाइट (*ZnO*)

(2) **जिंक का निष्कर्षण :** जिंक ब्लेन्डी को झाग प्लवन विधि द्वारा सान्द्रित करके इसे *ZnO* में परिवर्तत करने के लिये वायु में भर्जित करते हैं। कैलामाइन के प्रकरण में, अयस्क से *ZnO* प्राप्त करने के लिये उसे निस्तापित करते हैं। इस तरह बना ऑक्साइड पिसे हुए कोक के साथ मिश्रित किया जाता है और अग्निसह रिटॉर्टो (बेल्जियन प्रक्रम) में 1673 *K* पर गर्म किया जाता है तब *ZnO* धात्विक जिंक में अपचयित हो जाता है। इस ताप पर वाष्पशील होने के कारण धातु आसवित हो जाती है और संघनित होकर *Cd*, *Pb* एवं *Fe* को अशुद्धियों के रूप में पीछे छोड़ जाती है। कच्ची धातु को स्पेल्टर कहते हैं। धातु को या तो विद्युत अपघटन या प्रभाजी आसवन द्वारा शोधित कर लिया जाता है।

***Zn* के गुण :** मरकरी की अपेक्षा जिंक अधिक क्रियाशील है। यह विद्युत एवं ऊष्मा का अच्छा चालक है। जिंक शीघ्रता से ऑक्सीजन के साथ संयोजित होकर *ZnO* बनाता है। शुद्ध जिंक अनॉक्सीकारक अम्लों (*HCl* या $H_2SO_4$) के साथ क्रिया नहीं करता किन्तु अशुद्ध जिंक क्रिया करके $Zn^{2+}$ आयन बनाता है और $H_2$ उत्सर्जित करता है।

$$Zn + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2 \uparrow$$

गर्म एवं सान्द्र $H_2SO_4$ जिंक पर आक्रमण करके $SO_2$ गैस उत्सर्जित करता है।

$$Zn + 2H_2SO_4 \rightarrow ZnSO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

जिंक तनु (गर्म एवं ठण्डा) एवं सान्द्र दोनों $HNO_3$ के साथ भी क्रिया करता है और क्रमशः नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), अमोनियम नाइट्रेट ($NH_4NO_3$) एवं नाइट्रोजन डाईऑक्साइड उत्सर्जित करता है।

$$4Zn + 10HNO_3 \text{ (गर्म, तनु) } \rightarrow 4Zn(NO_3)_2 + N_2O + 5H_2O$$

$$4Zn + 10HNO_3 \text{ (ठण्डा अति तनु) } \rightarrow 4Zn(NO_3)_2 + NH_4NO_3 + 3H_2O$$

$$Zn + 4HNO_3 \text{ (गर्म एवं सान्द्र) } \rightarrow Zn(NO_3)_2 + 2NO_2 + 2H_2O$$

जिंक गर्म सान्द्र *NaOH* में घुलकर सोडियम जिंकेट बनाता है।

$$Zn + 2NaOH + 2H_2O \rightarrow Na_2[Zn(OH)_4] + H_2$$

या $Zn + 2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2$

(3) **जिंक के विशिष्ट प्रकार** (i) ***जिंक रज*** *(Zinc dust)*: इसे गलित जिंक द्वारा बनाया जाता है और फिर इसे वायु के झोंके के साथ विखण्डित किया जाता है।

(ii) ***दानेदार जिंक*** *(Granulated zinc)* **:** इसे गलित जिंक को ठण्डे जल में डालकर बनाया जाता है।

जिंक के दोनों प्रकार प्रयोगशाला में अपचायक की तरह प्रयुक्त होते हैं।

**जिंक के यौगिक**

(1) **जिंक ऑक्साइड (जिंक व्हाइट या चायनीज व्हाइट)**, *ZnO* : इसे जिंक को वायु में जलाकर प्राप्त करते हैं अथवा जिंक कार्बोनेट या जिंक नाइट्रेट को गर्म करके प्राप्त करते हैं।

$$2Zn + O_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2ZnO$$

$$ZnCO_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} ZnO + CO_2$$

$$2Zn(NO_3)_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2ZnO + 4NO_2 + O_2$$

यह सफेद चूर्ण है किन्तु गर्म करने पर पीला हो जाता है और ठण्डा करने पर पुनः सफेद हो जाता है।

यह जल में अविलेय है और अत्यन्त हल्का है और इसलिये सामान्यतः इसे **फिलोस्फर वूल** कहते हैं।

यह उभयधर्मी प्रकृति का होता है।

$$\underset{\text{(भास्मिक)}}{ZnO} + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2O$$

$$\underset{\text{(अम्लीय)}}{ZnO} + 2NaOH \rightarrow \underset{\text{सोडियम जिंकेट}}{Na_2ZnO_2} + H_2O$$

या $ZnO + 2NaOH + H_2O \rightarrow \underset{\text{सोडियम टेट्रा हाइड्रॉक्सी जिंकेट}}{Na_2[Zn(OH)_4]}$ (II)

यह कार्बन एवं $H_2$ दोनों द्वारा अपचयित होता है और सफेद पेण्ट की तरह प्रयुक्त होता है।

$$ZnO + C \rightarrow Zn + CO \; ; \; ZnO + H_2 \rightarrow Zn + H_2O$$

(2) **जिंक क्लोराइड, $ZnCl_2$ :** जब *Zn* धातु, *ZnO* अथवा $ZnCO_3$ को तनु *HCl* के साथ अभिकृत करते हैं तो यह प्राप्त होता हैं। यह $ZnCl_2.2H_2O$ की तरह क्रिस्टलीकृत होता है और गर्म करने पर निर्जलीकृत हो जाता है। $ZnCl_2$ उच्च आर्द्रताग्राही है और $H_2O$ में अत्यधिक विलेय है तथा एसीटोन, एल्कोहल, ईथर आदि जैसे कार्बनिक विलायकों में भी शीघ्रता से विलेय है। इसका जलीय विलयन जल अपघटन के कारण अम्लीय होता है।

$$ZnCl_2 + H_2O \rightarrow Zn(OH)Cl + HCl$$

निर्जल $ZnCl_2$ कार्बनिक अभिक्रियाओं में लुईस अम्ल उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होता है। नम जिंक ऑक्साइड के साथ मिश्रित होकर ये दाँतों को भरने में प्रयुक्त होता है और इसका विलयन लकड़ी के संरक्षण में प्रयुक्त होता है। निर्जल $ZnCl_2$ सान्द्र *HCl* के साथ लूकास अभिकर्मक की तरह प्रयुक्त होता है।

(3) **जिंक सल्फाइड, *ZnS* :** यह एक सफेद ठोस है। ये तनु *HCl* में विलेय है और इस तरह अम्लीय माध्यम में $H_2S$ द्वारा अवक्षेपित नहीं होता।

$$ZnS + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2S$$

यह लिथोपोन का घटक है ($ZnS + BaSO_4$)

(4) **जिंक सल्फेट, $ZnSO_4.7H_2O$ :** इसे सामान्यतः सफेद कसीस कहते हैं और इसे जिंक धातु, *ZnO* अथवा $ZnCO_3$ पर तनु $H_2SO_4$ की क्रिया द्वारा प्राप्त करते हैं। गर्म करने पर ये 373 *K* पर पहले क्रिस्टलीकरण के छः जल अणु खोता है तथा 723 *K* पर यह निर्जलीय बन जाता है और अधिक गर्म करने पर ये अपघटित हो जाता है।

$$ZnSO_4.7H_2O \xrightarrow{373\,K} ZnSO_4.H_2O \xrightarrow{723\,K}$$

$$2ZnSO_4 \xrightarrow{1073\,K} 2ZnO + 2SO_2 + O_2$$

इसे लिथोपोन ($BaSO_4 + ZnS$), सफेद पेण्ट बनाने में प्रयुक्त करते हैं और इसे आयरन के गैल्वेनीकरण में भी प्रयुक्त करते हैं।

$$ZnSO_4 + BaS \rightarrow ZnS + BaSO_4$$

इसे आँखों के लोशन की तरह भी प्रयुक्त करते हैं।

## मरकरी एवं इसके यौगिक (Mercury and its compounds)

(1) **मरकरी की प्राप्ति एवं निष्कर्षण :** *Hg* का एकमात्र महत्वपूर्ण अयस्क **सिनेबार (*HgS*) है।** इसे झाग उत्प्लवन विधि द्वारा सान्द्रित करते हैं और इस अयस्क से मरकरी को निष्कर्षित करने के लिये इसे 773-873 *K* (स्व-अपचयन) पर वायु में गर्म करते हैं

$$HgS + O_2 \xrightarrow{273-873\,K} Hg + SO_2$$

इस तरह प्राप्त मरकरी वाष्प संघनित होकर द्रव धातु देती हैं। इस तरह प्राप्त *Hg* में *Zn*, *Sn* एवं *Pb* की अशुद्धियाँ होती हैं। इन्हें पृथक करने के लिये अशुद्ध धातु को तनु $HNO_3$ के साथ अभिकृत करते हैं, इस तरह बना मरक्यूरस नाइट्रेट, $Hg_2(NO_3)_2$ अशुद्धि की तरह उपस्थित धातु के साथ क्रिया कर उनके नाइट्रेट बनाता है जो विलयन में प्रवाहित हो जाते

हैं और शुद्ध मरकरी को पीछे छोड़ जाते हैं। किन्तु शोधित करने की सर्वोत्तम विधि कम दाब पर आसवन है।

$$6Hg + 8HNO_3 \text{ (तनु)} \xrightarrow{\text{गर्म}} 3Hg_2(NO_3)_2 + 4H_2O + 2NO$$

$$Zn + Hg_2(NO_3)_2 \rightarrow Zn(NO_3)_2 + 2Hg$$

इसी प्रकार की अभिक्रिया *Pb* एवं *Sn* द्वारा दी जाती है

**मरकरी के गुण** : *Zn* की अपेक्षा मरकरी कम क्रियाशील है। यह कमरे के ताप पर द्रव है और इसकी ऊष्मीय एवं विद्युत चालकता कम होती है। मरकरी द्विलक मरकरी (I) आयन $Hg_2^{2+}$ बनाती है जिसमें दो परमाणु सहसंयोजी बन्ध द्वारा बन्धित होते हैं। यह लगभग अपने क्वथनांक पर *HgO* में धीरे-धीरे ऑक्सीकृत होती है। *Hg* तनु *HCl* अथवा तनु $H_2SO_4$ के साथ क्रिया नहीं करती किन्तु गर्म सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ क्रिया कर $HgSO_4$ बनाती है, यह गर्म तनु एवं सान्द्र $HNO_3$ दोनों के साथ क्रिया करके क्रमशः *NO* एवं $NO_2$ उत्सर्जित करती है।

$$Hg + 2H_2SO_4 \text{ गर्म, सान्द्र} \rightarrow HgSO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

$$Hg + 4HNO_3 \text{ (सान्द्र)} \rightarrow Hg(NO_3)_2 + 2NO_2 + 2H_2O$$

*Hg*, जल अथवा भाप के साथ क्रिया नहीं करती इसलिये कोई भी हाइड्रॉक्साइड नहीं बना सकती।

**मरकरी के यौगिक**

(1) **मरक्यूरिक ऑक्साइड, *HgO*** : जब 673 *K* पर मरकरी को वायु अथवा ऑक्सीजन में लम्बे समय तक गर्म किया जाये तो यह लाल ठोस की तरह प्राप्त होता है।

$$2Hg + O_2 \xrightarrow{673\ K} 2HgO \text{ (लाल)}$$

अथवा मरक्यूरिक नाइट्रेट को अकेले अथवा *Hg* की उपस्थिति में गर्म किया जाये।

$$2Hg(NO_3)_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{लाल}}{2HgO} + 4NO_2 + O_2$$

जब *NaOH* को $HgCl_2$ के विलयन में मिलाया जाये, तो *HgO* का पीला अवक्षेप प्राप्त होता है।

$$Hg_2Cl_2 + 2NaOH \longrightarrow \underset{\text{(पीला)}}{HgO}\downarrow + H_2O + 2NaCl$$

*HgO* का लाल एवं पीला रूप केवल उनके कणों के आकार में भिन्न होता है। 673 *K* तक गर्म करने पर, पीला रूप लाल रूप में बदलता है।

$$\underset{\text{पीला}}{HgO} \xrightarrow{673\ K} \underset{\text{लाल}}{HgO}$$

यह तेल पेण्ट में प्रयुक्त होता है अथवा मल्हम में दुर्बल पूर्तिरोधी की तरह प्रयुक्त होता है।

(2) **मरक्यूरिक क्लोराइड, *HgCl*<sub></sub>** : इसे *Hg* की $Cl_2$ के साथ अभिक्रिया द्वारा प्राप्त किया जाता है अथवा *NaCl* तथा $HgSO_4$ के मिश्रण को $MnO_2$ (जो अभिक्रिया के दौरान निर्मित किसी भी *Hg*(I) लवण को ऑक्सीकृत करता है) की सूक्ष्म मात्रा की उपस्थिति में गर्म करके प्राप्त किया जाता है।

$$HgSO_4 + 2NaCl \xrightarrow[MnO_2]{\text{गर्म}} HgCl_2 + Na_2SO_4$$

यह एक सफेद क्रिस्टलीय ठोस है और सामान्यतः इसे **कोरोसिव सब्लीमेट** कहते हैं। चूँकि यह एथेनॉल एवं ईथर जैसे कार्बनिक विलायकों में घुलनशील है इसलिये यह सहसंयोजी यौगिक है।

यह अत्यधिक विषैला है और मृत्यु कारक है। इसका सबसे अच्छा प्रतिरोधी अण्डे की सफेदी है।

जब इसे स्टेनस क्लोराइड के साथ अभिकृत करते हैं, तो यह पहले मरक्यूरस क्लोराइड के सफेद अवक्षेप में अपचयित होता है और फिर मरकरी (काला) में अपचयित होता है।

$$2HgCl_2 + SnCl_2 \rightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{Hg_2Cl_2} + SnCl_4$$

$$Hg_2Cl_2 + SnCl_2 \rightarrow \underset{\text{स्लेटी}}{2Hg} + SnCl_4$$

अमोनिया के साथ यह सफेद अवक्षेप देता है जिसे अगलित सफेद अवक्षेप कहते हैं।

$$HgCl_2 + 2NH_3 \rightarrow Hg(NH_2)Cl + NH_4Cl$$

$HgCl_2$ का तनु विलयन पूर्तिरोधी की तरह प्रयुक्त होता है।

(3) **मरक्यूरिक आयोडाइड, *HgI*<sub></sub>** : जब *KI* विलयन की आवश्यक मात्रा को $HgCl_2$ के विलयन में मिलाते हैं, तो यह प्राप्त होता है।

$$HgCl_2 + 2KI \rightarrow \underset{\text{(लाल)}}{HgI_2} + 2KCl$$

400 *K* के नीचे, $HgI_2$ लाल होता है किन्तु 400 *K* के ऊपर यह पीले रंग में बदल जाता है।

$$\underset{\text{(लाल)}}{HgI_2} \underset{\text{नीचे 400 K}}{\overset{\text{ऊपर 400 K}}{\rightleftharpoons}} \underset{\text{(पीला)}}{HgI_2}$$

$HgI_2$ शीघ्रता से *KI* विलयन के आधिक्य में घुलकर $(HgI_4)^{2-}$ संकुल आयन बनाता है।

$$\underset{\text{लाल अवक्षेप}}{HgI_2} + 2KI \rightarrow \underset{\text{घुलनशील रंगहीन विलयन}}{K_2HgI_4}$$

$K_2[HgI_4]$ का क्षारीय विलयन नेसलर अभिकर्मक कहलाता है और $NH_4^+$ आयनों के परीक्षण में प्रयुक्त होता है।

यह $NH_4^+$ आयनों के साथ $NH_2-Hg-O-Hg-I$ (मिलन क्षार का आयोडाइड) का भूरा अवक्षेप देता है।

$$2K_2[HgI_4] + NH_3 + 3KOH \rightarrow NH_2.HgO.HgI + 7KI + 2H_2O$$

यह त्वचा संक्रमण उपचार में उपयोगी मल्हम में प्रयुक्त होता है।

(4) **मरक्यूरस क्लोराइड, *Hg*<sub></sub>*Cl*<sub></sub>**: इसे निम्न तरह से प्राप्त करते हैं,

(a) $Hg_2(NO_3)_2 + 2NaCl \rightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{Hg_2Cl_2} + 2NaNO_3$

(b) $HgCl_2 + Hg \xrightarrow{\text{आयरन रिटॉर्ट में गर्म}} Hg_2Cl_2$ (ठण्डा करने पर संघनित होता है)

यह ऊर्ध्वपातन द्वारा शोधित होता है।

मरक्यूरस क्लोराइड को कैलोमल भी कहते हैं। यह सफेद चूर्ण है जो $H_2O$ में अविलेय है। गर्म करने पर यह अपघटित होकर $HgCl_2$ एवं *Hg* देता है।

$$Hg_2Cl_2 \xrightarrow{\text{गर्म}} HgCl_2 + Hg$$

यह क्लोरीन जल में घुलकर मरक्यूरिक क्लोराइड बनाता है।

$$Hg_2Cl_2 + Cl_2 \rightarrow 2HgCl_2$$

अमोनिया के साथ, यह काले रंग में बदल जाता है क्योंकि महीन विभाजित काला *Hg* एवं मरक्यूरिक एमीनो क्लोराइड का मिश्रण निर्मित होता है।

$$Hg_2Cl_2 + 2NH_3 \rightarrow \underbrace{Hg + NH_2HgCl}_{\text{(काला)}} + NH_4Cl$$

इसका उपयोग मानक कैलोमल इलेक्ट्रोड को बनाने में तथा औषधियों में जुलाब की तरह होता है।

(5) **मरक्यूरिक सल्फाइड, *HgS*** : *ZnS* की अपेक्षा *HgS* का विलेयता गुणनफल कम होता है और इसलिये जब $H_2S$ को किसी भी मरकरी (II)

लवण के अम्लीय विलयन में से प्रवाहित किया जाता है तो यह काले ठोस की तरह अवक्षेपित होता है।

$$HgCl_2 + H_2S \rightarrow HgS + 2HCl$$

यह जल एवं $HCl$ में अविलेय है किन्तु अम्लराज (1 भाग सान्द्र $HNO_3 + 3$ भाग सान्द्र $HCl$) में विलेय है।

$$\underset{\text{अम्लराज}}{3HCl + HNO_3} \rightarrow \underset{\text{नाइट्रोसिल क्लोराइड}}{NOCl} + 2H_2O + \underset{\text{नवजात क्लोरीन}}{2[Cl]}$$

$$HgS + 2[Cl] \rightarrow \underset{\text{(घुलनशील)}}{HgCl_2} + S \downarrow$$

ऊर्ध्वपातन पर, यह लाल रंग में परिवर्तित होता है और इसलिये इसे लाल वर्णक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(6) **मरक्यूरिक सल्फेट, *HgSO***: जब $HgS$ को सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ अभिकृत करते हैं तो यह प्राप्त होता है।

$$Hg + 2H_2SO_4 \rightarrow HgSO_4 + SO_2 + 2H_2O$$

यह सफेद ठोस है जो गर्म करने पर अपघटित होकर मरक्यूरस सल्फेट देता है।

$$3HgSO_4 \xrightarrow[675\,K]{\Delta} Hg_2SO_4 + Hg + 2SO_2 + 2O_2$$

यह एल्काईनों के जलयोजन में उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होता है जो जलयोजन पर एल्डिहाइड एवं कीटोन देते हैं। यह **वर्मीलोन** के नाम से सौन्दर्य प्रसाधन की तरह प्रयुक्त होता है और **मकरध्वज** के नाम से आयुर्वेदिक औषधियों में प्रयुक्त होता है।

(7) **अमलगम :** मरकरी मिश्रधातु बनाती है जिन्हें सामान्यतः अमलगम कहते हैं, ये आयरन एवं प्लेटिनम को छोड़कर शेष सभी धातुओं के साथ अमलगम बनाती है। इसलिये इसे आयरन पात्रों में ले जाया जाता है।

(8) **संक्रमण धातुओं की मिश्र धातु :** धातुकर्म पाठ में विस्तारित सारणी में देखें।

## लैन्थेनाइड एवं एक्टिनाइड (Lanthanides and Actinides)

लैन्थेनाइड एवं एक्टिनाइड को सामूहिक रूप से *f*-ब्लॉक तत्व कहते हैं क्योंकि इनमें अन्तिम इलेक्ट्रॉन एन्टी पेनल्टीमेट कोश (अर्थात् पेनल्टीमेट से अन्दर वाला) के *f*-कक्षक में प्रवेश करता है ये इनकी तात्विक अथवा आयनिक अवस्था में आंशिक रूप से किन्तु अपूर्ण भरे कोश में प्रवेश करता है। इन्हें अन्तः संक्रमण तत्व नाम भी दिया गया है क्योंकि ये संक्रमण श्रेणी के अन्तर्गत संक्रमण श्रेणी निर्मित करते हैं (*d*-ब्लॉक तत्व) और अन्तिम इलेक्ट्रॉन एन्टीपेनल्टीमेट कोश $(n\text{-}2)f$ में प्रवेश करता है। अपूर्ण *d*-उपकोश के अतिरिक्त इनके *f*-उपकोश भी अपूर्ण होते हैं। इस तरह, इन तत्वों में तीन बाहरी कोश अपूर्ण होते हैं अर्थात् $(n-2)$, $(n-1)$ एवं $n$ कोश तथा *f*-ब्लॉक तत्वों का सामान्य इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास निम्न है

$(n-2)\, f^{1-14}\, (n-1)d^{0-10} ns^2$ .

(1) **लैन्थेनाइड :** तत्व जिनका परमाणु क्रमांक 58 से 71 तक होता है अर्थात् सीरियम से ल्यूटेशियम तक (जो तुरन्त लेन्थेनम के बाद आते हैं Z = 57) वे लैन्थेनाइड अथवा **लेन्थेनोन** या **दुर्लभ मृदा** तत्व कहलाते हैं। इन तत्वों में 4 *f*-कक्षकों का भरना शामिल है। इनका सामान्य इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास $[Xe]4f^{1-14}5d^{0-10}6s^2$ है। प्रोमीथियम (*Pm*) जिसका परमाणु क्रमांक 61 है एकमात्र संश्लेषित (मानव निर्मित) रेडियोधर्मी लैन्थेनाइड है।

**लैन्थेनाइड के गुण**

(i) ये अत्यन्त सघन धातुएँ हैं जो उच्च गलनांक प्रदर्शित करती हैं।

(ii) ये अन्य धातुओं विशेषकर आयरन के साथ आसानी से मिश्रधातु बनाती हैं उदाहरण **मिश धातु** (Misch metal) जिसमें दुर्लभ मृदा तत्व (94–95%), आयरन (5% तक) एवं *S, C, Ca* तथा *Al* के अंश होते हैं। पायरोफोरिक मिश्र धातु में *Ce* (40–5%), *La* + नियोडायमियम (44%), *Fe* (4–5%), *Al* (0–5%) एवं शेष मात्रा *Ca, Si* तथा *C* की होती है। इसे ज्वलन युक्तियों को बनाने में प्रयुक्त करते हैं उदाहरण बन्दूक गोलियों के अंश एवं खोखे तथा लाइटर एवं सिगरेट के लिये फ्लिन्ट बनाने में।

(iii) ***ऑक्सीकरण अवस्था*** : लैन्थेनाइड की अतिस्थायी ऑक्सीकरण अवस्था +3 है। +2 एवं +4 ऑक्सीकरण अवस्था भी अस्तित्व में है किन्तु ये +3 में वापस आती है। उदाहरण $Sm^{2+}, Eu^{2+}, Yb^{2+}$ इलेक्ट्रॉन खोकर +3 बन जाते हैं और इसलिये ये अच्छे अपचायक हैं, जबकि *Ce*, *Pr*, *Tb* जलीय विलयन में इलेक्ट्रॉन प्राप्त कर +3 बन जाते हैं और इसलिये ये अच्छे ऑक्सीकारक हैं। 4 *f* एवं 5*d* उपकोशों की ऊर्जा में बड़ा अन्तर होता है और इस तरह ऑक्सीकरण अवस्थाओं की संख्या सीमित होती है।

(iv) ***रंग*** : अधिकांश त्रिसंयोजी लैन्थेनाइड आयन ठोस अवस्था एवं जलीय विलयन दोनों में रंगीन होते हैं। यह आंशिक भरे *f*-कक्षकों के कारण होता है जो *f–f* संक्रमण को स्वीकृत करते हैं। *xf* इलेक्ट्रॉनों वाले तत्वों का रंग, (14 – *x*) इलेक्ट्रॉनों वाले तत्वों के समान होता है।

(v) ***चुम्बकीय गुण*** : *Lu*, *Yb* एवं *Ce* के अलावा शेष सभी लैन्थेनाइड आयन अनुचुम्बकीय होते हैं क्योंकि इनके 4*f* कक्षकों में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। ये तत्व संक्रमण तत्वों से इस तरह भिन्न हैं कि इनके चुम्बकीय आघूर्ण साधारण **"केवल चक्रण"** (Spin only) सूत्र $\mu_{eff} = \sqrt{n(n+2)}$ B.M. का पालन नहीं करते जहाँ *n* अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर हैं। संक्रमण तत्वों में इलेक्ट्रॉन के कक्षक का चुम्बकीय आघूर्ण की ओर योगदान सामान्यतः वायुमण्डल के विद्युत क्षेत्र के साथ अन्तर्क्रिया द्वारा शामित होता है किन्तु लैन्थेनाइड प्रकरण में, इस तरह के शमन को पाये जाने के लिये, 4*f*-कक्षक परमाणु में अत्यधिक गहराई में स्थित होते हैं। इसलिये लैन्थेनाइड के चुम्बकीय आघूर्ण को परिकलित करने के लिये चक्रण तथा कक्षक योगदान एवं अधिक जटिल सूत्र को विचार में लेते हैं।

$$\mu_{eff} = \sqrt{4S(S+1) + L(L+1)} \text{ B.M.}$$

जिसमें कक्षीय क्वाण्टम संख्या *L* एवं चक्रण क्वाण्टम संख्या *S* शामिल है।

(vi) ***संकुल निर्माण*** : यद्यपि लैन्थेनाइड आयन में उच्च आवेश (+3) होता है फिर भी उनके आयनों का आकार अत्यन्त बड़ा होता है जो छोटे आवेश के लिये आकार अनुपात मात्रा देता है अर्थात् निम्न आवेश घनत्व। इसके फलस्वरूप इनमें संकुल बनाने की प्रवृत्ति दुर्बल होती है। ये मुख्यतः EDTA, $\beta$-डाइकीटोन, ऑक्सीन आदि जैसे प्रबल कीलेटिंग कारकों के साथ संकुल बनाते हैं। $\pi$-बंधन लिगेण्ड के साथ कोई भी संकुल ज्ञात नहीं है।

(vii) ***लैन्थेनाइड संकुचन*** *(Lanthanide contraction)*: $La^{3+}$ से $Lu^{3+}$ तक लैन्थेनाइड आयनों के आकार में नियमित कमी लैन्थेनाइड संकुचन कहलाती है। यह बढ़े हुए परिरक्षण प्रभाव की अपेक्षा बढ़े हुए नाभिकीय आवेश के अधिक प्रभावी मान के कारण होता है।

**लैन्थेनाइड संकुचन के परिणाम** (Consequences of lanthanide contraction)

(a) इसके परिणामस्वरूप इनके रासायनिक गुणों में थोड़ा सा परिवर्तन होता है जो आयन विनिमय द्वारा इनके पृथक्करण में मदद करते हैं।

(b) लेन्थेनम के आगे के प्रत्येक तत्व की परमाणु त्रिज्या समूह में उसके ऊपर रखे गये तत्व की परमाणु त्रिज्या के समान होती है। (उदाहरण *Zr* 145 *pm*, *Hf* 144 *pm*); *Nb* 134 *pm*, *Ta* 134 *pm* ; *Mo* 129 *pm*, *W* 130 *pm*) ।

(c) लैन्थेनाइड के हाइड्रॉक्साइडों के सहसंयोजी लक्षण $La^{3+}$ से $Lu^{3+}$ तक आकार में कमी के साथ बढ़ते हैं। किन्तु क्षारीय प्रबलता घटती है। इस तरह $La(OH)_3$ अत्यधिक क्षारीय है जबकि $Lu(OH)_3$ कम क्षारीय है। इसी प्रकार ऑक्साइडों की क्षारीयता भी $La^{3+}$ से $Lu^{3+}$ तक के क्रम में घटती है।

(d) $La^{3+}$ से $Lu^{3+}$ तक स्थायी संकुल बनाने की प्रवृत्ति इसी क्रम में आकार कमी के साथ बढ़ती है।

(e) *La* से *Lu* तक त्रिसंयोजी आयनों की ऋणविद्युतता में सूक्ष्म वृद्धि होती है।

(f) चूँकि $Yb^{3+}$ आयन (86 pm) की त्रिज्या भारी लैन्थेनाइडों *Tb*, *Dy*, *Ho* एवं *Er* के तुलनात्मक होती है, इसलिये ये प्राकृतिक खनिजों में एक साथ पाये जाते हैं।

(2) **एक्टिनाइड :** तत्व जिनके परमाणु क्रमांक 90 से 103 तक होते हैं अर्थात् थोरियम से लॉरेन्शियम तक (जो एक्टिनियम के तुरन्त बाद आते हैं, *Z* = 89) एक्टिनाइड अथवा एक्टिनोन कहलाते हैं। इन तत्वों में **5 *f*-कक्षकों का भरना** शामिल है। इनका सामान्य इलेक्ट्रॉनिक अभिविन्यास $[Rn]5f^{1-14}6d^{0-1}7s^2$ है।

इनमें तीन प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले तत्व थोरियम, प्रोटेक्नीशियम एवं यूरेनियम तथा ग्यारह ट्रान्स यूरेनियम तत्व अथवा ट्रान्स यूरेनिक्स जो नाभिकीय अभिक्रियाओं द्वारा कृत्रिम रूप से उत्पन्न होते हैं, शामिल हैं। ये संश्लेषित अथवा मानव निर्मित तत्व होते हैं। सभी एक्टिनाइड रेडियोधर्मी होते हैं।

**एक्टिनाइड के गुण**

(i) ***ऑक्सीकरण अवस्था*** : एक्टिनाइड की प्रभावी ऑक्सीकरण अवस्था +3 है जो भारी तत्वों के लिये बढ़ते हुए स्थायित्व को प्रदर्शित करती है। *Np* +7 ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करता है किन्तु ये ऑक्सीकारक होता है और अधिक स्थायी +5 अवस्था में अपचयित होता है। *Pu* भी +7 तक ऑक्सीकरण अवस्था प्रदर्शित करता है एवं *Am* +6 तक दर्शाता है किन्तु *Pu* के लिये अत्यधिक स्थायी ऑक्सीकरण अवस्था (+4) तक तथा *Am* के लिये (+3) तक गिरती है। *Bk* +4 ऑक्सीकरण अवस्था में प्रबल ऑक्सीकारक है किन्तु $f^7$ अभिविन्यास के कारण *Cm* तथा *Am* की अपेक्षा +4 अवस्था में अधिक स्थायी है। इसी प्रकार *No* अपने $f^{14}$ अभिविन्यास के कारण +2 ऑक्सीकरण अवस्था में अधिक स्थायी है। जब ऑक्सीकरण अवस्था + 6 तक बढ़ती है, तो एक्टिनाइड आयन अधिक समय तक साधारण नहीं रहते। उच्च आवेश घनत्व के कारण ऑक्सीजनित आयनों का निर्माण होता है उदाहरण, $UO_2^{2+}, NpO_2^{2+}$ आदि। एक्टिनाइड की अधिक ऑक्सीकरण अवस्थायें प्रदर्शित करने का कारण इस तथ्य के कारण होता है कि 5*f*, 6*d* एवं 7*s* उपकोशों के बीच अति सूक्ष्म ऊर्जा अन्तर होता है और इस तरह इनके सभी इलेक्ट्रॉन बन्ध निर्माण में भाग ले सकते हैं।

(ii) ***एक्टिनाइड संकुचन*** : *Th* से *Lr* तक परमाणु क्रमांक में वृद्धि के साथ आयनिक त्रिज्या में नियमित कमी होती है। इसे एक्टिनाइड संकुचन कहते हैं जो लैन्थेनाइड संकुचन के समान है। यह एक ही कोश में एक 5*f* इलेक्ट्रॉन के अन्य इलेक्ट्रॉनों द्वारा अपूर्ण परिरक्षण के कारण होता है। इसके परिणामस्वरूप प्रभावी नाभिकीय आवेश में वृद्धि होती है जो इलेक्ट्रॉन बादलों के आकार में संकुचन निर्मित करता है।

(iii) ***आयनों का आकार*** : एक्टिनाइड के आयन सामान्यतः रंगीन होते हैं जो $f-f$ संक्रमण के कारण होता है। यह 5 *f* कक्षकों में उपस्थित अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या पर निर्भर करता है।

(iv) ***चुम्बकीय गुण*** : लैन्थेनाइड के समान एक्टिनाइड तत्व प्रबल अनुचुम्बकीय होते हैं। चुम्बकीय आघूर्णों का मान अनुमानित सैद्धान्तिक मानों की अपेक्षा कम होता है। यह इस तथ्य के कारण होता है कि एक्टिनाइडों के 5*f* इलेक्ट्रॉन कम प्रभावी रूप से परिरक्षित होते हैं जो कक्षक योगदान के शमन में परिणामित होते हैं।

(v) ***संकुल निर्माण*** : एक्टिनाइड में संकुल बनाने की अधिक प्रवृत्ति होती है क्योंकि उनके परमाणुओं का उच्च नाभिकीय आवेश तथा छोटा आकार होता है। ये संकुल बनाते हैं और EDTA, $\beta$-डाइकीटोन, ऑक्सीन आदि के अलावा एल्किल फॉस्फीन, थायोईथर आदि जैसे $\pi$-बंधी लिगेण्डों के साथ भी संकुल बनाते हैं। संकुल निर्माण की कोटि इस क्रम में घटती है।

$$M^{4+} > MO_2^{2+} > M^{3+} > MO_2^{+}$$

जहाँ *M* एक्टिनाइड श्रेणी का तत्व है। $MO_2^{2+}$ में धातु परमाणु पर आवेश की उच्च सान्द्रता होती है जो इसमें संकुल निर्माण के लिये अपेक्षाकृत उच्च प्रवृत्ति प्रदान करता है।

## Tips & Tricks

- आयरन पायराइट ($CuFeS_2$) को मूर्खों का सोना कहते हैं।
- *Ni* को ओरफॉर्ड प्रक्रम द्वारा निष्कर्षित किया जा सकता है।
- क्रोमियम ऑक्साइड को क्रोम ग्रीन भी कहते हैं।
- $Cr_2O_3/C_5H_5N$ अथवा पिरीडीन में क्रोमिक ऑक्साइड के विलयन को कोलिन अभिकर्मक कहते हैं।
- $Cr_2O_3.2H_2O$ को गुगनेट ग्रीन भी कहते हैं।
- *Zn*, *Cd* एवं *Hg* को एक दूसरे के बीच सहसंयोजक बनाता हुआ नहीं मानते इसलिये इनके गलनांक तुलनात्मक रूप से कम होते हैं।
- आवर्त सारिणी में बायें से दायीं ओर चलने पर +2 ऑक्सीकरण अवस्था अधिक स्थायी बन जाती है जबकि +3 ऑक्सीकरण अवस्था कम स्थायी बन जाती है।
- संक्रमण श्रेणी के प्रथम चार तत्वों के लिये निम्न ऑक्सीकरण अवस्था की अपेक्षा उच्च ऑक्सीकरण अवस्था अधिक स्थायी होती है। अगले पॉच तत्वों के लिये उच्च ऑक्सीकरण अवस्था की अपेक्षा निम्न ऑक्सीकरण अवस्था अधिक स्थायी होती है।
- कई संक्रमण धातु यौगिक इन धातुओं के लगभग समान आयनिक आकार के कारण समरूपी होते हैं उदाहरण $FeSO_4.7H_2O$ एवं $ZnSO_4.7H_2O$.
- *Sc* सबसे अधिक हल्की संक्रमण धातु है और ऑस्मियम सबसे अधिक भारी संक्रमण धातु हैं।
- मरक्यूरस आयन द्विलक $Hg_2^{2+}$ की तरह उत्पन्न होता है एवं *Hg* की तरह उत्पन्न नहीं होता और यह इसकी द्विचुम्बकीय प्रकृति को समझाता है।
- *Pt*, *Pd* एवं *Ir* अक्रिय धातुएँ हैं।

✍ $TiCl_4$ एवं $TiO_2$ धूम्र पटल में प्रयुक्त होते हैं

✍ $Mo$ X-किरण नलिका में प्रयुक्त होता है, $Ta$ विश्लेषणात्मक भार एवं शिराओं की शल्य चिकित्सा में प्रयुक्त उपकरण में उपयोग होता है।

✍ $Fe^{2+}$ हरा होता है एवं $Fe^{3+}$ पीला होता है।

✍ $Fe^{3+}$ आयन $Fe^{2+}$ आयन की अपेक्षा प्रबल ऑक्सीकारक है।

✍ आयरन कार्बाइड अथवा सीमेण्टाइट $Fe_3C$ है।

✍ किप्स आधार $FeS + H_2SO_4$ है।

✍ कॉपर $FeCl_3$ के जलीय विलयन में घुलनशील है।

✍ $CuSO_4$ केवल $KI$ विलयन के साथ क्रिया करता है $KCl, KBr$ अथवा $KF$ के साथ क्रिया नहीं करता।

✍ $CuCl_2$ एवं $CuBr_2$ सहसंयोजी है एवं बहुलक की तरह उत्पन्न होते हैं जबकि $CuF_2$ आयनिक ठोस है।

✍ $AgF$ के अतिरिक्त सभी सिल्वर हैलाइड जल में अविलेय है।

✍ $Ag, Au$ एवं $Cu$ को सिक्का धातु कहते हैं।

✍ चमचमाता गोल्ड $Au(NH_2) = NH$ या $N_2H_3$ है।

✍ परपल ऑफ केसियम गोल्ड का कोलॉइडी विलयन है।

✍ मरक्यूरस लवण की अपेक्षा मरक्यूरिक लवण अधिक स्थायी है।

✍ *f*-ब्लॉक के सभी तत्व आवर्त सारणी के 3 समूह में है।

✍ $[Cu(NH_3)_4]SO_4$ स्विजर अभिकर्मक है।

✍ $CrO_2Cl_2$ इटार्ड अभिकर्मक है।

✍ $Cu(CH_3COO)_2 + CH_3COOH$ बारफोएड अभिकर्मक है।

✍ मिलन अभिकर्मक मरक्यूरिक एवं मरक्यूरस नाइट्रेट का विलयन है।

✍ $TiCl_4 + (C_2H_5)_3Al$ जिग्लर नाटा उत्प्रेरक है।

✍ $Pd|BaSO_4$ लिण्डलर उत्प्रेरक है।

✍ $[Ph_3P]_3RhCl$ विलकिन्सन उत्प्रेरक है।

✍ $Pt|PtO$ एडम उत्प्रेरक है।

✍ निकिल बोराइड (*P*-2 उत्प्रेरक) ब्राउन उत्प्रेरक है।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### सामान्य गुण

1. $Cr^+$ में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन की संख्या है
   (a) 3 (b) 4
   (c) 5 (d) 6

2. $Cr$ की उच्चतम ऑक्सीकरण अवस्था होगी
   (a) 2 (b) 3
   (c) 4 (d) 6

3. संक्रमण तत्वों के लिये कौन-सा कथन सत्य है [MP PMT 1995]
   (a) वे अतिक्रियाशील होते हैं
   (b) वे परिवर्ती ऑक्सीकरण अवस्था दिखाते हैं
   (c) उनके गलनांक कम होते हैं
   (d) वे उच्च धनविद्युती होते हैं

जब $KMnO_4$ अम्लीय माध्यम में ऑक्सीकारक के समान कार्य करता है तो $5e^-$ का स्थानान्तरण होता है।

$2KMnO_4 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 3H_2O + 5O$

**28.** (a) विकल्प *a*, *b*, *c* एवं *d* में *Cr* की ऑक्सीकरण संख्या क्रमशः +6, + 4, + 3, + 3 हैं

दिये गये विकल्प (*a*) में उच्च ऑक्सीकरण संख्या है इसलिये इसकी त्रिज्या कम होगी। परमाणु त्रिज्या ऑक्सीकरण संख्या में वृद्धि के साथ घटती है।

**33.** (b) क्यूप्रस क्लोराइड

$Cu(s) + 2HCl + CuSO_4 \rightarrow \underset{\text{क्यूप्रस क्लोराइड}}{2CuCl} + H_2SO_4$

**34.** (d) क्यूप्रस क्लोराइड धीरे-धीरे हरे भास्मिक क्यूप्रिक क्लोराइड में ऑक्सीकृत हो जाता है।

$CuCl \xrightarrow{\text{वायु}} \underset{\text{हरे रंग का}}{3CuO.CuCl_2.3H_2O}$

**35.** (a) $2CuCl + 2HCl + [O] \rightarrow 2CuCl_2 + H_2O$

**38.** (b) अम्लीय माध्यम में $KMnO_4$ का तुल्यांकी भार *M*/5 है।

$\therefore$ तुल्यांकी भार = $\frac{158}{5}$ = 31.6

**39.** (b) अम्लीय माध्यम में $KMnO_4$ 5 ऑक्सीजन देता है जबकि अम्लीय $K_2Cr_2O_7$, 3 ऑक्सीजन देता है

**41.** (a) $Ag_2O$ दुर्बल ऑक्सीकारक है, धातु की ऑक्सीकरण संख्या जितनी अधिक होती है उतनी ही प्रबल वह ऑक्सीकारक होती है।

**42.** (c) $K_2Cr_2O_7 + 3H_2SO_4 \rightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 3(O) + 3H_2$

खोये गये इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 12 – 6 = 6

$\therefore$ तुल्यांकी भार = $\frac{M}{6} = \frac{294}{6} = 49.$

**44.** (a) $ZnSO_4 \rightarrow Zn^{++} + SO_4^{-2}$

$Zn^{++} \approx Cu^{++}$

$Cu^{+2} \rightarrow 3d^9 - 1$ अयुग्मित $e^-$

$\therefore$ अनुचुम्बकीय प्रकृति का

**46.** (b) $KMnO_4$ पहले मैंग्नेट में अपचयित होता है और फिर अविलेय मैंग्नीज डाई ऑक्साइड में। रंग परिवर्तन पहले बैंगनी से हरे में होता है और अन्त में रंगहीन बन जाता है।

$2KMnO_7 + 2KOH \rightarrow 2K_2MnO_4 + H_2O + O$

$2K_2MnO_4 + 2H_2O \rightarrow 2MnO_2 + 4KOH + 2O$

$2KMnO_2 + H_2O \xrightarrow{\text{क्षारीय}} 2MnO_2 + 2KOH + 3[O]$

**47.** (c) $2KMnO_4 + 3H_2SO_4 + 5C_2H_2O_4 \rightarrow$

$2Mn^{2+} + 8H_2O + 10\,CO_2$

**48.** (b) $2KI + HgI_2 \rightarrow \underbrace{K_2HgI_4 + KOH}_{\text{नेसलर अभिकर्मक}}$

**50.** (c) $Cr_2O_7^{2-} + 8H^+ + 2SO_3^{2-} \rightarrow 2Cr^{+3} + 3SO_4^{2-} + 4H_2O$

**51.** (b) $KI + MnO_4^- \rightarrow K^+IO_3^- + Mn^{+2}$

**52.** (b) दी गयी सभी अभिक्रियाओं के बीच $CuSO_4$, $KCl$ के साथ अभिक्रिया कर $Cu_2Cl_2$ नहीं देता।

**53.** (c) मोहर लवण

$2KMnO_4 + 8H_2SO_4 + 10FeSO_4 \rightarrow$

$K_2SO_4 + 2MnSO_4 + 5Fe_2(SO_4)_3 + 8H_2O$

मोहर लवण $KMnO_4$ को, $Mn^{7+}$ आयन के $Mn^{2+}$ आयन में अपचयन द्वारा रंगहीन करता है।

**55.** (c) अमलगम मिश्र धातु है जिसमें मरकरी (पारा) एक घटक के रूप में रहता है।

**56.** (a) प्रतिबिम्ब छवि को स्थायी बनाने के लिये यह आवश्यक है कि अनअपचयित सिल्वर ब्रोमाइड को उत्पन्न (डेवलप) फिल्म की सतह से निकाला जाये। इस प्रक्रिया को प्रतिबिम्ब छवि का स्थायीकरण (फिक्सिंग) कहते हैं। स्थायीकरण क्रिया उत्पन्न

फिल्म या प्लेट को सोडियम थायो सल्फेट (हाइपो) विलयन में डुबाकर करायी जाती है, हाइपो विलयन अनअपचयित सिल्वर ब्रोमाइड को संकुल निर्माण द्वारा अपने में विलेय कर लेता है।

$AgBr + 2Na_2S_2O_3 \rightarrow \underset{\text{सोडियम अर्जेन्टो थायोसल्फेट (विलेय)}}{Na_3[Ag(S_2O_3)_2]} + NaBr$

इस तरह सोडियम थायो सल्फेट संकुलकारक की तरह कार्य करता है।

**58.** (d) ये सभी

**59.** (b) $Fe^{3+} - 3d^5 - 5$ अयुग्मित इलेक्ट्रॉन

*Fe* चुम्बकीय क्षेत्र में आकर्षित होगा इसलिये भार में वृद्धि प्रदर्शित करेगा।

**60.** (d) अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की अनुपस्थिति के कारण $TiF_6^{2-}$ एवं $Cu_2Cl_2$

**62.** (b) कॉपर ऑक्साइड; $2Cu(NO_3)_2 \rightarrow 2CuO + 4NO_2 + O_2$

**63.** (c) आयोडीन के उत्सर्जन के साथ क्यूप्रस आयोडाइड अवक्षेपित होता है। $2KI + CuSO_4 \rightarrow CuI_2 + K_2SO_4 + I_2$

**64.** (a) क्षारीय माध्यम में इसके अणुभार का यह एक तिहाई है क्योंकि क्षारीय माध्यम में यह 3 नवजात ऑक्सीजन देता है।

$$2KMnO_4 + H_2O \xrightarrow{+3e^-} 2KOH + 2MnO_2 + 3[O]$$

$\therefore$ तुल्यांकी भार $= \dfrac{M}{3}$

**65.** (c) $NaCl + H_2SO_4 + K_2Cr_2O_7 \rightarrow \underset{\text{क्रोमिल क्लोराइड}}{CrO_2Cl_2} + K_2SO_4 + Na_2SO_4$

**66.** (b) सूर्य प्रकाश में अपघटित होता है।

$$2AgNO_3 \xrightarrow{\Delta} 2Ag + 2NO_2 + O_2$$

**67.** (c) सिल्वर; $AgNO_3 + NaCl \rightarrow \underset{\text{सफेद अवक्षेप}}{AgCl} + NaNO_3$

**70.** (c) $Ni(CO)_4$ का निर्माण एवं ऊष्मीय अपघटन

**71.** (a) $CuSO_4 + 4NH_3 \rightarrow [Cu(NH_3)_4]^{++}SO_4^{--}$

**72.** (a) तुल्यांकी भार $= \dfrac{\text{अणु भार}}{\text{खोये गये अथवा प्राप्त किये कुल } e^- \text{ की संख्या}}$

$$= \frac{M}{1} = M$$

**76.** (d) $HgI_2 + 2KI \rightarrow K_2[HgI_4] \rightleftharpoons 2K^+ + [HgI_4]^{--}$

**80.** (c) डाइक्रोमेट का क्रोमेट में परिवर्तन

$K_2Cr_2O_7 + 2KOH \rightarrow \underbrace{2K_2CrO_4}_{\text{पीला}} + H_2O$

**81.** (b) $\underset{\text{पायरोलुसाइट}}{MnO_2} + KOH \rightarrow K_2MnO_4$

**83.** (c) $K_2Cr_2O_7 + H_2SO_4 + 4H_2O_2 \rightarrow K_2SO_4 + 2CrO_5 + 5H_2O$

**84.** (d) आयरन; $Fe + H_2O/H^+ \rightarrow Fe_2O_3.xH_2O$

**85.** (b) $Na_2CdCl_4$ - कोई अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं

**87.** (c) $CuCN$ ;

$Cu^+$: $3d^{10}$ [⇅ | ⇅ | ⇅ | ⇅ | ⇅]  $4s^0$ [ ]

क्योंकि सभी इलेक्ट्रॉन युग्मित हैं इसलिये इसे रंगहीन मानते हैं।

**88.** (c) $ZnSO_4, MgSO_4$ समरूपी हैं अर्थात् समान संरचना के हैं।

**90.** (a) $3d$ अवस्था के कारण $TiO_2$ अर्थात् कोई अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं है।

**91.** (b) $CoO \rightarrow Co^{2+}$ नीले रंग का है।

**92.** (c) $Ca_2P_2O_7 \rightarrow 2Ca^{++} + (P_2O_7)^{4-} Fe^{+3} + (P_2O_7)^{4-} \rightarrow Fe_4(P_2O_7)_3$

**93.** (d) प्रबल वान्डर वाल आकर्षण के साथ उच्च सहसंयोजी गुण तथा सिल्वर एवं आयोडाइड आयनों के बीच वैद्युतस्थैतिक आकर्षण के कारण *AgI*

**100.** (c) $ZnO + 2NaOH \rightarrow \underset{\text{सोडियम जिंकेट}}{Na_2ZnO_2} + H_2O$

**101.** (b) $HgCl_2$ यौगिक आसानी से वाष्पित होता है ये जल में अविलेय है और अम्लों में विलेय है।

**102.** (a) रंगहीन यौगिक वो होते हैं जिनमें कोई अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं होता और अनुचुम्बकीय पदार्थ में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। इसलिये अनुचुम्बकीय पदार्थ रंग उत्पन्न करते हैं।

**107.** (c) $MnSO_4 \rightarrow Mn^{2+} + SO_4^{2-}$

$Mn^{2+}$: $3d$ [↿ | ↿ | ↿ | ↿ | ↿]  $4s$ [ ]

अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण यह रंगीन लवण बनाता है।

**111.** (a) ढलवाँ लोहा : आयरन –93–95%

कार्बन – 2.5 –5%, अशुद्धियाँ लगभग 2%

**112.** (a) $FeCl_3$ प्रबल अम्ल एवं दुर्बल क्षार का लवण है। यह जल अपघटन पर $Fe(OH)_3$ एवं $HCl$ देता है। $Fe(OH)_3$ दुर्बल क्षार है तथा $HCl$ प्रबल अम्ल है।

इसलिये $FeCl_3$ का जलीय विलयन अम्लीय प्रकृति का होगा।

**113.** (b) $Cr_2^{6+} + 6e^- \rightarrow 2Cr^{3+}$ ; $Fe^{2+} \rightarrow Fe^{3+} + e^-$

**114.** (a) $CrO_3$ और $Mn_2O_7$ अम्लीय ऑक्साइड हैं क्योंकि ये जल के साथ क्रिया कर अम्ल बनाते हैं।

$CrO_3 + H_2O \rightarrow \underset{\text{क्रोमिक अम्ल}}{H_2CrO_4}$ ; $Mn_2O_7 + H_2O \rightarrow \underset{\text{परमैग्निक अम्ल}}{2HMnO_4}$

**115.** (a) फोटोग्राफी में क्योंकि यह प्रकाश के प्रति सुग्राही है।

**116.** (c) $[MnCl_4]^{2-} \rightarrow$ $3d$ [↿ | ↿ | ↿ | ↿ | ↿]  $4s$ [:]  $4p$ [: | : | :] ($sp$)

अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 5

$[CoCl_4]^{2-} \rightarrow$ [⇅ | ⇅ | ↿ | ↿ | ↿]  [:]  [: | : | :] ($sp$)

अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 3

$[Fe(CN)_6]^{4-} \rightarrow$ [⇅ | ⇅ | ⇅ | : | :]  [:]  [: | : | :] ($dsp$)

अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 0

चुम्बकीय आघूर्ण $= \sqrt{n+2}$

यहाँ, *n* = अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या अर्थात् अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या जितनी अधिक होती है उतना ही अधिक अनुचुम्बकत्व गुण होगा।

**117.** (a) यौगिक $[Ni(CO)_4]$ में

$Ni$ की ऑक्सीकरण संख्या = 0

$Ni$ की उपसहसंयोजन संख्या = 4

($Co$ (कार्बोनिल) प्रबल लिगेण्ड है इसलिये ये इलेक्ट्रॉनों को युग्मित करता है)

| | 3d | | | | | 4s | 4p | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $Ni[Ar]$ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑ | ↑ | ↑↓ | | | |
| $[Ni(CO)_4]$ में $Ni$ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | | | | |
| $[Ni(CO)_4]$ $[Ar]$ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ CO | ↑↓ CO | ↑↓ CO | ↑↓ CO |

$sp^3$ संकरण

118. (a) $[Fe(H_2O)_5(NO)]SO_4$ में ऑक्सीकरण संख्या नियम लागू करने पर ($\because$ $H_2O$ एवं $NO$ उदासीन हैं)।

$[x+(0)\times 5+0]+(-2)=0$

$x+0+0-2=0 \Rightarrow x=+2$

इसलिये, $Fe$ की ऑक्सीकरण संख्या +2 है।

119. (c) $\underset{\text{सान्द्र}}{Zn+NaOH} \rightarrow \underset{\text{सोडियम जिंकेट}}{Na_2ZnO_2} + \underset{\text{हाइड्रोजन}}{H_2}$

इस तरह इस अभिक्रिया में हाइड्रोजन गैस उत्पन्न होती है जब जिंक को सान्द्र $NaOH$ के साथ अभिकृत किया जाता है।

120. (c) $Fe_2O_3+6NaOH \rightarrow \underset{\text{भूरा (NaOH में अविलेय)}}{2Fe(OH)_3}\downarrow+3Na_2O$

121. (c) मरक्यूरस क्लोराइड जल में अविलेय है जबकि शेष सभी जल में विलेय हैं।

122. (a) $ZnO$ उभयधर्मी ऑक्साइड है,

$ZnO+H_2SO_4 \rightarrow ZnSO_4+H_2O$

$ZnO+2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2+H_2O$

123. (a) $Fe^{3+}$ आयन का विन्यास $[Ar]3d^5$ है इसलिये अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या 5 है।

124. (b) $FeS+H_2SO_4 \rightarrow FeSO_4+H_2S$

125. (c) इस संकुल में $CO^{2+}$ आयन में 3 अयुग्मित इलेक्ट्रॉन हैं इसलिये चक्रण केवल चुम्बकीय आघूर्ण $\sqrt{3(3+2)}$ अर्थात $\sqrt{15}$ $B.M.$ होगा।

126. (a) अमोनिया के ऑक्सीकरण से नाइट्रिक ऑक्साइड बनाने में प्लेटिनम उत्प्रेरक की तरह कार्य करता है। इस अभिक्रिया का उपयोग नाइट्रिक अम्ल निर्माण की ओस्टवाल्ड विधि में करते हैं।

$4NH_3+5O_2 \xrightarrow[750°C]{Pt} 4NO+6H_2O$

$2NO+O_2 \rightarrow 2NO_2$

$4NO_2+O_2+2H_2O \rightarrow 4HNO_3$

127. (c) आयरन फैरस नाइट्रेट में ऑक्सीकृत हो जाता है एवं नाइट्रिक अम्ल अमोनियम नाइट्रेट में परिवर्तित हो जाता है।

$4Fe+10HNO_3 \rightarrow 4Fe(NO_3)_2+NH_4NO_3+3H_2O$

128. (a) $CrO_3+2NaOH \rightarrow \underset{\text{पीला विलयन}}{Na_2CrO_4}+H_2O$

129. (c) $2KI+CuSO_4 \rightarrow \underset{\text{अस्थायी}}{CuI_2}+K_2SO_4$

$2CuI_2 \rightarrow Cu_2I_2+I_2$

इसलिये, विलयन में $Cu_2I_2, I_2$ एवं $K_2SO_4$ होते हैं।

130. (a) विद्युत रासायनिक श्रेणी में $Cu$ को $Ag$ के ऊपर रखा गया है, इसलिये यह $Ag$ को उसके लवण विलयन से प्रतिस्थापित कर सकता है इसलिये अभिक्रिया निम्न तरह से पायी जाती है,

$\overset{0}{Cu}+AgNO_3 \xrightarrow{\text{ऑक्सीकरण}} \overset{+1}{Cu}NO_3+Ag$

131. (a) जब क्विंच इस्पात को लाल गर्म होने के ताप से नीचे गर्म किया जाता है और फिर धीरे-धीरे ठण्डा किया जाता है तो यह मृदु बन जाता है। इस प्रक्रम को तापानुशीतन कहते हैं।

132. (a) हम जानते हैं कि अमोनिया में विलेयता का क्रम $AgCl > AgBr > AgI$ है इसलिये, $AgCl$ अमोनिया में अधिक विलेय है।

133. (d) क्षारीय माध्यम में, $KMnO_4$ पहले मेंग्नेट में अपचयित होता है और फिर अघुलनशील मैंग्नीज डाई ऑक्साइड में

$2MnO_4^-+H_2O \rightarrow 2MnO_2+2OH^-+3[O]$

अम्लीय माध्यम में, मैंग्नस सल्फेट बनता है।

$MnO_4^-+8H^++5e^- \rightarrow Mn^{2+}+4H_2O$

134. (c) $(NH_4)_2Cr_2O_7 \xrightarrow{\Delta} 2K_2CrO_4+Cr_2O_3+\frac{3}{2}O_2$

135. (a) $HgS$ अम्लराज में घुलनशील है और यह गर्म तनु $HNO_3$ में अघुलनशील है।

136. (d) $Ag_2O \xrightarrow{\Delta} 2Ag+\frac{1}{2}O_2$

138. (a) $HgCl_2$ द्विमरीकरण प्रदर्शित करता है। यह द्विलक रूप में पाया जाता है।

139. (b) आयरन पायरिटीज ($FeS_2$) को "मूर्खों का सोना" भी कहते हैं।

140. (c) फजान के अनुसार, बड़े ऋणायन की अपेक्षा छोटा ऋणायन कम सीमा तक ध्रुवित होता है। इसलिये $AgF$ सबसे अधिक आयनिक होगा और इसका उच्च गलनांक होता है।

141. (c) पोटेशियम डाइक्रोमेट गर्म करने पर ऑक्सीजन एवं क्रोमिक अम्ल ($Cr_2O_3$) देता है।

$4K_2Cr_2O_7 \xrightarrow{\Delta} 4K_2Cr_2O_4+3O_2+2Cr_2O_3$

142. (a) निकिल को मॉण्ड विधि द्वारा शुद्ध किया जाता है।

$\underset{\text{अशुद्ध}}{\text{निकिल}}+CO \xrightarrow{60-80°C} \underset{\text{गैसीय यौगिक}}{Ni(CO)_4} \xrightarrow{180°C} Ni+4CO$

143. (b) स्टेनलैस स्टील में 11.5% $Cr$ एवं 2.0% $Ni$ के साथ $Fe$ होता है।

144. (d) जर्मन सिल्वर कॉपर की मिश्र धात है सिल्वर की नहीं इसमें $Cu=56.0\%$, $Zn=24.0\%$ एवं $Ni=20.0\%$ होता है।

145. (e) यह योजना वान अर्कल प्रक्रम में भाग लेती है इस प्रक्रम द्वारा अतिशुद्ध धातु बनायी जाती है, अशुद्ध धातु पहले स्थायी वाष्पशील यौगिक में बदलती है सामान्यतः आयोडाइड में और अशुद्धियाँ पीछे छूट जाती हैं जो फिर उच्च ताप पर अपघटित हो जाती है और शुद्ध धातु देती है। टाइटेनियम, जिरकोनियम जैसी धातु इस विधि द्वारा शोधित की जाती हैं।

146. (e) $HgS$ प्रबलता से गर्म करने पर $Hg$ देता है।

147. (a) $Cr_2O_3.2H_2O$ को गुगनेट ग्रीन कहते हैं।

148. (c) वेनेडियम (III) ऑक्साइड एक प्रबल अपचायक है क्योंकि वेनेडियम धनविद्युती धातु है और इसका उच्च अपचयन विभव होता है। इसके ऊर्ध्वपातन की ऊष्मा कम होती है, तथा आयनन विभव कम होता है।

149. (b) स्टेनलैस स्टील पर जंग नहीं लगती क्योंकि क्रोमियम एक ऑक्साइड पर्त बनाती है और लोहे को जंग से सुरक्षित करती है।

**150.** (b) $HgCl_2 + Na_2CO_3 \rightarrow HgCO_3 + 2NaCl$

$HgCO_3 \xrightarrow{\Delta} HgO + CO_2$

**151.** (d) $CN^-$ की उपस्थिति में $Ni$

$CN^-$ की उपस्थिति में $[Ni^{2+} = [Ar]$




$[Ni(CN)_4]^{2-}$ में कोई अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं होता इसलिये यह द्विचुम्बकीय है।

**152.** (a) सिल्वर ब्रोमाइड की हाइपो विलयन में विलेयता $[Ag(S_2O_3)_2]^{3-}$ के निर्माण के कारण होती है।

**153.** (b) पीतल $Zn$ एवं $Cu$ की मिश्र धातु है।

**154.** (a) आयोडाइड प्रबल अपचायक होने के कारण $Cu^{2+}$ आयन को $Cu^+$ में अपचयित करता है और स्वयं आयोडीन में ऑक्सीकृत हो जाता है।

$\underset{\text{अपचयित}}{2\overset{+2}{Cu}SO_4} + \underset{\text{ऑक्सीकृत}}{4K\overset{-1}{I}} \rightarrow \overset{+1}{Cu_2}I_2 + \overset{0}{I_2} + 2K_2SO_4$

**155.** (c) जंग $Fe_2O_3$ एवं $Fe(OH)_3$ है।

**156.** (a) ${}_{21}Sc = [Ar]\,3d^1 4s^2$

$Sc^{3+} = [Ar]\,3d^0 4s^0$ के $d$ उपकोश में कोई अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं होता, इसलिये यह द्विचुम्बकीय एवं रंगहीन है।

**157.** (c) जिंक सल्फेट $(ZnSO_4.7H_2O)$ को सफेद कसीस कहते हैं इसे जब बेरियम सल्फाइड के साथ गर्म करते हैं तो सफेद वर्णक लिथोपोन बनता है।

**158.** (a) समरूपी यौगिक वे यौगिक हैं जो समान प्रकार के क्रिस्टल बनाते हैं अर्थात् जिनकी समान संरचना होती है। $FeSO_4.7H_2O$ समरूपी है $ZnSO_4.7H_2O$ के साथ।

**159.** (b) संक्रमण धातु आयन लवण का रंग $d$-कक्षक के अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों के $d-d$ संक्रमण के कारण होता है। धातु आयन लवण जिनके $d$-कक्षकों में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की समान संख्या होती है वे जलीय माध्यम में समान रंग प्रदर्शित करते हैं।

$V^{4+} : [Ar]\,3d^1$

$Cu^{2+} : [Ar]\,3d^9$



अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 1

**160.** (b) सोडियम जिंकेट के निर्माण के कारण $Zn$ सान्द्र $NaOH$ में विलेय है।

$Zn + 2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2$

**161.** (b) $CdS$ –– पीला

$CuS$ –– काला

$ZnS$ –– सफेद

$CoS$ –– काला

**162.** (c) $KMNO_4$ ओजोन द्वारा और अधिक ऑक्सीकृत नहीं होगा क्योंकि मैंग्नीज पहले से ही अपनी अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था अर्थात् +7 में उपस्थित है।

**163.** (d) क्षारीय माध्यम में

$2KMnO_4 + KI + H_2O \rightarrow 2MnO_2 + 2KOH + KIO_3$

**164.** (b) $2K\overset{-1}{I} + 2CuSO_4 \rightarrow \overset{O}{I_2} + Cu_2I_2 + 2K_2SO_4$

$\overset{O}{I_2} + 2Na_2\overset{+2}{S_2}O_3 \rightarrow Na_2\overset{+2.5}{S_4}O_6 + 2Na\overset{-1}{I}$

**166.** (c) काँसे में $Cu = 75 - 90\%$, $Sn = 10 - 25\%$

**168.** (b) पीतल $(Cu + Zn)$

जर्मन सिल्वर $(Cu + Zn + Ni)$

**169.** (c) $4Au + 8KCN + 2H_2O + O_2 \rightarrow 4\underset{\text{(विलेय संकुल)}}{K[Au(CN)_2]} + 4KOH$

**170.** (d) प्लेटफॉर्मिंग प्लेटिनम निर्माण की विधि है।

**171.** (a) हम जानते हैं कि ऑरिक क्लोराइड के स्टेनस क्लोराइड द्वारा अपचयन से स्वर्ण का कोलॉइडी विलयन प्राप्त होता है। इसे परपल ऑफ केसियम कहते हैं।

**172.** (c)

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| (i) विस्फोटक | $Pb(N_3)_2$ |
| (ii) कृत्रिम जैम | $Al_2O_3$ |
| (iii) स्वअपचयन | $Cu$ |
| (iv) चुम्बकीय पदार्थ | $Fe_3O_4$ |

**178.** (b) $\underset{82\%}{Fe} + \underset{11\%}{Cr} + \underset{7\%}{Ni}$ = स्टेनलैस स्टील

**179.** (c) $CaO$ एवं $MgO$ अग्निसह पदार्थ हैं। इनके अति उच्च गलनांक होते हैं।

**180.** (b) पीतल के संघटन में $Cu = 60\%$ एवं $Zn = 40\%$ होता है।

**181.** (a) तापानुशीतन इस्पात को लाल तप्त गर्म करना और फिर धीरे-धीरे ठण्डा करने का प्रक्रम है।

**182.** (b) ${}_{26}Fe^{2+}$




$Fe^{3+}$




अर्द्ध भरे $d$ उपकोश के कारण + 3 अवस्था सबसे अधिक स्थायी है।

**183.** (b) $\underset{95-97\%}{Fe}$ एवं $\underset{3-5\%}{Ni}$

**185.** (a) इस्पात पर आयरन नाइट्राइड के कठोर आवरण के निर्माण का प्रक्रम नाइट्राइडीकरण कहलाता है।

**187.** (c) आयरन, क्यूरी बिन्दु पर चुम्बकीय गुण खो देता है।

**188.** (d) ऊष्मा उपचार शीतलन की विभिन्न दर के कारण जालक संरचना में हुए परिवर्तन के फलस्वरूप इस्पात के गुणों को परिवर्तित कर देता है।

**189.** (c) आयरन की निष्क्रियता उसकी सतह पर पतली एवं अदृश्य आयरन फिल्म के बनने के कारण होती है जो इसकी और अधिक क्रिया होने से रोकती है। यह फिल्म $Fe_3O_4$ के निर्माण के कारण होती है।

**190.** (c) $2Fe + SO_2 \rightarrow FeO + FeS$

**191.** (a) इस विधि द्वारा प्राप्त इस्पात अपनी कठोरता बनाये रखता है किन्तु भंगुर नहीं होता।

**192.** (d) वात्या भट्टी में 400–600°C पर आयरन के प्रगलन के लिये निम्न अभिक्रिया भाग लेती है :-

$Fe_2O_3 + 3CO \rightarrow 2Fe + 3CO_2$

**194.** (a) $\underset{60\%}{Cu} + \underset{20\%}{Zn} + \underset{20\%}{Ni}$

**195.** (d) आयरन सान्द्र $HNO_3$ एवं अन्य ऑक्सीकारक जैसे $K_2Cr_2O_7, KMnO_4$, क्लोरिक अम्ल, क्रोमिक अम्ल, सिल्वर नाइट्रेट आदि द्वारा निष्क्रिय बन जाता है। निष्क्रिय आयरन के नमूने को सक्रिय बनाया जा सकता है, यदि फिल्म को यांत्रिकी अथवा रासायनिक तरीकों से खुरच दिया जाये।

**199.** (b) $Fe$ हीमोग्लोबिन में उपस्थित है।

**201.** (d) $2FeSO_4 \rightarrow Fe_2O_3 + SO_2 + SO_3$

**203.** (a) $NO_3^- + H_2SO_4 \rightarrow HNO_3 + HSO_4^-$

$2HNO_3 \rightarrow H_2O + 2NO + 3[O]$

$FeSO_4 + NO + 5H_2O \rightarrow \underset{\text{भूरा रंग}}{[Fe(H_2O)_5NO^+]}SO_4$

**204.** (a) $K_2MnF_6 + 2SbF_5 \rightarrow 2KSbF_6 + MnF_3 + \frac{1}{2}F_2$

इस अभिक्रिया में, प्रबल लुईस अम्ल $SbF_5$ दुर्बल अम्ल, $MnF_4$ को उसके लवण से प्रतिस्थापित कर देता है। $MnF_4$ अस्थायी है और शीघ्रता से अपघटित होकर $MnF_3$ एवं फ्लोरीन देता है।

**205.** (a) पृष्ठ या सतह कठोरीकरण : पिटवाँ लोहे की सतह पर इस्पात परत के जमाव द्वारा उसके कठोरीकरण का प्रक्रम पृष्ठ या सतह कठोरीकरण कहलाता है इसे पिटवाँ लोहे को पोटेशियम फैरोसायनाइड के साथ गर्म करके कराया जाता है दूसरे विकल्प में पृष्ठ कठोरीकरण को पिटवाँ लोहे को चारकोल के साथ गर्म करके और फिर उसे उपयुक्त तेल में डालकर भी कराया जाता है।

**206.** (a) स्टेनलैस स्टील वायु, नमी एवं $pH$ में थोड़े से परिवर्तन द्वारा संक्षारित नहीं होती। इसे $\underset{82\%}{Fe}, \underset{7\%}{N}$ एवं $\underset{11\%}{Cr}$ द्वारा बनाया जाता है।

**207.** (b)

| आयरन की किस्म | कार्बन का % |
|---|---|
| ढलवाँ या पिग लोहा | 2.5 – 4% |
| पिटवाँ लोहा | 0.12 – 0.25% |
| इस्पात | 0.2 – 0.5% |

**209.** (c) पानी चढ़ाना : यदि क्विंच अथवा कठोर इस्पात को 503 से 573 $K$ के बीच पुनः गर्म किया जाये और फिर धीरे-धीरे ठण्डा किया जाये तो इस प्रक्रम को पानी का चढ़ाना कहते हैं।

**226.** (d) पिटवाँ लोहे में कार्बन का % 0.2 – 0.5%, है, इस्पात में 0.5 – 1.5% है और पिग लोहे में 2.5 – 4% है।

**227.** (a) $Fe + 5CO \rightarrow [Fe(CO)_5]$ पेन्टाकार्बोनिल आयरन $(O)$

**230.** (d) पोटाश फिटकरी $K_2SO_4.Al_2(SO_4)_3.24H_2O$

**231.** (c) $Fe$ धातु पर $Fe_3O_4$ की पतली पर्त बनती है।

**232.** (a) $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 4H_2$

**233.** (b) $Mn$ का उपयोग मिश्र धातु इस्पात बनाने में होता है जिसका उपयोग आर्मर प्लेट, अलमारियाँ, तिजोरी एवं हैल्मेट बनाने में होता है।

**236.** (a) टाँका धातु $(Pb + Sn)$, काँसा $(Cu + Sn)$, पीतल $(Cu + Zn)$, घण्टा धातु $(Cu + Sn)$

**241.** (d) $\underset{80\%}{Cu} + \underset{20\%}{Sn} \rightarrow$ घण्टा धातु

**242.** (b) टर्नबुल ब्लू फैरस फैरी सायनाइड $Fe_3[Fe(CN)_6]_2$

**244.** (a) $Cu + 2AgNO_3 \rightarrow 2Ag + Cu(NO_3)_2$

$Cu + ZnSO_4 \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं

$Cu + FeSO_4 \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं

$$\left.\begin{array}{l} E^0 Zn^{+2}/Zn = -0.76\ V \\ E^0 Cu^{2+}/Cu = +0.34\ V \\ E^0 Fe^{2+}/Fe = -0.40\ V \\ E^0 Ag^+/Ag = +0.80\ V \end{array}\right\}$$

जैसा कि स्पष्ट है कि कॉपर का अपचयन विभव $Zn$ एवं $Fe$ की अपेक्षा अधिक होता है। इसलिये यह उनको, उनके लवणों से प्रतिस्थापित करने में सक्षम नहीं है।

**245.** (b,c) फैरस लवण पोटेशियम फैरीसायनाइड के साथ अभिक्रिया कर टर्नबुल ब्लू निर्माण के कारण नीला रंग देता है। इस अभिक्रिया में फैरस लवण पहले फैरीसायनाइड आयन द्वारा फैरिक लवण में ऑक्सीकृत होता है और फैरीसायनाइड स्वयं फैरोसायनाइड में अपचयित हो जाता है।

$Fe^{+2} + \underset{\text{फैरीसायनाइड}}{[Fe(CN)_6]^{3-}} \rightarrow Fe^{+3} + \underset{\text{फैरोसायनाइड}}{[Fe(CN)_6]^{4-}}$

$Fe^{+3} + [Fe(CN)_6]^{4-} \rightarrow \{Fe[Fe(CN)_6]\}^-$

$Fe^{+3} + [Fe(CN)_6]^{4-} + K^+ \rightarrow \underset{\text{पोटेशियम फैरिक फैरोसायनाइड या टर्नबुल ब्लू}}{K\{Fe[Fe(CN)_6]\}}$

फैरिक आयन पोटेशियम थायोसायनेट के साथ अभिक्रिया करके फैरिक थायोसायनेट के निर्माण के कारण रक्त जैसा लाल रंग देता है।

$FeCl_3 + 3KCNS \rightarrow \underset{\text{फैरिक थायोसायनेट (रक्त लाल)}}{Fe(CNS)_3} + 3KCl$

**250.** (a) वैद्युत सुरक्षा : इसमें $Mg$ एनोड के समान कार्य करता है जबकि आयरन पाइप कैथोड के समान कार्य करता है $Mg$ आयरन से पहले इलेक्ट्रॉन खोता है।

**251.** (b) पायराइट $(FeS_2)$ को मूर्खो का सोना कहते हैं।

**252.** (a) स्टेनलैस स्टील में मुख्यतः आयरन, कार्बन, निकिल होते हैं जिसके साथ क्रोमियम एवं मैंग्नीज भी होता है।

**253.** (d) सबसे पहले कार्बन जिसे पिसे हुए हेमेटाइट अयस्क के साथ मिलाया गया है, $CO$ (एवं $CO_2$) में ऑक्सीकृत हो जाता है और फिर उत्पन्न $CO$ हेमेटाइट के इस्पात में अपचयन के लिये मुख्य अपचायक का कार्य करती है।

**255.** (a) सफेद टिन लेपन द्वारा आयरन को जल से सुरक्षित किया जा सकता है।

**256.** (d) $2Fe + 3CO \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{ढँलवा लोहा}}{Fe_2O_3} + 3C$

**257.** (b) मैग्नेटाइट कार्बन द्वारा अपचयित होता है।

**258.** (d) मैलेकाइट $(Cu(OH)_2.CuCO_3)$ भास्मिक कॉपर कार्बोनेट

**259.** (b) + 2 सबसे अधिक महत्वपूर्ण ऑक्सीकरण अवस्था है।

$Cu^{+1} + e^- \rightarrow Cu\ ;\ E^0 = +0.52\ V$

$Cu^{+2} + 2e^- \rightarrow Cu\ ;\ E^0 = +0.34\ V$

**260.** (d) $Cu + 4HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2NO_2 + 2H_2O$

**262.** (a)

| धातु | + 1 में क्लोराइड | + 2 ऑक्सीकरण अवस्था |
|---|---|---|
| $Cu$ | $CuCl$ | $Cu_2Cl_2$ |
| $Ag$ | $AgCl$ | – |
| $Na$ | $NaCl$ | – |

**265.** (d) $Cu + HCl \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं

हाइड्रोजन की अपेक्षा कॉपर कम क्रियाशील है इसलिये अम्लों से हाइड्रोजन विस्थापित करने में यह सक्षम नहीं है।

$E^0_{Cu} = +0.34$ एवं $E^0_H = 0.00$

**266.** (a) गन धातु में $Cu$ (88%), $Zn$ (2%), Sn(10%), $Pb$ (0.5%) होते हैं।

**267.** (b) टाँका धातु – $Sn$ 67% एवं $Pb$ 33%.

**268.** (c) पीतल में $Cu = 80\%$, $Zn = 20\%$ होता है।

जर्मन सिल्वर में $Cu = 60\%$, $Zn = 20\%$, $Ni = 20\%$ होता है।

**269.** (b) जर्मन सिल्वर में $Cu = 60, Zn = 20,\ Ni = 20\%$ होता है।

**270.** (b) $Cu = 88\%, Sn = 10\%, Zn = 2\%, Pb = 0.5\% \rightarrow$ गन धातु

**274.** (b) $4Cu + 2H_2O \rightarrow 2Cu_2O + 2H_2$

**276.** (b) $2Cu + 2H_2SO_4 + O_2 \rightarrow 2CuSO_4 + 2H_2O$

**277.** (b) क्यूप्रस आयन $(Cu^+)$ में $3d^{10}$ अर्थात् पूर्ण भरा $d$ उपकोश होता है। $3d^{10}$

| ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ |
|---|---|---|---|---|

क्यूप्रिक आयन $Cu^{+2}$

$3d^9$

| ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑ |
|---|---|---|---|---|

एक अयुग्मित इलक्ट्रान

**278.** (b) $CuSO_4 + K_4[Fe(CN)_6] \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं

$4NH_4OH + CuSO_4 \rightarrow \underset{\text{गहरा नीला}}{[Cu(NH_3)_4]SO_4} + 4H_2O$

$\underset{\text{निर्जल}}{CuSO_4} + 5H_2O \rightarrow \underset{\text{नीला}}{CuSO_4.5H_2O}$

$4FeCl_3 + 3Na_4[Fe(CN)_6] \rightarrow \underset{\text{फैरिकफैरोसायनाइड (प्रुशियन ब्लू)}}{Fe_4[Fe(CN)_6]} + 12NaCl$

**280.** (d) $CuSO_4 + 2KCN \rightarrow Cu(CN)_2 + K_2SO_4$

$2Cu(CN)_2 \rightarrow Cu_2(CN)_2 + (CN)_2$

$Cu_2(CN)_2 + 6KCN \rightarrow 2K_3[Cu(CN)_4]$

**281.** (a) $CuSO_4 + 4NH_4OH \rightarrow \underset{\text{नीला}}{[Cu(NH_3)_4]SO_4} + 4H_2O$

**282.** (c) $Cu + 2H_2SO_4 \rightarrow CuSO_4 + SO_2 + 2H_2O$

**284.** (a) $2Cu + CO_2 + H_2O + O_2 \rightarrow \underset{\text{भास्मिक कॉपर कार्बोनेट}}{CuCO_3.Cu(OH)_2}$

**285.** (a) $2CuSO_4 + K_4(Fe(CN)_6] \rightarrow Cu_2[Fe(CN)_6] + 2K_2SO_4$

**287.** (d) $CuSO_4 + Hg \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं

$Cu$ की अपेक्षा $Hg$ कम क्रियाशील है यह सक्रियता श्रेणी में $Cu$ के नीचे आता है।

**288.** (c) $Cu + H_2O \rightarrow$ कोई अभिक्रिया नहीं

$E^0_{Li^+/Li} = -3.04\ V$ $\quad E^0_{H^+/H_2} = 0.00\ V$

$E^0_{Ca^+/Ca} = -2.87\ V$ $\quad E^0_{Cu^+/Cu} = +0.34\ V$

विद्युत रासायनिक श्रेणी में $Cu$, $H$ के नीचे आता है इसलिये जल से हाइड्रोजन को विस्थापित करने मे सक्षम नहीं है।

**289.** (d) $3Cu + 8HNO_3 \rightarrow 3Cu(NO_3)_2 + 2NO + 4H_2O$

**291.** (c) $Cu + O_2 + CO_2 + H_2O \rightarrow Cu(OH)_2.CuCO_3$

**292.** (d) ऑरफॉर्ड प्रक्रम $\rightarrow$ ऑरफॉर्ड तल से $Ni$ के विद्युतीय शोधन के दौरान $Pt$ धातु गोल्ड एवं सिल्वर के साथ एनोड कीचड़ की तरह एकत्रित होती है और सान्द्र रूप में होती है जिसे बाद में धातु पृथक्करण के लिये क्रियान्वित करते हैं।

**294.** (b) $AgBr$ को फोटोग्राफी में प्रयुक्त करते हैं क्योंकि यह प्रकाश सुग्राही होता है।

**296.** (b) $4AgCl + 2Na_2CO_3 \rightarrow 4Ag + 4NaCl + 2CO_2 + O_2$

**297.** (d) $2AgNO_3 + K_2CrO_4 \rightarrow \underset{\text{(लाल)}}{Ag_2CrO_4} + 2KNO_3$

**298.** (c) $3Ag + \underset{\text{तनु}}{4HNO_3} \xrightarrow{\text{गर्म}} 3AgNO_3 + NO + 2H_2O$

**299.** (d) $AgCl + 2NH_3 \rightarrow [Ag(NH_3)_2]Cl$ (घुलनशील संकुल)

**301.** (b) $AgBr$ प्रकाश के प्रति अत्यधिक सुग्राही होता है और प्रकाश रासायनिक अपचयन में जाता है।

$2AgBr \xrightarrow{\text{प्रकाश}} 2Ag + Br_2$

**302.** (a) $NaNO_3$ शुद्ध रूप से आयनिक होता है जबकि $AgCl$ सहसंयोजी होता है अन्य यौगिक $AgCl$ के साथ अभिक्रिया करते हैं।

$2AgCl + Na_2CO_3 \rightarrow 2Ag + 2NaCl + CO_2 + \frac{1}{2}O_2$

$AgCl + 2Na_2CO_3 \rightarrow Na_2[Ag(S_2O_3)_2] + NaCl$

$AgCl + 2NH_4OH \rightarrow [Ag(NH_3)_2Cl] + 2H_2O$

**304.** (a) अति तनु विलयन का उपयोग आँखों की सफाई एवं दंत पूर्तिरोधी के रूप में होता है।

**305.** (a) $2AgNO_3 \rightarrow 2Ag + 2NO_2 + O_2$

**306.** (a) $2AgNO_3 \xrightarrow{PH_3} 2Ag + 2NO_2 + O_2$

**307.** (b) $2Ag + 2H_2SO_4 \rightarrow Ag_2SO_4 + SO_2 + 2H_2O$

**308.** (c) $Ag$ लवण तीव्र गर्म करने पर $Ag$ बनाते हैं।

**309.** (a) सिल्वर धातु को सायनाइड प्रक्रम द्वारा अर्जेन्टाइट अयस्क $(Ag_2S)$ से निष्कासित करते हैं जिसमें अयस्क को सोडियम सायनाइड विलयन के साथ अभिकृत करते हैं जिससे डाईसायनोअर्जेन्टेट (I) $[2Na\{Ag(CN)_2\}]$ निर्मित होता है

**310.** (b) जब कॉपर की पट्टी को सिल्वर नाइट्रेट के विलयन में डुबाते हैं तो विलयन नीला हो जाता है। विद्युत रासायनिक श्रेणी में $Cu$ को $Ag$ के ऊपर रखा गया है।

$2AgNO_3 + Cu \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2Ag$

**311.** (d) $ZnO + 2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2O$

**312.** (d) $Zn + 2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2$

$2Al + 2NaOH \rightarrow 2NaAlO_2$

**314.** (d) सफेद ठोस घुलकर नीला विलयन बनाता है।

$CuSO_4 + H_2SO_4$ (तनु) $\rightarrow \underset{\text{नीला थोथा}}{CuSO_4.5H_2O}$

**317.** (c) $ZnSO_4 + 2NaHCO_3 \rightarrow ZnCO_3 + Na_2SO_4 + H_2O + CO_2$

**318.** (b) $Zn + 2NaOH \xrightarrow{\text{गर्म}} Na_2ZnO_2 + H_2$

**319.** (d) $ZnO + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2O$

$ZnO + 2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2O$

**320.** (c) अति तनु $HNO_3 \rightarrow$ अमोनियम नाइट्रेट बनता है।

$4Zn + 10HNO_3 \rightarrow 4Zn(NO_3)_2 + NH_4NO_3 + 3H_2O$

**321.** (d) $Zn_{30} \rightarrow 3d^{10}$, $4S^2$

$Zn^{+2} \rightarrow 3d^{10}$

| ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ | ↑↓ |
|---|---|---|---|---|

कोई अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं

**323.** (d) सोडियम टेट्राबोरेट डेकाहाइड्रेट $(Na_2B_4O_7.10H_2O)$

**324.** (a) $Zn$ ठण्डे जल के साथ क्रिया नहीं करता किन्तु यह गर्म जल के साथ क्रिया कर $H_2$ देता है।

$Zn + H_2O \xrightarrow{\text{उबलना}} ZnO + H_2$

$Zn + H_2SO_4$ (तनु) $\rightarrow ZnSO_4 + H_2$

$Zn + 2HCl$ (तनु) $\rightarrow ZnCl_2 + H_2$

$Zn + \underset{20\%}{2NaOH} \xrightarrow{\text{गर्म}} Na_2ZnO_2 + H_2$

**325.** (b) $Zn + 2HCl \rightarrow ZnCl_2 + H_2$

$Zn + 2NaOH \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2$

**327.** (a) यौगिक $ZnFe_2O_4$ एक सामान्य स्पिनेल यौगिक है।

**328.** (a) $ZnO + BaO \xrightarrow{1100^oC} BaZnO_2$

**329.** (b) $4Zn + 10HNO_3 \rightarrow 4Z(NO_3)_2 + NH_4NO_3 + 3H_2O$

**330.** (d) लैड का उपयोग विकिरण कवच बनाने मे होता है।

**331.** (b) $Ag_2S + 4NaCN \rightarrow 2Na[Ag(CN)_2] + Na_2S$

$2Na[Ag(CN)_2] + Zn \rightarrow Na_2[Zn(CN)_4] + 2Ag$

**333.** (d) मैक आर्थर फॉरेस्ट विधि में सिल्वर को सोडियम अर्जेन्टोसायनाइड विलयन से $Zn$ के उपयोग द्वारा निष्कर्षित किया जाता है।

$2Na[Ag(CN)_2] + Zn \longrightarrow Na_2[Zn(Cn)_4] + 2Ag\downarrow$

**338.** (d) $Ag_2S + 4NaCN \rightarrow 2Na[Ag(CN)_2] + Na_2S$

$2Na[Ag(CN)_2] + Zn \rightarrow Na_2[Zn(CN)_4] + 2Ag$

**342.** (c) स्वअपचयन

$2Cu_2S + 3O_2 \rightarrow 2Cu_2O + 2SO_2$

$Cu_2S + 2Cu_2O \rightarrow 6Cu + SO_2$

**345.** (c) $\underset{\text{अशुद्धि}}{FeO} + \underset{\text{गालक}}{SiO_2} \rightarrow \underset{\text{धातुमल}}{FeSiO_3}$

**346.** (c) पार्क प्रक्रम को अर्जेन्टीफैरस लैड से सिल्वर के निष्कर्षण में प्रयुक्त करते हैं।

**347.** (c) $2Cu_2S + 3O_2 \rightarrow 2Cu_2O + 2SO_2\uparrow$

**348.** (d) कॉपर के धातुकर्म में बेसेमरीकरण शामिल है। बेसेमरीकरण परिवर्तक में फैरिक ऑक्साइड की अशुद्धियाँ सिलिका के साथ धातुमल बनाती हैं और कॉपर ऑक्साइड अपचयित होकर फफोलेदार ताँबा देता है।

$FeO + SiO_2 \longrightarrow \underset{\text{धातुमल}}{FeSiO_3}$

$Cu_2S + Cu_2O \longrightarrow 6Cu\downarrow + SO_2\uparrow$

**349.** (c) बेसेमर परिवर्तक को पिग लोहे के शोधन में प्रयुक्त करते हैं जिसमें धातुमल निर्माण के लिये बेसेमर परिवर्तक में संपीड़ित वायु को पिग लोहे पर प्रवाहित किया जाता है और पिग लोहे को शोधित किया जाता है।

$2Mn + O_2 \longrightarrow 2MnO$ ; $Si + O_2 \longrightarrow SiO_2$

$2C + O_2 \longrightarrow 2CO$ ; $MnO + SiO_2 \longrightarrow \underset{\text{धातुमल}}{MnSiO_3}$

**353.** (d) 1% अशुद्ध कॉपर

**358.** (c) इनमें से कोई नहीं चूँकि गोल्ड एक उत्कृष्ट धातु है और सामान्य अम्ल इस पर कोई क्रिया नहीं करते यदि उन्हें अकेले प्रयुक्त किया जाये।

**359.** (a) कॉपर के अपचयन के कारण

$Zn + CuSO_4 \rightarrow Cu + ZnSO_4$

**360.** (a) $Cu^{++}$. का अपचयन

$Fe + CuSO_4 \rightarrow FeSO_4 + Cu$

## Critical Thinking Questions

**1.** (c) संक्रमण धातु जिनकी ऑक्सीकरण संख्या कम होती है ऑक्सीकारक प्रवृत्ति प्रदर्शित करती हैं क्योंकि इनमें इलेक्ट्रॉन खोने की अधिक प्रवृत्ति होती है।

**2.** (b) $Cr^{2+}$ एवं $Fe^{2+}$

$Cr^{2+} - 3d^4$ 4 अयुग्मित इलेक्ट्रॉन

$Fe^{2+} - 3d^6$ 4 अयुग्मित इलेक्ट्रॉन

**3.** (d) विलेयता क्रम है :

$AgF > AgCl > AgBr > AgI > Ag_2S$

**4.** (d) विभिन्न आयनों में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या निम्न तरह से है

$Mg^{2+} \rightarrow 1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^0 = 0$

$Ti^{3+} \rightarrow 1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^6 3d^1, 4s^0 = 1$

$V^{3+} \rightarrow 1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2 3p^6 3d^2, 4s^0 = 2$

$Fe^{2+} \rightarrow 1s^2, 2s^2 sp^6, 3s^2 3p^6 3d^6, 4s^0 = 4$

**5.** (a) प्रथम संक्रमण श्रेणी के कुछ द्विसंयोजी धातु आयनों के लिये ऑक्सीजन अथवा नाइट्रोजन से दानित लिगेण्डों के साथ स्थायित्व स्थिरांक का परिमाण इस क्रम में बढ़ता है,

$Mn^{2+} < Fe^{2+} < Co^{2+} < Ni^{2+} < Cu^{2+} < Zn^{2+}$

**6.** (c) प्रबल ऑक्सीकारक जैसे $PbO_2$ अथवा सोडियम बिस्मुथेट $(NaBiO_3)$ $Mn^{2+}$ को $MnO_4^-$ अथवा $Mn^{7+}$ में ऑक्सीकृत कर देते हैं।

**7.** (c) दिया गया है $n = 4$ $x = 5$

इसलिये $\underset{3s^2}{(4-1)s^2}\ \underset{3p^6}{(4-1)p^6}\ \underset{3d^5}{(4-1)d^5}\ \underset{4s^2}{4s^2}$

कुल इलेक्ट्रॉन = 2 + 6 + 5 + 2 = 15

1 + 2 कक्ष में इलेक्ट्रॉन = 2 + 8 = 10

कुल इलेक्ट्रॉन = 10 + 15 = 25

इलेक्ट्रॉन की संख्या = प्रोटॉन की संख्या

इसलिये कुल प्रोटॉन = 25

**8.** (b) आयरन भाप को हाइड्रोजन में अपघटित करता है जब भाप को लाल तप्त गर्म आयरन पर प्रवाहित किया जाये

$2Fe + 3H_2O \rightarrow Fe_2O_3 + 3H_2\uparrow$

**9.** (d) $CoCl_3 - Co^{+3} - 3d^6 4s^0$

4 अयुग्मित इलेक्ट्रॉन है इसलिये यह रंगीन होगा।

**10.** (a) लैन्थेनाइड संकुचन के कारण क्रम होगा,

$Yb^{+3} < Pm^{3+} < Ce^{+3} < La^{3+}$

**11.** (d) इस अभिक्रिया में

$\underset{1}{MnO_4^-} + 5\underset{5}{Fe^{2+}} + 8H^+ \rightarrow Mn^{2+} + 5Fe^{3+} + 4H_2O$

$Fe^{2+}$ की पाँच गुना मात्रा खर्च होती है।

इसलिये $FeSO_4$ का 5 गुना 50 *ml* के समतुल्य होगा।

**12.** (abc) $I_2$ की जल के साथ हाइड्रोजन बन्धन की कम क्षमता के कारण $HgI_2$ जल में कम विलेय है।

**13.** (c) $\frac{\text{संक्रमण तत्व} + \text{अन्तः संक्रमण तत्व}}{\text{कुल तत्व}} \times 100$

$\frac{33 + 28}{105} \times 100 = 58.09 \approx 60\%$

**14.** (a) सभी धातु कार्बोनिल द्विचुम्बकीय हैं सायनाइड संकुल भी द्विचुम्बकीय है।

**15.** (c) 22 कैरट सोना, कॉपर एवं स्वर्ण की मिश्र धातु है।

**16.** (b) $Fe^{3+}$ में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या है इसलिये यह अधिक अनुचुम्बकीय होगा।

**17.** (d) $Cl^-$ में *p*-इलेक्ट्रॉन ($Cl$ का परमाणु क्रमांक = 17)

$Cl^- \rightarrow 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6$

$Fe^{2+} \rightarrow 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^6$

$Fe^{2+}$ में $de^-$ की कुल संख्या $= 6$ जो $Cl^-$ में $pe^-$ = 12 के बराबर नहीं है।

**18.** (a) आवर्त सारिणी के आवर्त में ऑक्साइड का भास्मिक गुण बायें से दायीं ओर चलने पर घटता है।

**19.** (b) $CuSO_4.5H_2O$ क्योंकि इसमें केवल एक अयुग्मित इलेक्ट्रॉन है।

**20.** (c) नाइट्रोप्रुसाइड आयन $[Fe(CN)_5 NO]^{2-}$ में $Fe^{2+}$ एवं $NO^+$ के अस्तित्व को ठोस यौगिक के चुम्बकीय आघूर्ण मापन द्वारा स्थापित किया जा सकता है जो $(Fe^{2+} = 3d^6)$ चार अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों के संगत होना चाहिये।

**21.** (c) $V^{4+} \rightarrow 3d^1 4s^0$

1 अयुग्मित इलेक्ट्रॉन इसलिये यह अनुचुम्बकीय एवं रंगीन यौगिक है।

**22.** (a) $\underset{3M}{3MnO_4^-} + 5(Fe^{2+} + \underset{5M}{C_2O_4^{2-}}) + 24H^+ \rightarrow$

$$3Mn^2 + 5Fe^{3+} + 10CO_2 + 12H_2O$$

इस तरह $FeC_2O_4$ के $5M$ $KMnO_4$ के $3M$ द्वारा ऑक्सीकृत होते हैं और फिर $FeC_2O_4$ का $1M$ $KMnO_4$ के 3/5 मोल द्वारा ऑक्सीकृत होता है।

**23.** (b) $2MnO_4^- + 16H^+ + C_2O_4^{--} \rightarrow 2Mn^{+2} + 2CO_2 + 8H_2O$

**24.** (b) $ScCl_3 \rightarrow Sc^{+3} + 3Cl^-$

| | $3s^2$ | $3p^6$ | | | $3d^0$ | | | | | $4s^0$ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $Sc^{+3}$ | ⇅ | ⇅ | ⇅ | ⇅ | | | | | | |

कोई भी अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं होता इसलिये द्विचुम्बकीय गुण प्रदर्शित करेगा और प्रतिकर्षित होगा, इसलिये कम भार होगा।

**25.** (a) $(Ar)\,3s^1 + 3 = Ti$, इसका तात्पर्य $M^{3+}$ आयन $Ti^{3+}$ आयन बनाता है।

**26.** (b) $V = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^3 4s^2$

$Cr = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^5 4s^1$

$Mn = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^5 4s^2$

$Fe = 1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3d^6 4s^2$

द्वितीय आयनन एन्थैल्पी में $Cr^+$ में अर्द्ध भरे $d$-उपकोश होते हैं।

## Assertion and Reason

**2.** (b) $Zn^{2+}$ द्विचुम्बकीय है क्योंकि इसमें कोई अयुग्मित इलेक्ट्रॉन नहीं है।

**3.** (c) प्रक्कथन सही है किन्तु कारण गलत है वास्तव में $ns^2$ एवं $(n-1)d$ इलेक्ट्रॉनों के बीच अत्यन्त कम अन्तर होने के कारण संक्रमण धातुएँ परिवर्ती संयोजकता प्रदर्शित करती हैं।

**4.** (e) $FeCl_3$ का जलीय विलयन अम्लीय प्रकृति का होता है क्योंकि $FeCl_3$ जल में जलअपघटित होकर अम्लीय आयन उत्पन्न करता है

$FeCl_3 + 3H_2O \rightarrow Fe(OH)_3 + 3HCl$

इसलिये प्रक्कथन गलत है किन्तु कारण सही है।

**5.** (a) $AgCl$ को $NH_4OH$ विलयन में मिलाने पर वह उसमें घुलकर संकुल डाईएमीन सिल्वर क्लोराइड बनाता है।

$AgCl + 2NH_4OH \rightarrow Ag(NH_2)_2Cl + 2H_2O$

इसलिये प्रक्कथन एवं कारण दोनो सही हैं एवं कारण प्रक्कथन का सही स्पष्टीकरण है।

**6.** (c) शुद्ध लोहे को औजार एवं मशीन बनाने के लिये प्रयुक्त नहीं करते क्योंकि यह मृदु होता है, इसलिये इस उद्देश्य के लिये प्रयुक्त नहीं हो सकता। प्रक्कथन सही है किन्तु कारण गलत है।

**7.** (a) जल में $Na_2CrO_4$ का विलयन गहरे रंग का होता है क्योंकि $Na_2CrO_4$ में क्रोमियम की ऑक्सीकरण अवस्था +6 है। यहाँ प्रक्कथन एवं कारण दोनों सही हैं।

**8.** (d) अप्रदूषित वायु, जल एवं वायवीय अनॉक्सीकारक अम्लों में कॉपर नगण्य दर से संक्षारित होता है। शुद्ध कॉपर एवं अधिक कॉपर युक्त मिश्र धातुओं को अत्यधिक संक्षारक वातावरण में समान प्रतिरोध दर्शाते हुए विचारित कर सकते हैं। ये वायुमण्डलीय पर्यावरण में अतिउच्च प्रतिरोध उत्पन्न करते हैं संक्षारण स्वतः प्रक्रम है जिसके लिये मुक्त ऊर्जा परिवर्तन ऋणात्मक होना चाहिये।

**9.** (c) ${}_{24}Cr \rightarrow [Ar]\,3d^4\,4s^2 \quad Cr \rightarrow [Ar]\,3d^5\,4s^1$

पूर्ण भरे $s$-कक्षक का अधिक स्थायित्व होता है।

**10.** (a) $Fe$ का परमाणु क्रमांक 26 होता है।

इसलिये इसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $[Ar]\,3d^6\,4s^2$. है।

$Fe^{2+}$ का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $[Ar]\,3d^6$. है।

| $3d$ | | | | | $4s$ |
|---|---|---|---|---|---|
| ⇅ | ↿ | ↿ | ↿ | ↿ | |

इसमें चार अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं और यह अनुचुम्बकीय है।

**11.** (b) अधिक पृष्ठ सतह एवं परिवर्ती संयोजकताओं के कारण संक्रमण धातुएँ अच्छे उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होती है जिसमें ये आसानी से मध्यवर्ती अवशोषित संकुल बनाती हैं।

**12.** (c) जंग लगने में अवशोषित ऑक्सीजन का $OH^-$ आयन में अपचयन तथा आयरन का $Fe^{2+}$ आयन में ऑक्सीकरण शामिल है। दोनों आयन संयोजित होकर $Fe(OH)_2$ बनाते हैं जो ऑक्सीकृत होकर $Fe_2O_3.nH_2O$ (जंग) देता है। अम्ल की उपस्थिति शुद्ध आयरन के फैरस आयन में वियोजन के लिए मदद करती है जबकि विद्युत अपघट्य चालकता बढ़ाता है और सेल क्रिया में सहायता करता है।

**13.** (b) $AgBr$ प्रकाश अपचयन के लिये सबसे अधिक सुग्राही सिल्वर हैलाइड है। इसलिये फोटोग्राफिक फिल्म में यह प्रकाश सुग्राही पदार्थ की तरह प्रयुक्त होता है। अपरिवर्तित $AgBr$ फोटोग्राफिक प्लेट पर प्रतिबिम्ब छवि लाने के लिये हाइपो विलयन में घुल जाता है। $2AgBr \xrightarrow{h\nu} 2Ag + Br_2$

**14.** (a) टंग्स्टन उच्च गलनांक की धातु है और इसका तन्तु विद्युत धारा के प्रवाह पर बहुत अच्छा प्रकाश देता है।

**17.** (b) चुम्बकीय आघूर्ण उस तथ्य की अपेक्षा कम होता है जिसमें एक्टिनाइड के $5f$ इलेक्ट्रॉन कम प्रभावी रूप से परिरक्षित होते हैं जिसके परिणाम में कक्षक योगदान की कमी होती है।

**18.** (b) धातु आयन पर जितना अधिक आवेश होता है, उतना ही छोटा आयनिक आकार होता है और उतना ही अधिक संकुल निर्माण इस क्रम में घटता है $M^{4+} > MO_2^{2+} > M^{3+} > MO_2^+$, $MO_2^{2+}$ के संकुल निर्माण की उच्च प्रवृत्ति $MO_2^{2+}$ में धातु परमाणु $M$ पर आवेश के कारण होती है।

**20.** (d) आयरन ऑक्साइड अयस्क से आयरन धातु का निष्कर्षण, कोक एवं गालक (कैल्शियम कार्बोनेट) के साथ अयस्क को गर्म करके कराया जाता है। गालक धातुमल निर्माण करने वाला पदार्थ है यह अगलनीय अशुद्धियों को गलनीय धातुमल में बदल देता है।

अभिक्रिया : $Fe_2O_{3(s)} \rightarrow Fe_{(s)} + 3/2\, O_{2(g)}$ स्वतः प्रक्रम नहीं है $Fe_2O_3$ लगभग $400°C$ पर $FeO$ में बदलता है $FeO$ लगभग $800°C$ – $1000°C$ पर $Fe$ में परिवर्तित होता है।

# *d* एवं *f* –ब्लॉक के तत्व

# SET Self Evaluation Test -19

1. $MnSO_4$ का तुल्यांकी भार उसके अणुभार का आधा होता है, जब वह निम्न में परिवर्तित होता है
   (a) $Mn_2O_3$ (b) $MnO_2$
   (c) $MnO_4^-$ (d) $MnO_4^{2-}$

2. निम्न में से किस यौगिक में क्रोमियम की ऑक्सीकरण अवस्था $+6$ है [CPMT 2003]
   (a) $K_2Cr_2O_7$ (b) $CrCl_3$
   (c) $Cr(SO_4)_3$ (d) इनमें से कोई नहीं

3. निम्न में से कौन-सी धातु परिवर्ती संयोजकता नहीं दिखाती [RPET 2000]
   (a) $Fe$ (b) $Hg$
   (c) $Zn$ (d) $Cu$

4. निम्न में से कौनसी धातु कॉपर सल्फेट के विलयन से क्रिया नहीं करती [CPMT 1974, 80; MH CET 2004]
   (a) $Fe$ (b) $Zn$
   (c) $Mg$ (d) $Ag$

5. किस धातु में ऑक्सीकृत हो जाने की प्रबल प्रवृत्ति होती है [CPMT 1989]
   (a) $Zn$ (b) $Cu$
   (c) $Mg$ (d) $Al$

6. निम्नलिखित में से किसमें अधिकतम अनुचुम्बकीय गुण है
   (a) $Mn$ (II) (b) $Fe$ (II)
   (c) $Co$ (II) (d) $Ni$ (II)

7. अमोनिया लुईस क्षार है। यह धनायन के साथ संकुल बनाती है। निम्न में से कौन-सा धनायन अमोनिया के साथ संकुल नहीं बनाता
   (a) $Ag^+$ (b) $Cu^{++}$
   (c) $Cd^{++}$ (d) $Pb^{++}$

8. निम्न में से कौन रंगहीन संकुल बना सकता है [AMU 2000]
   (a) $Ni^{2+}$ (b) $Cu^+$
   (c) $Ti^{3+}$ (d) $Fe^{3+}$

9. निम्न में से कौन फैरोमैग्नेटिक है
   (a) $Cr$ (b) $Mn$
   (c) $W$ (d) $Co$

10. $Mn$ की सबसे स्थायी ऑक्सीकरण अवस्था होगी
   (a) +2 (b) +4
   (c) +5 (d) +7

11. $Mn^{3+}$ में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या है
   (a) 4 (b) 3
   (c) 2 (d) शून्य

12. $Y^{3-}, La^{3+}, Eu^{3+}$ तथा $Lu^{3+}$ की आयनिक त्रिज्याओं का सही क्रम है [CBSE PMT 2003]
   (a) $La^{3+} < Eu^{3+} < Lu^{3+} < Y^{3+}$
   (b) $Y^{3-} < La^{3+} < Eu^{3+} < Lu^{3+}$
   (c) $Lu^{3+} < Y^{3+} < Eu^{3+} < La^{3+}$
   (d) $Lu^{3+} < Eu^{3+} < La^{3+} < Y^{3+}$
   (परमाणु क्रमांक $Y = 39$, $La = 57$, $Eu = 63$, $Lu = 71$)

13. पोटेशियम डाइक्रोमेट का एक मोल अम्लीय माध्यम में फैरस सल्फेट के कितने मोल का पूर्ण ऑक्सीकरण करता है [MP PET 1997]
   (a) 1 (b) 3
   (c) 5 (d) 6

14. $Cr$ से $Cu$ तक परमाण्विक त्रिज्या लगभग बराबर होती है, कारण
   (a) $Cr$ से $Cu$ तक बढ़ता हुआ नाभिकीय आवेश
   (b) बढ़े हुये इलेक्ट्रॉनों का आपसी प्रतिकर्षण
   (c) बढ़ा हुआ परिरक्षण प्रभाव, बढ़े हुए नाभिकीय आवेश को समाप्त करता है
   (d) ये सभी सही हैं

15. $K_2MnO_4$ और $KMnO_4$ में $Mn$ की ऑक्सीकरण संख्या क्रमशः है [MP PET 1991, 2001]
   (a) + 6 और + 7 (b) + 6 और + 6
   (c) + 7 और + 7 (d) + 7 और + 6

16. जब फॉस्फीन को कॉपर सल्फेट के जलीय घोल में प्रवाहित करते हैं तो प्राप्त होता है
   (a) $Cu(OH)_2$ (b) $Cu_3P_2$
   (c) $[Cu(PH_3)_4]^{2+}$ (d) $[Cu(PH_3)_2]^{2+}$

17. हाइड्रॉक्साइड जो अमोनिया में घुलनशील है [NCERT 1973, 77; MNR 1984; KCET 1992]
   (a) $Al(OH)_3$ (b) $Fe(OH)_3$
   (c) $Cr(OH)_3$ (d) $Cu(OH)_2$

18. निम्न में से कौनसा संक्रमण तत्वों का युग्म सबसे अधिक तथा सबसे कम घनत्व दिखाता है
   (a) $Os$ तथा $Sc$ (b) $Os$ तथा $Pt$
   (c) $Hg$ तथा $Sc$ (d) $Os$ तथा $Ir$

19. जब फैरस अमोनियम सल्फेट का अम्लीय घोल पोटेशियम परमैंग्नेट विलयन के साथ क्रिया करता है तो आयन जो ऑक्सीडाइज (ऑक्सीकृत) हो जाता है, वह है [BHU 1979]
   (a) $MnO_4$ (b) $NH_4^+$
   (c) $Fe^{++}$ (d) $SO_4^{2-}$

# Answers and Solutions

**(SET -19)**

1. (b) $MnSO_4 \xrightarrow{-2e^-} MnO_2$

तुल्यांकी भार

$= \frac{\text{अणु भार}}{\text{प्राप्त किये गये अथवा खोये गये } e^- \text{ की कुल संख्या}} = \frac{M}{2}$

2. (a) $K_2Cr_2O_7$, में $Cr$ की ऑक्सीकरण अवस्था $+6$ है।

3. (c) $Zn$ केवल $+2$ संयोजकता प्रदर्शित करता है।

4. (d) क्योंकि विद्युत रासायनिक श्रेणी में $Ag$ नीचे आता है $Cu$ एवं $Ag$ के मानक इलेक्ट्रोड विभव भी इस तरह हैं:

$Cu^{2+}(aq) + 2e^- \rightarrow Cu(s);[SEP - E^o_{298}\text{ (वोल्ट)} = +0.18]$

$Ag^+(aq) + e^- \rightarrow Ag(s);[SEP - E^o_{298}\text{ (वोल्ट)} = +0.80]$

5. (c) $Mg$ ; क्योंकि इसकी उच्च जलयोजन ऊर्जा होती है।

6. (a) $Mn^{+2} - 3d^5$

$d$- उपकोश में 5 अयुग्मित इलेक्ट्रॉन हैं इसलिये इसका सबसे अधिक अनुचुम्बकत्व है।

7. (d) $Pb^{++}$ क्योंकि इसमें रिक्त $d$-कक्षक नहीं होते और न ही इसका उच्च नाभिकीय आवेश होता और यह संक्रमण श्रेणी का तत्व नहीं है।

8. (b) $Cu^{+1}$ (क्यूप्रस आयन) में $d$ कक्षक पूर्ण भरे होते हैं इसलिये यह रंगहीन संकुल बनायेगा।

9. (d) पदार्थ जो चुम्बकीय क्षेत्र द्वारा प्रबलता से आकर्षित होते हैं और चुम्बकीय क्षेत्र की अनुपस्थिति में भी स्थायी चुम्बकत्व दर्शाते हैं, फैरोचुम्बकीय पदार्थ कहलाते हैं उदाहरण $Co, Fe, Ni$

10. (a)

| | $3d^5$ | | | | | $4s^2$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $Mn$ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑↓ |
| $Mn^{2}$ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑ | |

क्योंकि अर्द्ध भरे कक्षक आंशिक भरे कक्षकों की अपेक्षा अधिक स्थायी होते हैं। इसलिये $+2$ सबसे अधिक स्थायी ऑक्सीकरण अवस्था है।

11. (a)

| | $3d^5$ | | | | | $4s^0$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $Mn^{+3}$ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑ | | |

12. (c) लैन्थेनाइड संकुचन के परिणाम से $Lu^{3+}$ का छोटा आकार होता है, इसलिये

$Lu^{3+} < Y^{3+} < Cu^{3+} < La^{3+}$

13. (d) पोटेशियम डाइक्रोमेट में क्रोमियम की ऑक्सीकरण अवस्था $+6$ है इसलिये अम्लीय माध्यम में यह फैरस सल्फेट के 6 मोलों को ऑक्सीकृत करता है।

14. (c) बढ़ा हुआ परिरक्षण प्रभाव बढ़े हुए नाभिकीय आवेश को उदासीन करता है।

15. (a) $K_2MnO_4$ में $Mn$ की ऑक्सीकरण संख्या

$2 + x - 8 = 0$

$x = 6$

$KMnO_4$ में $Mn$ की ऑक्सीकरण संख्या

$1 + x - 8 = 0$

$x = 7$

16. (b) $3CuSO_4 + 2PH_3 \rightarrow Cu_3P_2 + 3H_2SO_4$

17. (d) संकुल निर्माण के कारण

$Cu(OH)_2 + 4NH_3 \rightarrow [Cu(NH_3)_4](OH)_2$

18. (a) $Os$ एवं $Sc$

$Os = 22.60$ ग्राम / सेमी$^3$

$Sc = 3.01$ ग्राम / सेमी$^3$

19. (c) $Fe^{2+} \xrightarrow{\text{ऑक्सीकरण}} Fe^{3+}$

***